चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-229, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में युद्धविराम की मांग 16

'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर 2

## बाबा तरसेम का हत्यारा मारा गया

संवाददाता, देहरादून



- हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ ने मार गिराया

**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को एसटीएफ टीमों ने हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मार गिराया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में अमरजीत का साथी भागने में सफल रहा। मौके से 32 बोर एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन खोखे व मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने मंगलवार दोपहर कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस ब्रीफिंग कर मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। एसटीएफ को सोमवार देर शाम सूचना मिली कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर्स सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर-कलियर होकर मुरादाबाद जाने वाले हैं। इसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ के उपाधीक्षक आरबी चमोला व कुमाऊं एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने पूरे हरिद्वार जिले में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग शुरू की। रात्रि 12:30 बजे सटीक सूचना मिली कि भगवानपुर थाना क्षेत्र में गागलहेडी की तरफ दो संदिग्ध बदमाश बाइक से आ रहे हैं। चेकिंग प्वाइंट पर बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे जहां कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीमों ने उन्हें घेर लिया। घिर जाने पर बदमाश फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है। जोकि बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गयी है।



## विदेशी नेता भी संभालेंगे भाजपा का चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अमेरिका-ब्रिटेन समेत कई देशों के 15 राजनीतिक दलों की ओर से आई सहमति
- विदेशी वालंटियर्स अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में रहकर भाजपा के लिए वोट भी साधेंगे

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार विदेशों की कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी भारत आ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया, युगांडा के 15 दलों ने आने की सहमति दे दी है। भाजपा इन्हें अपने बड़े नेताओं की सभाओं में ले जाएगी, साथ ही विदेशी वालंटियर्स के जरिए प्रभाव वाले क्षेत्रों में मोदी के लिए वोट भी जुटाएगी।

लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा की विदेश विभाग की टीम ने ब्रिटेन की कंजरवेटिव और लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और द सोशल डेमोक्रेट्स और अमेरिका की डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन जैसी सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। नेपाल की सरकार में शामिल पांचों दलों को भी न्योता भेजा गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया और युगांडा के 15 दलों की तरफ से शामिल होने की सूचना मिल गई है।

भाजपा विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला के मुताबिक ऐसा पहली बार होगा, जब दूसरे देशों के राजनीतिक प्रतिनिधि चुनाव के साक्षी बनेंगे। भारत में किस तरह से चुनाव होता है, इसे जानने के लिए विदेशों में कई राजनीतिक दल इच्छुक हैं। आने वालों में पक्ष और विपक्ष दोनों दल शामिल हैं। भाजपा के प्रचार करने के तरीके दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह की रैलियों में लेकर जाएंगे।

### विदेशी वालंटियर्स भी होंगे चुनाव में सक्रिय

देश के साथ विदेश में भी भाजपा के वालंटियर्स वहां काम करने वाले भारतीयों के घर-घर प्रचार में सक्रिय हैं। अब यह टीम पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान से पहले यहां आकर अपने प्रभाव क्षेत्र में भाजपा के लिए वोट मांगेगी। इसके लिए भाजपा विदेश विभाग ने खास इंतजाम किया है। वालंटियर्स की टीम विदेश से आ रहे कई राजनीतिक दलों के सदस्यों को भी भाजपा के लिए वोट साधने में साथ देने के लिए तैयार करके आ रहे हैं। अमेरिका में इंजीनियर उपेंद्र सिंह और आनंद सिंह ने बताया कि अपने घरवालों को भाजपा के लिए सहेजने का आग्रह किया जा रहा है।

### एक नजर

#### फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सद्दाम गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी कोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को फिर से सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल ईडी ने सद्दाम को पहले ही एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछके लिए रिमांड की अनुमति दी जाए।

#### कोर्ट का आप विधायक अमानतुल्ला को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक आवेदन पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया और कहा कि ईडी की याचिका के मद्देनजर खान को तलब करने के लिए पर्याप्त आधार है।

#### चारधाम यात्रा 10 मई से पंजीकरण शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस बार 10 मई से शुरू हो रही है। नवसंवत्सर पर मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहुर्त घोषित कर दिया गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर 10 मई को खुलेंगे। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथियों की घोषणा पहले ही हो चुकी है। मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहूर्त भी घोषित हो गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पर्व पर 10 मई को 12 :25 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले जाएंगे। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने प्रेस वार्ता में गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के लिए तय मुहूर्त की जानकारी दी। 9 मई को मां गंगा भाग मूर्ति को गंगोत्री के लिए रवाना किया जाएगा।

# 'इंडिया' को आज भी राम मंदिर से नफरत

### प्रधानमंत्री ने पीलीभीत में जनसभा में विपक्ष पर छोड़े सियासी तीर

### मंदिर वालों ने भेजा निमंत्रण, फिर भी ठुकरा कर किया राम का अपमान

### माता यशवंतरी देवी और आदि गंगा गोमती को यादकर जनता को साधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी और आज भी है। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया और कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया तो कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराकर भगवान राम का ही अपमान कर दिया।

पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में इतना जहर भरा है कि जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि क्या कभी ऐसा हिंदुस्तान में हो सकता है कि कोई राम की पूजा करे और उसे पार्टी से निकाल दें। सपा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। नवरात्र पर शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। शक्ति का कोई भी उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले एक वोट जब गलत हाथों में जाता था, तो भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता था। आज एक वोट उन्हीं भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का कार्य करता है। पहले देश में पथराव करने वाली, नौजवानों के रोजगार के साथ खिलवाड़ करने वाली, अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने को विवश करने वाली सरकारें आती थीं, लेकिन अब बदलते हुए भारत की तस्वीर और तकदीर लोग देख रहे हैं। कहा कि पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद एवं बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को अपना आशीर्वाद के रूप में वोट देकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।




जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी साथ में मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

### पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही देता है सफाई

**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत बदल गया है। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट करा देता था, लेकिन आज पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनता से समर्थन मांगा।

### सीएए को लेकर विपक्षियों पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण के दबाव में सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही हैं। हिंदू और सिखों को भारत नागरिकता नहीं देगा तो कौन देगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दल-दल में डूबी कांग्रेस ने घोषणा पत्र भी ऐसा दिया है जो मुस्लिम लीग का लग रहा है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह वोट की ताकत है। वोट से मजबूत सरकार बनी है।

### सिख गुरुओं को नमन कर दिलाई 84 के दंगों की याद

प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं को नमन कर आने वाले वैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से सुनते आए हैं कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...यह बोल भारत की वीर परंपरा के प्रतीक हैं। उन्होंने 84 के दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया, यह कोई भूल नहीं सकता।

## हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

### शराब नीति मामला

- अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका की खारिज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।

### बीआरएस नेता कविता की हिरासत 23 तक बढ़ी

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

### आप को अब शीर्ष अदालत से राहत की उम्मीद

दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी अब्बास को मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कासगंज

- कड़ी सुरक्षा में कासगंज जेल से मंगलवार शाम गाजीपुर रवाना
- पुलिस हिरासत में ही 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल लाया जाएगा

**अमृत विचार :** कासगंज जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी। पिता मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को मौत के बाद भी अब्बास बाहर नहीं आ सका था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य कार्यक्रमों में वह शामिल हो सकेगा।



अब्बास अंसारी की फाइल फोटो।

13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। कासगंज जेल से मंगलवार शाम 7.40 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया।

मुख्तार अंसारी की कब्र पर बुधवार 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ा जाएगा, जिसमें बेटे अब्बास अंसारी को भी अब शामिल होना है। सुप्रीम कोर्ट से मिले आदेश के अनुपालन में कासगंज से गाजीपुर की दूरी को देखते हुए मंगलवार रात ही कासगंज जेल निकाल कर कड़ी सुरक्षा के साथ पुलिस वाहन से अब्बास को गाजीपुर लाया जा रहा है। कोर्ट ने 10 को फातिहा पढ़ने के अलावा 11 और 12 अप्रैल को अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है।

## रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर उच्चतम न्यायालय में बिना शर्त माफी मांगी है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा।

## गर्भगृह में रखी गई सोने की रामायण

- रामनवमी से पहले रामलला को मिला एक और उपहार
- पूर्व आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने किया अर्पित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के जन्मोत्सव के लिए मंगलवार को सोने की रामायण समर्पित की गई। इस पुस्तक में सोने के पन्नों पर पूरी रामायण लिखी गई है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में स्थान दिया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा के समय सेवानिवृत आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने अपने जीवन भर की कमाई रामलला को समर्पित करने का संकल्प लिया था। पांच करोड़ की लागत से 151 किलो की रामचरित मानस को तैयार कराया गया है। जिसमें 10,902 पन्नों के महाकाव्य स्वर्ण जड़ित हैं। रामायण में लगभग 140 किलो तांबा और सात किलो सोना लगा है। सजावट के लिए अन्य धातु का प्रयोग किया गया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि स्वर्ण जड़ित ताम्रपत्र पर लिखी गई रामायण की पुस्तक है। जिसे तमिलनाडु के राम भक्त लक्ष्मी नारायण ने रामलला को समर्पित किया है।



**5** करोड़ रुपये की लागत से की गई तैयार

**7** किलोग्राम स्वर्ण, 140 किलो तांबा का प्रयोग

**151** किलोग्राम है पूरा वजन

**10,902** पेज का महाकाव्य

## बच्ची के दोनों पैर काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर

### तंत्र-मंत्र की आशंका

- रविवार सुबह टॉफी लेने जाते समय लापता हो गई थी अनायजा
- बच्ची के घर से करीब 100 मीटर दूर प्लाट में कट्टे में बंद मिला शव
- पुलिस ने मामले में एक परिवार के 5 लोगों को हिरासत में लिया



**अमृत विचार :** रविवार को लापता हुई तीन वर्षीय बच्ची का शव घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे (बोरे) में बंद मिला। बच्ची के हाथ बंधे थे और दोनों पैर कटे हुए थे। परिजनों ने बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची की मां रफीकन ने आरोप लगाया कि निकट ही घर में परचून की दुकान चलाने वाली महिला तंत्र-मंत्र करती है। अक्सर वहां बच्चों को जाते देखा गया है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं भूखंड में कूड़ा डालने गई थीं। वहां उन्होंने एक कट्टा पड़ा देखा। जिस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। महिलाओं ने यह बात गांव वालों को बताई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कट्टे से शव को निकाला। शव की शिनाख्त लापता हुई दानिश की तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर के रूप में हुई। बच्ची के दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे। दोनों पैर कटे हुए थे और चेहरे पर पॉलीथीन ढंकी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। प्रेम-प्रसंग व तंत्र-मंत्र समेत सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### सर्वेक्षण

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

## धर्म-आस्था के अलावा वनस्पतियों का भी केंद्र बिंदु रहा है नैमिषारण्य

खास

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीतापुर जिले में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक नैमिष आरण्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने सर्वेक्षण किया है, जिसमें क्षेत्र को आस्था और धर्म के साथ पौराणिक काल में भी वनस्पतियों का केंद्र बिंदु होने की पुष्टि हुई है। उत्खनन के दौरान मिली वस्तुओं पर विशेषज्ञों की एक टीम अध्ययन कर और अधिक जानकारी जुटा रही है।

नैमिष क्षेत्र में समय-समय पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वेक्षण करती रहती है। इस बार के सर्वेक्षण में 15 से अधिक तीर्थों के अलावा 50 से अधिक छोटे- बड़े मंदिरों को जोड़ा गया। पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी तिवारी के निर्देशन में कराए गए सर्वेक्षण में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव और डॉ. अरविंद त्रिपाठी शामिल रहे। सभी ने मिलकर दो माह तक लगातार खोज कार्य किया। आठ स्थानों पर हुए उत्खनन के दौरान मृदभांड और मूर्तियां प्राप्त हुईं। खोज में कुषाण काल और द्वितीय कालखंड के अलावा मध्यकाल की सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इससे स्पष्ट हुआ है कि यह क्षेत्र वास्तव में धर्म और आस्था का प्राचीनतम केंद्र रहा ही है।

### उत्खनन में मिले प्राचीन काल के खिलौने

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जब उत्खनन कराया तो उसमें कई प्रकार के बर्तन, औजार, शाकाहारी खाद्य पदार्थ, दीवार और फर्श एवं प्राचीनकाल के खिलौने के नमूने प्राप्त हुए। ये सभी नमूने अभी विशेषज्ञों की टीम के द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं।





अरविंद त्रिपाठी



दुर्गेश श्रीवास्तव

### इन तीर्थ पर अध्ययन

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जिन तीर्थ पर अध्ययन किया, उसमें चक्र तीर्थ, मनु - शतरूपा तपस्थली, देव देवेश्वर, मिश्रिख तीर्थ, सेतु बंधु रामेश्वर, शूल भेद, दशाश्वमेध घाट और काशी कुंड शामिल है। पुरातत्व विभाग की टीम के इस सर्वे से यह तो स्पष्ट हो गया कि नैमिषारण्य क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे से ही बस्ती का उद्गम शुरू हुआ। अनुमान लगाया गया कि यहीं से लोगों ने इस अरण्य में बसेरा बनाना शुरू किया और आज यह क्षेत्र एक सनातन सभ्यता और संस्कृति के रूप में विश्वविख्यात है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 05 | 191 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 05 | 186 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | −0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −1.370 |

## खेल डायरी

### पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू शृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

### तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जायेगी। शृंखला का पहला मैच क्राइस्ट चर्च में खेला जायेगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट शृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की शृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।

### जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

### भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

**टोरंटो।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3−0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6−1, 6−3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2−1 से जीता।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

**जयपुर, एजेंसी**

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।


शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

## महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

# नितीश के अर्धशतक से पंजाब किंग्स को 183 रनों का लक्ष्य

### पंजाब किंग्स के अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके, सैम करेन और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट



अर्शदीप सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया है।

मंगलवार को महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में एडेन मार्करम बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। नितीश ने 37 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 64 रनों की पारी खेली। वहीं अब्दुल समद 12 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 25 रन बनाये। भुवनेश्वर कुमार छह रन बनाकर आउट हुये। शाहबाज अहमद 14 रन और जयदेव उनादकट ने आखिरी गेंद पर छक्का उड़ाते हुए हैदराबाद का स्कोर 20 ओवरों में नौ विकेट पर 182 रन पहुंचा दिया। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले। कसिगो रबाड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### सनराइजर्स हैदराबाद : 182/9

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का धवन बो अर्शदीप | 21 |
| अभिषेक का शशांक बो करन | 16 |
| मार्करम का जितेश बो अर्शदीप | 00 |
| नितीश का रबाडा बो अर्शदीप | 64 |
| राहुल को जितेश बो पटेल | 11 |
| क्लासेन का करन बो पटेल | 09 |
| समद का पटेल बो अर्शदीप | 25 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 14 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 03 |
| भुवनेश्वर का बेयरस्टो बो करन | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 06 |

**गेंदबाजी :** कागिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करेन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बरार 4-0-48-0



नितीश कुमार रेड्डी

### मयंक को कम से कम एक सप्ताह का आराम

**लखनऊ।** पेट दर्द की समस्या से ग्रसित लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज़ गेंदबाज़ मयंक यादव को टीम प्रबंधन ने कम से कम एक सप्ताह का आराम दिया है। एलएसजी ने एक बयान जारी कर कहा " मयंक के पेट के निचले हिस्से में सूजन है। एहतियात के तौर पर हम अगले सप्ताह तक उनका वर्कलोड मैनेज कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही मैदान पर देखेंगे।" गौरतलब है कि लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में मयंक पेट दर्द के कारण अपना पूरा स्पेल नहीं फेंक सके थे। लखनऊ ने यह मैच गुजरात से आसानी से जीत लिया था। मयंक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एलएसजी के साथ पदार्पण किया था और अपनी रफ्तार से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। क्रिकेट के दिग्गज उन्हें भारतीय टीम में लेने की सलाह दे रहे हैं मगर उन्हें फिटनेस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

**लाहौर, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की शृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस शृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

**पाकिस्तानी टीम**

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

## हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस शृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

# ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।



पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

# बॉलीवुड हलचल

## 'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर


**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवरा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।



10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग

## 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां में' अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।



## अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने भी उसके लिए अपनी स्वीकृति दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0-**UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।

# नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री की जय-जयकार, मांगी मनौतियां

## कलश स्थापना के साथ मंदिरों व घरों में हुआ पूजन, पूरे दिन पहुंचते रहे भक्त

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** नवरात्र के पहले दिन मंदिरों और घरों में कलश स्थापना कर आदिशक्ति मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में पूरे दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी। शाम के समय भजन-कीर्तन हुए।

चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हो गए हैं। अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर, रूरा के पाथामाई मंदिर, राजपुर के माता मुक्तेश्वरी मंदिर, जैनपुर के कालीमाता मंदिर सहित प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह मां दुर्गा का दूध, दही, घी से स्नान कराया गया। इसके बाद माता को नए वस्त्र धारण कराकर उनका सोलह श्रंगार हुआ। कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री का पूजन-अर्चन किया गया।

अकबरपुर क्षेत्र के पतारी निवासी आचार्य प्रियंक दीक्षित ने बताया कि मां दुर्गा का प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री है। मां का यह रूप दसों दिशाओं में अपने भक्तों की रक्षा करता है। मां श्रद्धालुओं के सभी मनोरथ पूरा करती हैं। उधर, नवरात्र को देखते हुए मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे। रसूलाबाद के प्रसिद्ध धर्मगढ़ बाबा शिव मंदिर स्थित मां दुर्गा की श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी।

कहिंजरी बड़ागांव स्थित मां काली मंदिर, असालतगंज स्थित मंगलामुखी काली मंदिर में भी मनचाही मुराद के लिए पूजन अर्चन व संकल्प किया गया। वहीं शिवली क्षेत्र स्थित अथैया देवी मंदिर, मानसिला मंदिर, पंथा माता, क्षमा माता मंदिर जागेश्वर, मैथा के सुम्बहा देवी, ज्योति की बगला माता, बैरी की सचुला माता, केशरीनिवादा की गगनी देवी मंदिरों में शाम तक माता के जयकारे गूंजते रहे। उधर, राजपुर के शीतला माता मंदिर में पहले दिन भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी। शाम के समय घरों में महिलाओं ने पूजा के बाद भजन कीर्तन किया। वहीं, नवमी के दिन भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।



राजपुर के शीतला माता मंदिर में की गई आकर्षक सजावट।



नवरात्र के पहले दिन मंदिर में पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### शीतला माता मंदिर में भक्तों ने किया पूजन

**राजपुर।** चैत्र नवरात्र पर राजपुर स्थित आस्था का केंद्र शीतला माता मंदिर को जगमगाती लाइटों से सजाया गया। पहले दिन मां दुर्गा के माता शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। मान्यता है कि मां शैलपुत्री को हिमालय की पुत्री माना जाता है। इससे पूर्व उनका जन्म राजा दक्ष की पुत्री सती के रूप में हुआ था। जिनका विवाह भगवान शिव से हुआ था। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार राजा दक्ष ने महायज्ञ का आयोजन किया और उसमें सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिया। जब देवी सती को इसके बारे में पता चला तो वह अपने पिता के घर बगैर निमंत्रण के ही पहुंच गई। जहां महादेव के प्रति अपमान महसूस होने पर उन्होंने स्वयं को महायज्ञ में जलाकर भस्म कर लिया। जब यह बात भगवान शिव को पता चली तो उन्होंने यज्ञ को ध्वंस कर दिया और देवी सती को कंधे पर लेकर तीनों लोको में विचरण करने लगे। इसपर भगवान विष्णु ने शिवजी के मोह को दूर करने के लिए सती के शरीर को अपने सुदर्शन चक्र से काटकर 51 भागों में विभक्त कर दिया। मान्यता है कि माता सती के टुकड़े जहां-जहां पर गिरे। वे सभी शक्तिपीठ कहलाए।



पूजन के लिए मां मुक्तेश्वरी मंदिर में भक्तों की लगी कतार।



मां मुक्तेश्वरी मंदिर में चढ़ावे के लिए प्रसाद खरीदतीं महिलाएं।

# मां मुक्तेश्वरी के दर्शन को लगी कतारें

**मूसानगर।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन मूसानगर यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्धपीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। दूर दराज से दर्शन करने के लिए आए श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खड़े रहकर माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री के रूप में दर्शन किए।

श्री माता मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर में सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद कर ली गईं हैं। मंदिर समिति की ओर से पूरे दिन प्रसाद वितरण किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी अशोक द्विवेदी ने बताया कि मंदिर का इतिहास लगभग पांच हजार वर्ष पुराना है। माता अपने भक्तों को दिन में तीन स्वरुपों में दर्शन देती हैं। मुक्तेश्वरी देवी के दर्शन के बाद भक्त यमुना की ओर विराजमान हनुमानजी के मंदिर में माथा टेकते हैं। समिति के उपाध्यक्ष बउआ शुक्ला, कोषाध्यक्ष गयाराम निषाद, हुब्बलाल पाल, अवधेश, महेश, रमेश, नितिन आदि व्यवस्था में लगे रहे।



मां मुक्तेश्वरी का सजा दरबार।

### भैरव नाथ दरबार से निकली शोभा यात्रा

- **संदलपुर।** हिंदू नव वर्ष पर कौरू फरहतपुर गांव में भैरव नाथ दरबार में माता रानी के विशाल जागरण आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली और श्रीराम के जयकारे लगाए। मंगलवार को भैरव नाथ दरबार से शोभा यात्रा का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के विकास व विधानसभा विस्तारक रवि कुशवाहा ने किया। यात्रा कौरू फरहतपुर गांव से होते हुए संदलपुर रोड से ब्लॉक में भ्रमण करते हुए वापस स्थान पर पहुंची। इस दौरान लोगों ने भगवा ध्वज के साथ भगवा पट्टा धारण कर रखा था। भैरव नाथ दरबार में यात्रा वापस पहुंची और कलश स्थापना की गई।




हिंदू नव वर्ष पर कौरू फरहतपुर में निकाली जाती शोभायात्रा। अमृत विचार

## एक नजर

### महिला के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के भटौली के रहने वाले एक युवक ने अपनी 45 वर्षीय बहन के लापता होने की तहरीर थाने में दी है। भटौली निवासी अनुज कश्यप ने पुलिस को बताया कि होली पर उसकी बहन राधा अपने मायके गांव आई हुई थी। बीते सोमवार की सुबह वह बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन घर वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश जा रही है।

### क्लीनर से मारपीट व अपशब्द में केस दर्ज

**पुखरायां।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के मावर मजार के पास ट्रक चालक ने एक अनुसूचित जाति के क्लीनर को कटीले तार से मारपीट कर घायल कर दिया और वह जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रूरा थाना क्षेत्र के कारी गांव निवासी अनिकेत उर्फ विकास ने पुलिस को बताया कि वह कैरियर पुरवा थाना रूरा निवासी अनुज कुशवाहा के साथ ट्रक में क्लीनर का काम करता है। करीब दो महीने तक अनुज ने अपने साथ काम कराया। जब उसने मावार मजार के पास पैसा मांगा तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अंजन सिंह ने बताया कि मामले में एससी/एसटी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बिना लाइसेंस चल रहा अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

**पुखरायां।** कस्बे के एक नर्सिंग होम में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने पहुंचे डिप्टी सीएमओ डॉ. आईएच खान व तहसीलदार सुनील कुमार को लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं मिला। जिसपर उन्होंने अल्ट्रासाउंड सेंटर कक्ष व मशीन को सीज कर दिया। सीजर नोट तैयार कर सील मशीन संचालक पक्ष के सुपुर्द कर दी गई है। इसके बाद टीम भोगनीपुर तहसील के अन्य अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर निरीक्षण करने पहुंची, लेकिन कार्रवाई की भनक लगते ही अधिकांश सेंटरों पर ताला लटक गया।

# सेंगर रिसॉर्ट में रुकेंगी रोडवेज बसें

संवाददाता रनियां

**अमृत विचार।** नगर पंचायत व आसपास के दर्जनों गांव में रहने वाले हजारों लोगों को अब आवागमन में सुविधा मिलेगी। क्योंकि परिवहन निगम की बसों का ठहराव रनियां के सेंगर रिसोर्ट में सुनिश्चित हुआ है। महाप्रबंधक लखनऊ रोडवेज ने इस बावत पत्र जारी किया है। बुधवार को विधिविधान से हवन-पूजन कर बसों का ठहराव शुरू होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ के प्रधान प्रबंधक संचालन अशोक कुमार द्वारा 12 मार्च को जारी पत्र के अनुसार कानपुर क्षेत्र के अंतर्गत झांसी-कानपुर मार्ग पर साधारण बसों के ठहराव के लिए रनियां स्थित सेंगर रिसॉर्ट यात्री प्लाजा को संचालित कराए जाने का प्रस्ताव किया गया था। इस पर क्षेत्रीय समिति ने साधारण बसों के ठहराव के लिए विसायकपुर रनियां स्थित सेंगर रिसॉर्ट के प्रस्तावक अलियापुर निवासी शैलेश तिवारी उर्फ अंशु तिवारी को यात्री प्लाजा संचालित करने के लिए उपयुक्त पाया।

इसी क्रम में सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है। यात्री प्लाजा संचालन के लिए शैलेश तिवारी को पत्र के माध्यम से अवगत भी करा दिया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम कानपुर अनिल कुमार ने बताया कि आवेदनकर्ता के पत्र पर सर्वे करने के बाद झांसी-कानपुर रूट की बसों के ठहराव के लिए यात्री प्लाजा की अनुमति का पत्र प्राप्त हुआ है। अब बसों के रुकने की तिथि आवेदनकर्ता को तय करनी है। वहीं आवेदक शैलेश तिवारी उर्फ अंशु तिवारी ने बताया कि नवरात्र के दूसरे दिन यात्री प्लाजा का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक सहित जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों को आमंत्रित किया गया है।




रनियां के सेंगर रिसॉर्ट में यात्री प्लाजा का लगा बोर्ड। अमृत विचार

- झांसी-कानपुर रूट पर यात्री प्लाजा संचालन की शासन से मिली अनुमति

इस बार हाईटेक चुनाव | लोकसभा चुनाव में इस बार आयोग कई एपों का कर रहा उपयोग

# एक क्लिक पर लें चुनावी जानकारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** आज के आधुनिक दौर में इंटरनेट का प्रयोग काफी तेजी के साथ बढ़ा है। इस बार लोकसभा चुनाव काफी हाईटेक हो गया है। इस बार चुनाव आयोग कई एपों का उपयोग क्षेत्र पर नजर रखने के साथ-साथ प्रत्याशियों व वोटरों की सुविधा के लिए कर रहा है। इन एप के उपयोग से प्रत्याशियों के साथ-साथ मतदाताओं को भी घर बैठे ही एक क्लिक पर काफी मदद मिलेगी और वह सारी जानकारी भरने के साथ ही अन्य जानकारियां प्राप्त कर सकते है।

जिन्हें प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। कुछ एप इस प्रकार से उपयोग में लाए जा सकते हैं।



### सी-विजिल एप

- इस एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र में चुनाव से संबंधित शिकायत, आचार संहिता उल्लंघन, उल्लंघन संबंधित ऑडियो व वीडियो भी सीधे अपलोड कर सकते हैं। एप की आयोग की ओर से तत्काल मॉनिटरिंग की जाती है। शिकायत मिलने के साथ तत्काल टीम जाकर कार्रवाई करती है। इसके बाद जांच कर सौ मिनट में कार्रवाई होगी। इसमें आयोग को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने में मदद मिलेगी।

### वोटर हेल्पलाइन एप

- इसके उपयोग से मतदाता सूची में अपना नाम देखने के साथ-साथ अगर मतदाता सूची में आपका नाम कटा है तो अपना नाम शामिल कराने के लिए तत्काल ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। साथ घर बैठे ही अपने मतदान केंद्र की जानकारी भी मिल जाएगी। इसके साथ मतदान वाले दिन इसी एप से अपनी वोटर स्लिप को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

### वोटर टर्न आउट एप

- इस एप के माध्यम से मतदान वाले दिन पूरा अपडेट हर दो घंटे बाद मिलता रहेगा। लोग अपने स्थानीय मतदान केंद्रों पर हर दो घंटे में कितने प्रतिशत मतदान हो गया। इसकी जानकारी इस एप पर मिल सकेगी।

### इनकोर एप

- इस एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति लोकसभा सीट से कुल कितने लोगों ने आवेदन किया। कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। कौन किस राजनैतिक दल से हैं या फिर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे हैं।

# नदारद रहे दो सफाई कर्मियों को जारी होंगे नोटिस

**संदलपुर।** विकासखंड संदलपुर के गांवों में सफाई कराकर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। वहीं सफाई कार्य से नदारद रहे दो कर्मियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को संदलपुर ब्लाक के मोहम्मदपुर सुल्तानपुर गांव में साफ-सफाई अभियान चलाया गया और नालियों में दवा का छिड़काव किया गया। ग्राम प्रधान राजेश कटियार ने बताया कि जिन सफाई कर्मियों की गांव में ड्यूटी लगाई गई है। उनमें से दो सफाई कर्मी कभी भी रोस्टर पर या तो आते ही नहीं है या फिर समय से नहीं पहुंचते। इस बावत ब्लाक अधिकारियों को सूचना दी गई है। इस दौरान अखिलेश कुमार, अमुरूल, नीरज कुमार उपस्थित रहे। बीडीओ देवेंद्र वर्मा ने बताया कि रोस्टर में नदारद रहे सफाई कर्मियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
NO ADMISSION FEE
& Special Scholarship for Girls
आवासीय व दैनिक विद्यालय
Aff. No. 2130302
SAINT VIVEKANAND SR. SEC. PUBLIC SCHOOL
A Residential cum Day Scholar, CBSE Affiliated, Co-educational Public School
।। तमसो मा ज्योतिर्गमय ।।
A PREMIER RESIDENTIAL CUM DAY SCHOOL
सर्वश्रेष्ठ परिणाम और अनुशासन ही हमारी प्रतिबद्धता
CLASS 12TH (AISSCE) TOPPERS
OUR NEET AND IIT SELECTED STUDENTS
CLASS 10TH (AISSE) TOPPERS
SMGI
Dr. Vivek Yadav Chairman
Dr. Anand Director-Principal
Alampur Hauz, Agra Road, Etawah-206001 (U.P.) Tel.: 865 017 8000 | 865 017 9000
www.stvivekanand.com

# डायरिया और बुखार के मरीजों की अस्पतालों में लग रही भीड़

## गर्मी बढ़ने से बढ़ी समस्या, डॉक्टर बोले-शरीर में पानी की कमी न होने दें लोग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** समय से पहले ही तेज गर्मी पड़ने के साथ ही अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। सर्दी, जुखाम व बुखार के मरीजों के अलावा डायरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। डॉक्टर गंभीर मरीजों को वार्ड में भर्ती करने की सलाह दे रहे हैं। ओपीडी में करीब 875 पर्चे बनाए गए। जबकि वार्ड में करीब एक दर्जन मरीज भर्ती हुए।

शहर से लेकर गांव तक अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। ईएनटी सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ आदि डाक्टरों के कक्ष में मरीजों की भीड़ रही। ओपीडी में पर्चा काउंटर पर भीड़ लगी हुई थी। डॉक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों को काफी इंतजार करना पड़ा। डॉ. रघुनाथ सिंह ने बताया कि गर्मी के चलते लूज मोशन के मरीज बढ़ने लगे हैं। उन्होंने करीब 10 मरीजों को वार्ड में भर्ती कराया है। बताया कि गर्मी में शरीर में पानी की कमी न होने दें।


जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

### इन बातों का रखें ध्यान

- खुले में बिक रहे गन्ने के जूस, कटे फल और मिठाइयों का सेवन न करें
- धूप से आकर लोग एसी में नहीं बैठे और न ही ठंडा पानी पिएं।
- फ्रिज का ज्यादा ठंडा पानी और ठंडे पेय पदार्थ का अभी सेवन न करें
- भोजन में ताजी हरी सब्जियों के साथ सलाद का सेवन ज्यादा करें।
- ऑयली स्पाइसी खाद्य वस्तुओं का सेवन कम करें।

### अल्ट्रासाउंड कक्ष में लगी रही मरीजों की भीड़

जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं कर्मचारियों की मनमानी के चलते बेपटरी हो गई हैं। हालत यह है कि कर्मचारी निर्धारित समय पर अस्पताल तक नहीं पहुंचते हैं। उसी का परिणाम है कि मंगलवार को मरीजों को अल्ट्रासाउंड कक्ष एवं एक्सरे कक्ष के बाहर मरीजों की खासी भीड़ जुटी रही। अपनी बारी का घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं एक्सरे और अल्ट्रासाउंड समेत कई कक्षों में समय से कर्मचारी नहीं दिखे। मरीजों का कहना रहा कि एक तरफ जहां अस्पताल में गर्मी के मौसम के चलते ओपीडी में मरीजों की संख्या का प्रतिदिन इजाफा हो रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्यकर्मी अपनी मनमानी कर रहे हैं। अस्पताल की हालत यह है कि कर्मचारी निर्धारित समय पर में नहीं पहुंचते हैं, जिसके चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# संगठन ने आग से प्रभावित परिवार को पहुंचाई मदद


गांव पहुंच कर पीड़ितों की मदद करते समाजसेवी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** खागा क्षेत्र के दरियापुर गांव में बीते दिनों लगी आग के कारण पांच परिवारों की गृहस्थी खाक हो गई। मंगलवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में समाजसेवी व चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव अग्निपीड़ितों की मदद के लिए दरियापुर पहुंचे।

रामप्रताप निषाद जिनके तीन पुत्र राजकरन, रामकरन, जयकरन जो एक ही मकान में अलग अलग रहते थे। शार्ट सर्किट से लगी आग से इनकी सारी गृहस्थी जल कर राख हो गई और गांव के ही गीता व मैकू का भी आग लगने से नुकसान हुआ। डॉ. अनुराग ने इन सभी के लिए 5 तिरपाल, 5 हाइजीन किट जिसमें 5 नहाने के साबुन, 5 कपड़ा धुलने के साबुन, 5 टूथब्रश, टूथपेस्ट, हेयर आयल, 25 किलो आटा, 15 किलो चावल, 5 किलो अरहर दाल, 1 किलो हल्दी, पिसी धनिया, मिर्च, 5 किलो नमक, 5 किलो सरसों का तेल, 5 किलो भुने चने, 5 किलो सत्तू, 5 किलो गुड़, 2 किलो लाई, 120 पैकेट बिस्कुट, 5 पैकेट ब्रेड, कपड़े इत्यादि प्रदान कर सहायता की गई। साथ ही सभी पीड़ितों को होमियोपैथिक औषधि भी प्रदान की गई। रेडक्रास सोसाइटी के आजीवन सदस्य विवेक कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अभियान की हकीकत जानने को दौड़े अफसर

**फतेहपुर।** बीते एक अप्रैल से जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में रोस्टर, कार्य योजना बनाकर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत ब्लाकवार तैयार की गई कार्ययोजना की हकीकत जानने के लिए अफसरों ने स्थलीय निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सफाई कार्य में लगे कर्मियों को अभियान के तहत झाड़ियों की कटाई, एन्टी लार्वा एवं चूना छिड़काव आदि किए जाने के निर्देश दिए। उपेन्द्र राज सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी ने मंगलवार को साफ-सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करने के कलिए विकास खंड बहुआ की ग्राम पंचायत शाह, करसवां, बंवारा एवं सामियाना पहुंचे। जहां ग्राम पंचायत शाह में सफाई कर्मचारी राजकुमार, वीरेन्द्र, पंकज एवं कमलेश, ग्राम पंचायत करसवां में शिवभोला, सम्पतिया, सुमुख, राजजियावन, छोटेलाल, सतेन्द्र बहादुर, सुनीता देवी, ग्राम पंचायत बवांरा में लक्ष्मीनिधि, अंकुर, मुन्नीलाल, मनोज कुमार एवं सुमन देवी तथा सामियाना ग्राम पंचायत में रामसजीवन, रोशनलाल, अनुराग, रवीकान्त, संगीता एवं हिमांशू, सफाई कर्मचारी नालियों की सफाई एवं झाडियों की कटाई आदि कार्य करते हुए मिले।

**लापरवाही में कई के खिलाफ कार्रवाई :** ग्राम पंचायत करसवां में सफाई कर्मचारी शिव भोला एवं ग्राम पंचायत सामियाना में सफाई कर्मचारी रोशन लाल का सफाई कार्यों में लापरवाही मिलने पर एक दिन का वेतन बाधित कर दिया गया। टीमों के उचित प्रबन्धन एवं सफाई कार्य का अनुश्रवण न किये जाने के सम्बन्ध में राजेश पटेल सहायक विकास अधिकारी बहुआ एवं राज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत बंवारा राघवेन्द्र प्रसाद, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत सामियाना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### सेंध लगाकर जेवर व सामान किया पार

**धाता।** थाना क्षेत्र के एरई गांव में सोमवार की रात ताबड़तोड़ चोरी की घटना से गांव के लोग सहम गए। एरई गांव में ओम प्रकाश निषाद पुत्र राम विरंजन निषाद के घर में पीछे की तरफ दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। ओम प्रकाश ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि हम लोग सो रहे थे, रात में चोरों ने पीछे से दीवार में सेंध लगाकर पत्नी की लगभग 1 लाख के जेवरात व 2500 रुपए नगद चोरी कर ले गए। इसकी जानकारी सुबह हो सकी। घर से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में खाली बक्सा पड़ा मिला। पीड़ित की मानें ता उसने पुलिस के समक्ष इसी रात पांच और घरों में चोरी की घटना होने की बात कही। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ शुरू

**चौडगरा।** चैत्र नवरात्रि के शुरू होते ही देवी मंदिरों मे भक्तों का तांता लग रहा है। भक्त माता रानी की आराधना में लीन हैं। मलवां विकास खंड के छोटी काशी शिवराजपुर के दुर्गा मंदिर में अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ शुरू हुआ। यहां भक्तों ने पूजा अर्चना कर दुर्गा चालीसा पाठ किया। मन्दिर के संत स्वामी सत्यानंद महाराज ने प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़, सोनू अवस्थी, धनीराम पाल, सूरज गौड़, शिवशंकर सिंह, राकेश, काजल, मोनी, संजय आदि मौजूद रहे।

### युवक को सर्प ने डसा

**बिन्दकी।** गेंहू के खेत काटने जाते समय युवक को जहरीला सर्प ने डस लिया। हालत जब बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों ने इलाज के लिये समुदायिक स्वथ्य केंद्र में भर्ती कराया। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोरसम गांव निवासी राजाराम का 32 वर्षीय पुत्र राहुल अपने परिजनों के साथ गेंहू के खेत जा रहा था। तभी रास्ते में जहरीले सर्प ने डस लिया। हालात बिगड़ने पर परिजन निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**बिंदकी।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के कुंवरपुर रोड मंडी समिति के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से राजेश निवासी ग्राम फिरोजपुर घायल हो गया। जिसे स्थानीय डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। ऐसे ही सरकंडी चौकी के समीप कटिलिहा मार्ग में बाइकों की टक्कर में शिवा निवासी खुरमाबाद घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### झोपड़ी में आग लगने से वृद्ध झुलसा

**बिंदकी।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के रणमस्तपुर गांव में 65 वर्षीय रामकुमार अपनी झोपड़ी के अंदर लेटा था। तभी गांव के कुछ बच्चे झोपड़ी के पास घास फूस तथा पेड़ के सूखे पत्तों में आग लग रहे थे। आग बढ़ते हुए झोपड़ी तक पहुंच गई और झोपड़ी जलने लगी। झोपड़ी के अंदर से वृद्ध जान बचाकर भागा तब तक वहीं बुरी तरह से झुलस गया। वृद्ध की पत्नी कलावती देवी ने बताया कि उनको सरकारी अस्पताल में लाया गया है। झोपड़ी में अनाज, कपड़ा व गृहस्थी का सामान भी जलकर राख हो गया है।

### दुर्घटना में युवक की मौत, पत्नी घायल

**शिवली।** अकबरपुर कस्बा के ब्रम्हनगर मोहल्ला निवासी दीपू (22) कपड़े की फेरी लगाता था। रात वह बाइक से पत्नी अन्नू के साथ सुसराल तमशा चौबेपुर जा रहा था। तभी शिवली-रसूलाबाद मार्ग पर एक गैस एजेंसी के समीप डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति घायल हो गए। हैलट में देर रात उसकी मौत हो गई।

# भाजपा सरकार संविधान के साथ कर रही छेड़छाड़ : नरेश उत्तम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार जुमलों की सरकार है। किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। दो करोड़ रोजगार देने का वादा करने वाली मोदी सरकार ने रोजगार देना तो दूर रहा, रोजगार के अवसर ही समाप्त कर दिया। यह बात मंगलवार को देवमई में आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं।

प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार पूंजी पतियों की सरकार है। गरीब गरीब होता जा रहा है और अमीर अमीर होता जा रहा है। उन्होंने हरित क्रांति के नायक रंगनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करने का 2014 के चुनाव में वादा किया था लेकिन दस वर्ष बीत जाने के बाद भी लागू नहीं किया। किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने, किसानों की आय दोगुनी करने को कहा था लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश को अगर महगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से निजात दिलाना है तो भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा सिंह, वरिष्ठ नेता विजय पाल यादव, जंग बहादुर सिंह मखलू, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, चेयरमैन राजकुमार मौर्य, फतेहपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह, पूर्व सांसद डाक्टर अशोक पटेल तथा पूर्व जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।


सपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

# तीन बड़ी घटनाओं में पुलिस करती रही तहरीर का इंतजार

**अमृत विचार फॉलोअप**

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

**अमृत विचार।** मृतक की पत्नी को रुपये देकर पूंजीपति कंपनी मालिक ने अपनी कंपनी बंद होने से बचाया, साथ ही खुद कानूनी कार्यवाही से बचे। मजदूर रामनरेश की मौत के बाद उसकी पत्नी व बच्चों का जीवनयापन करने वाला, कमाकर खिलाने वाला शायद कोई नहीं था, चूंकि रामनरेश की मौत कंपनी में काम करते हुए हुई है तो मुआवजा उसके परिवार को देना कंपनी द्वारा किया गया एहसान नहीं बल्कि दायित्व है। लेकिन अनफिट हाइड्रा चलवाना, मौत के बाद सबूत मिटाना, परिवार को सूचना न देना, शव को ठिकाने लगाने की कोशिश करना, घोर अपराध की श्रेणी के कारनामें हैं। जिस पर कानूनी कार्रवाई बनती है जो नहीं हुई।

**हंगामा न होता तो शायद कुछ न होता:** मृतक के भाई रामकेश ने बताया कि कंपनी मालिक द्वारा मृतक की पत्नी राखी के खाते में 15 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। बदले में कंपनी ने जो भी समझौता पत्र में लिखा सब मान्य किया गया। यदि परिवार तथा गांव के लोग हंगामा न करते तो मुआवजा मिलना मुमकिन नहीं था।

- एक बार फिर पैसा और पहुंच के बल पर बचा पूंजीपति

### पैसा और पहुंच बनाम कानून

एक सप्ताह के अंदर तीन बड़ी घटनाएं, दो की मौत व सिलेंडर फटने से चार घायल हुए। तीनों घटनाओं में प्रथम दृष्टया यह बात उभर कर सामने आई है कि कंपनी के प्रबंधतंत्र ने घटना को छिपाने का प्रयास किया, परिजनों को सूचना नहीं दी। इसके बावजूद न कोई पुलिस को तहरीर न कोई कार्यवाही। कुल मिलाकर पैसा और पहुंच के सामने कानून बौना साबित हुआ।

# गेहूं की 50 बीघा फसल जलकर राख

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के उसरहाखेड़ा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से करीब 50 बीघा गेहूं की खेत खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। आग की लपटों को देखकर आसपास गांव के किसान सहम गए। किसी तरह से आग बुझाने में सफलता पाई। किसान राम सजीवन, अंबिका प्रसाद, अशोक कुमार, जय सिंह, रामनरेश, अनिल, राजरानी, वीरेंद्र, लाल बहादुर, अमर सिंह, रमाकांत, राजेश बाबू, सिद्धनाथ यादव, टिंकू, चंद्रशेखर यादव, राम बहादुर, राजेंद्र प्रसाद, देवी दयाल ,श्याम बहादुर, नरेश यादव आदि की खेतों में गेंहू की पकी फसल जलकर खाक हो गई। आग की सूचना मिलते ही बकेवर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के बावजूद भी दमकल गाड़ी समय से नहीं पहुंच सकी। जब दमकल पहुंची तो नाराज ग्रामीणों ने उसे आग बुझाने नहीं दिया। वहीं गाड़ी के ड्राइवर ने देरी की वजह टायर पंचर हो जाना बताया।

## कानपुर देहात

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कानुपर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कालपी थाना क्षेत्र के ऊसर गांव निवासी यूवराज तिवारी ने बताया कि उसका भाई अभिजीत तिवारी पुत्र शिवचरन तिवारी ( 20 ) पुखरायां कस्बा में कोचिंग करता था।

वह यहां कैसे पहुंचा उसको जानकारी नही है। पुखरायां चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# पुलिस ने प्रेमी युगल की मंदिर में कराई शादी

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** रूरा थाना क्षेत्र के बैजूपुरवा गांव निवासी प्रवीण पाल का तिंगाई की रहने वाली मोंटी से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के परिजन शादी के लिए राजी नहीं हुए। प्रेमी युगल मंगलवार को रूरा थाने पहुंचे और पुलिस कर्मियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया और समझाया-बुझाया। इस पर युवक व युवती के परिजनों ने हामीं भर दी। इसके बाद पुलिस कर्मी बाराती बनें और थाने के बाहर बने मंदिर में प्रेमी युगल की शादी करा दी गई। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि युवक-युवती बालिग थे। दोनों के परिजनों को बुलाकर समझा दिया गया। इसके बाद शादी करा दी गई है।


मंदिर में शादी करते युवक-युवती।

# सीमा पर नकदी की चेकिंग करेंगे अफसर

कर्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराए जाने के लिए एडीएम वित्त की अध्यक्षता में व्यय अनुवीक्षण समिति के सदस्यों की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। इस दौरान उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले व्यय के संबंध में अनुवीक्षण समिति को निर्देश दिए गए।

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्त ने कहा कि आयोग कि दिए गए निर्देशों के अनुरूप ही व्यय अनुवीक्षण संबंधी कार्यों को संपादित किया जाए। इस कार्य में सभी एफएसटी/एसएसटी सहित विभिन्न टीमों का आपस में समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा जनपद में निर्वाचन चतुर्थ एवं पंचम चरण में है। ऐसे में सभी अधिकारी अब बेहद सतर्क होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

बैठक में सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षकों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों हेतु नियुक्त लेखा टीम से परिचय किया गया। एडीएम ने बताया कि जनपद में 16 मार्च से एफएसटी टीमें तैनात हैं। उनकी जिम्मेदारी है कि वह एक स्थान पर स्थिर रह कर जनपद की सीमा पर 50 हजार रुपये से अधिक की धनराशि व कीमती उपहार आदि की नियमित चेकिंग करेंगे। जिसकी नियमित वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दस लाख रुपये से अधिक धनराशि की बरामदगी होने पर आयकर अधिकारियों को भी सम्मिलित कर आय-व्यय का आगरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक एसएसटी टीम के साथ पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

## सार-संक्षेप

### झोलाछाप के इलाज से नवजात की गई जान

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के जोत गांव में झोलाछाप के इलाज से दो माह के नवजात की मौत हो गई। पीड़ित परिजनो ने झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जोत ग्राम निवासी डॉली पत्नी मलखान के 2 माह के बच्चें कार्तिक की तबीयत बिगड़ गई। जिसको गांव के एक झोलाछाप को दिखाया। झोलाछाप द्वारा दवाइयां पिलाते ही बच्चे की हालत गंभीर हो गई। परिजन बच्चे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद लेकर पहुंचे। सीएचसी में डॉक्टर ने बच्चे को देख कर मृत घोषित कर दिया। नवजात की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

**सहायता** भूठा गांव में रविवार को आग से दो बच्चियों की मौत व मां-बेटे के झुलसने का मामला

# नायक समाज ने अग्निकांड पीड़ित की मदद की

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भूठा गांव में रविवार की दोपहर एक घर में संदिग्ध हालत में आग लगने से दो मासूमों की जलकर मौत हो गई थी और मां-बेटा झुलस गए थे। अग्निकांड से पीड़ित की बहन की शादी के लिए रखा सामान भी जल गया था। जिसपर नायक समाज की ओर से झुलसे मां-बेटे के उपचार के लिए आर्थिक सहायता दी गई। साथ ही शादी का पूरा खर्चा उठाने की बात कही गई है।

बता दें कि मंगलपुर थाना क्षेत्र के सिकहला गांव के मजरा भूठा गांव में रविवार दोपहर अचानक घर के छप्पर में संदिग्ध हालत में आग लग गई थी। जिससे महिला व बच्चे फंस गए थे। किसी तरह रीना ने पुत्र गौरव को आग से बाहर निकाला था और शोर मचाया। आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही आग बुझाने का प्रयास किया था।

इसी दौरान रीना आग में फंसी दोनों बेटियों को बाहर निकालने के लिए फिर से घर में चली गई थी। जिसके चलते मां व दोनों बेटियां गंभीर रूप से झुलस गई। लोगों ने चारों को गंभीर हालत में सीएचसी झींझक भेजा था। जहां ईएमओ ने गौरी व अदिती को मृत घोषित कर दिया था। जबकि रीना व उसके पुत्र गौरव का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर कर दिया था।


पीड़ित परिवार से मिलते नायक समाज के लोग। अमृत विचार

- पीड़ित की बहन की शादी का खर्च वहन करने का दिया आश्वासन

अग्निकांड में गृहस्वामी सोनू नायक की बहन प्रीती की आगामी 23 अप्रैल को होने वाली शादी के लिए रखा सामान भी पूरी तरह जलकर राख हो गया था। वहीं मंगलवार को उद्यमीं श्याम मनोहर नायक, चिंटू नायक, संजय नायक, मंगल सिंह आदि पीड़ित के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए आग से झुलसे मां-बेटे का उपचार करने के लिए 31 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। साथ ही सोनू की बहन की होने वाली शादी में खर्च का पूरा जिम्मा उठाने का आश्वासन दिया। वहीं घटना के तीसरे दिन भी सुरक्षा के लिए गांव में पुलिस बल तैनात रहा।

# शिक्षक पर एफआईआर होने का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बीएसए से मिले राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी

**अमृत विचार।** अमरौधा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय अटवा के शिक्षक मनोज गुप्ता पर दर्ज एफआईआर के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला कार्यकारिणी ने कार्यालय पहुंचकर बीएसए से मुलाकात की।

मंगलवार को संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला ने बीएसए को बताया कि यह घटना पूरी तरह से मनगढ़ंत है। चोरी के प्रकरण को तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत करते हुए अभिभावक द्वारा शिक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस प्रकार की घटना से शिक्षकों का मनोबल गिरता है। शासन की विभिन्न योजनाओं को अपने विद्यार्थियों तक पहुंचाने, अभिभावकों को नामांकन कराने, बच्चों की दैनिक उपस्थिति, डीबीटी के पहुंचे हुए धन का सदुपयोग करते हुए बच्चों को ड्रेस, जूते, बैग और स्टेशनरी दिलाने में शिक्षकों की बहुत सारी ऊर्जा लग जाती है। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। उस पर अभिभावकों द्वारा इस तरह प्राथमिकी दर्ज करने का संगठन पुरजोर विरोध करता है।

जिला संगठन मंत्री अनंत त्रिवेदी ने बीएसए से प्रकरण में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए शीघ्र निस्तारण का अनुरोध किया। उपाध्यक्ष संत कुमार दीक्षित, अजय कुमार गुप्ता, ज्योत्सना गुप्ता, महामंत्री सुनील कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, मंत्री विवेक पाल, मीडिया प्रभारी नौशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# चैत्र नवरात्रः मां शैलपुत्री को रिझाया

## शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरू, देवी मंदिरों में सुबह से हुई पूजा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शक्ति की आराधना का पर्व वासंतिक (चैत्र नवरात्र) मंगलवार से साथ शुरू हो गए। तिथि के अनुसार माता का आगमन व गमन अलग-अलग वाहनों पर होता है। नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना लोगों ने अपने-अपने मुहूर्त के अनुसार की। प्रथम दिन माता शैल पुत्री की पूजा अर्चना मंदिरों के साथ घरों में भी की गई। पहले दिन से ही लोगों ने नौ दिन के व्रत भी शुरू किए। नवरात्र के दूसरे दिन माता ब्रहमचारिणी की पूजा अर्चना श्रद्धालु करेंगे।

भक्तों ने देवी मइया की आराधना की। सुबह से ही मंदिरों से लेकर घरों तक में पूजा अर्चना का दौर शुरू हुआ। पहले दिन श्रद्धालुओं ने माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की और माता को गाय का शुद्ध घी अर्पित करने के साथ आरोग्यता का आर्शीवाद प्राप्त किया। माता का यह स्वरूप पार्वती का है, पर्वतराज की पुत्री होने के कारण वह शैलपुत्री के नाम से ख्याति पाए हुए हैं। सिद्ध शक्ति पीठ माता दुर्गा मंदिर पर भोर की बेला से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। पूरे दिन माता के जयघोष गुंजायमान होते रहे।


दुर्गा मंदिर में पहले दिन भक्तों ने की पूजा-अर्चना। अमृत विचार

### रात से ही मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु

चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा होने लगी। सोमवार की रात से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे और माता की आराधना शुरू कर दी। रात से ही मंदिरों में घंटा और शंख ध्वनि से माहौल में भक्ति की धारा बहने लगी। वहीं पंडितों ने बताया कि नवरात्र के दिनों में सप्तशती चालीसा आदि के पाठ करना सर्वोत्तम होता है। शहर के दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, कालिका मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों को सजाया गया है। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें साल की दोनों नवरात्र का बेसब्री से इंतजार रहता है। माता उनकी सभी मुरादें पूरी करती हैं।

### जयकारों से वातावरण हो गया भक्तिमय

जहानाबाद कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां जगदंबे के दरबार मंठ तमाम भक्त पहुंचे। पूजा-अर्चना कर माता रानी के चरणों मे माथा टेका। प्राचीन सिद्धिपीठ मां अंबिका देवी मंदिर, अष्टभुजी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला देवी मंदिर, कालिका देवी आदि देवी मंदिरों में भक्तों का आवागमन रहा।

### फल-फूल के बढ़े दाम

नवरात्र में लोग उपवास रखते हैं। इसमें फलाहार किया जाता है। ऐसे में आम दिनों के मुकाबले फलों की बिक्री कई गुना अधिक बढ़ जाती है। फलों की मांग बढ़ने के कारण उनके दाम भी बढ़ जाते हैं। यहीं नहीं फल के अलावा फूल, नारियल व माता की चुनरी भी महंगी हो गई है। फल विक्रेता ने बताया कि नवरात्र पर फलों की मांग बढ़ जाती है। फलों की बढ़ती मांग को देखते हुए कीमतों में उछाल आया है।

# पालिका ने नहीं लगवाए प्याऊ

**फतेहपुर।** अप्रैल का महीना चल रहा है और गर्मी जून का एहसास करा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ के इंतजाम न होने से लोग परेशान हो रहे हैं। शहर के ज्वालागंज बस स्टाप, बिंदकी बस स्टाप, जिला अस्पताल के आसपास, रेलवे स्टेशन, पत्थरकटा चौराहा, पटेलनगर, शादीपुर, वर्मा चौराहा, देवीगंज आदि इलाकों में सार्वजनिक रूप से पेयजल की व्यवस्था के कोई इंतजाम नहीं है।

हालत यह है कि अभी तक पालिका प्रशासन ने लोगों को पेयजल के इंतजाम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। मंगलवार को ज्वालागंज बस स्टाप के पास कई यात्री प्यास से बेहाल दिखे। होटल में जब पानी मांगने पहुंचे तो दुकानदार ने झिड़क दिया। यात्रियों ने पानी खरीद कर गला तर किया। यह तो सिर्फ उदाहरण है गर्मी के मौसम में नगर पालिका द्वारा प्याऊ न खोलने और हैंडपंप व स्टैंड पोस्टों को ठीक न कराए जाने से लोग प्यास से परेशान नजर आ रहे हैं।

# ईद के लिए बाजारों में खरीदारी तेज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- नहीं दिखा चांद, कल मनाई जाएगी ईद
- कपड़ों के साथ सेवई-सूतफेनी की मांग बढ़ी

**अमृत विचार।** रमजान माह बुधवार को समाप्त हो जाएगा। मंगलवार को चांद नहीं दिखा ऐसे में अब गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। त्योहार के लिए बाजार सज गए हैं। लोगों ने दुकानों में पहुंचकर जरूरी सामान की खरीदारी भी तेज कर दी है। लोग नए कपड़ों के साथ ही सेवइयों व सतूफेनी की खरीद कर रहे हैं।

ईद के त्योहार को लेकर लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इसके चलते लोग त्योहार की तैयरियों में जुट गए हैं। शहर स्थित ईदगाह के साथ ही ग्रामीणांचलों की ईदगाह में होने वाली नमाज के लिए व्यवस्थाएं चाक चौबंद कराने की कवायद हो रही है। बाजारों में पहुंचकर लोग घरों में सेवईं, सूतफेनी के साथ लजीज बिरयानी, कवाब आदि बनाने के लिए जरूरी सामान, मसालों और काजू, किशमिस, बादाम, पिस्ता, पोश्तादाना, ताल मखाना,केसर, नारियल, चिरौंजी, छुहारा, तेल मसाले आदि सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। खरीदारों की भीड़ बढ़ने से जहां बाजारों की रौनक बढ़ गई है, वहीं दुकानदार खुश नजर आ रहे हैं।


ईद पर्व के लिए बाजार में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### टोपी-कुर्तों की हुई खूब खरीद

ईद के लिए जहां बच्चों के लिए रेडीमेड कपड़ों की मांग हो रही है। वहीं युवा रेडीमेड कपड़ों की खरीदारी पर जोर दे रहे हैं। बाजारों में लोग कपड़ों की दुकानों पर पहुंचकर मन पसंद कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। जबकि परंपरागत के साथ ही स्टाइलिस्ट कुर्तों व टोपियों की खरीद की भी धूम रही। वहीं महिलाओं ने भी बाजार में पहुंचकर मनपसंद सूट खरीद रही हैं। वहीं अधिकांश रोजेदार रेडीमेड कपड़ों की जगह कुर्ता-पायजामा सिलवाना पसंद करते हैं। इसके चलते टेलर्स की दुकानों में कारीगर दिन-रात काम करने में जुटे हुए हैं।

# गेहूं क्रय केंद्रों का सचिव ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम की मौजूदगी में कई किसानों से की बातचीत
- केंद्र प्रभारियों को किसानों को परेशान न करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** एक मार्च से खोले गए गेहूं क्रय केंद्रों की हकीकत जानने के लिए मंगलवार को सचिव, उपभोक्ता मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय नई दिल्ली संजीव चोपड़ा का जिला भ्रमण हुआ। उन्होंने तहसील खागा के नवीन मंडी में खाद्य विभाग की विपणन शाखा के संचालित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया।

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश के साथ निरीक्षण के समय जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने क्रय प्रक्रिया एवं खरीद संबंधी व्यवस्थाओं से सचिव को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी प्रयागराज संभाग, उप जिलाधिकारी तहसील खागा तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी आदि उपस्थित रहे। सचिव खागा मंडी में उपस्थित किसानों राजाबली, संतोष कुमार, छोटू परिहार आदि से सीधे वार्ता की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकाधिक संख्या मे किसानों से क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय किए जाने के लिए प्रेरित करें। निर्धारित क्रय लक्ष्य के अनुरुप गेहूं खरीद की जाए।


गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते सचिव, डीएम व अन्य। अमृत विचार

# इन नंबरों पर चुनाव संबंधी जानकारी लें

**फतेहपुर।** लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हैं। मंगलवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी, नोडल, कंट्रोल रूम त्र्क्षान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जन सामान्य के माध्यम से प्राप्त विभिन्न प्रकार के सुझाव एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए विधान सभावार कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिनका प्रयोग करके शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा जहानाबाद के लिए 5180-299251, विधानसभा बिंदकी के लिए- 05180-299252, विधानसभा सदर के लिए-05180-299253, विधानसभा अयाह शाह के लिए 05180-299254,विधानसभा हुसैनगंज के लिए 05180-299255 एवं विधानसभा खागा के लिए 05180-299256 नम्बरों का प्रयोग किया जा सकता है।

# तेज धूप बढ़ा रही तपिश, 38 डिग्री पर पारा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अप्रैल माह में ही गर्मी के प्रचंड रूप से लोगों का बदन झुलसने लगा है। बीते कई दिनों से बढ़ते तापमान से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। मंगलवार को भी अधिकतम तापमान लगभग 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म हवाओं एवं तेज धूप से बचने के लिए लोग शरीर ढक कर ही बाहर निकले। राहगीरों को जहां भी पेड़ की छांव मिली सुस्ताना नहीं भूले। हालांकि बीच-बीच में बादल आ जाने से कुछ राहत मिलती रही।

सुबह सूरज निकलने के कुछ ही देर बाद से गर्मी असर दिखाने लगी। सुबह के दस बजते बजते ही गर्म हवाओं ने भी दस्तक दे दी। बदन को झुलसाने वाली हवाओं से बचने के लिए लोग घरों में ही दुबके रहे। जरूरी कामों के लिए लोग सिर में अंगौछा और पूरे शरीर को कपड़े से ढक कर ही निकले। आसमान में बादल भी आते जाते रहे। मौसम के रुख को देखते हुए किसानों में एक बार फिर परेशान होते नजर आए। यदि बारिश हुई तो गेहूं व अन्य फसलें बर्बाद हो जाएंगी।


धूप से बचने को सिर पर कपड़ा डालकर निकलतीं युवतियां। अमृत विचार

“तापमान इतनी जल्दी बढ़ने का सीधा असर सब्जियों पर पड़ेगा। खासकर टमाटर, मिर्च, बैगन, भिंडी पर तेजी से माइका नामक बीमारियां लगेगी। इससे बचाव के लिए खेतों को नम रखने के साथ नीम आयल का छिड़काव किया जा सकता है।

–बृजेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी।

### क्या बोले लोग

“लगातार बढ़ रहे तापमान से फसलों पर भी इसके दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। तेज गर्मी पड़ने से पैदावार पर बुरा असर पड़ेगा। रवी की फसल के लिए सर्दी तो अच्छी रही जिससे किसानों में खासकर गेहूं उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद लगाए थे। वहीं बीमारियां बढ़ने का भी खतरा है।

–शिरोमणि यादव, बुजुर्ग।

दिन प्रतिदिन बढ़ रहे वायु प्रदुषण के कारण ओजोन की परत घटती जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ऐसा देखने को मिल रहा है। वहीं दिनों दिन जंगल भी कम होने के कारण मौसम में समय से पहले ही तेजी से तब्दीली आ रही है। इससे बचने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

–विनय कुमार, युवा।

दशकों से इस प्रकार गर्मी अप्रैल में नहीं पड़ी। इस बार की गर्मी अभी से मई, जून का एहसास करा रही है। इससे गेहूं की फसल भी जल्दी सूख चुकी है, जिससे गेहूं पतला होने की संभावनाएं बन रही हैं।

–विशम्भर प्रसाद, किसान

अप्रैल के शुरुआती दौर में इस प्रकार की गर्मी नहीं पड़ी। इसके पीछे दिनों दिन पेड़ों की कटान से जंगलों के समाप्त होना भी एक बड़ा कारण है। समय से पूर्व बढ़ता तापमान हर क्षेत्र में बुरा प्रभाव ही डालता है।”

–ऋषभ दीक्षित, छात्र

# पुलिस चौकी के अंदर चले लात-घूंसे, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बस और कार की टक्कर होने के बाद दोनों पक्ष पुलिस चौकी पहुंच गए। वहां भी दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर लात-घूंस चलने लगे। हास्यास्पद यह रहा कि पुलिस मामले में मूकदर्शक बनी देखती रही। मारपीट में दो लोग घायल हो गए जिन्हे अस्पताल ले जाया गया है।

मामला जाफरगंज थाना इलाके की सरकंडी पुलिस चौकी का है। थाना क्षेत्र के रहने वाले नीरज सिंह अपनी कार से बिंदकी जा रहे थे। मंडराव गांव के पास निजी काम के कारण कार को रोड किनारे खड़ी कर दी। तभी बिंदकी की तरफ से आ रही बस ने खड़ी कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। जिसकी शिकायत सरकंडी पुलिस चौकी करने पहुंचे पीड़ित नीरज और उसका छोटा भाई कोमल के साथ बस मालिक सोनू अवस्थी, राजेश अवस्थी, दिवाकर अवस्थी व एक अन्य लोगों के बीच विवाद होने के बाद मारपीट शुरू हो गई।

बताया गया कि बस मालिक सहित चार लोगों ने पुलिस चौकी के अंदर पीड़ित और उसके छोटे भाई की लात घूसों से जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने उन्हें कोठरी में बंद किया। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया।


दोनों पक्षों में चौकी में हो रही मारपीट का वायरल वीडियो। वीडियो ग्रैब

# नवनिर्मित सड़क की जांच की मांग

**फतेहपुर।** शहर के राधानगर-अंदौली मार्ग में कई खामियां बताते हुए ग्रामीणों ने जांच की मांग की है। मंगलवार को एक शिकायती पत्र प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सौंपा।

ग्रामीण रामराज मौर्य, सुरेश चन्द्र, नीरज कुमार, अशोक कुमार, जगदीश प्रसाद समेत एक दर्जन से अधिक लोग मंगलवार को पीडब्लूडी कार्यालय पहुंचे। जहां प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता को सम्बोधित मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि राधानगर से अंदौली मार्ग जल्दबाजी में बना दिया गया है। सड़क किनारे नाली निर्माण न होने से जलभराव होता है। आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि इस मार्ग से दिन-रात वाहनों का आवागमन होता है। मार्ग व्यवस्थित न होने के कारण जाम की भी समस्या रहती है। ग्रामीणों ने मांग किया कि मार्ग की जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

# दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

संवाददाता, फतेहपुर

- जिला अस्पताल में भर्ती कर किया जा रहा इलाज
- गंभीर हालत में एक को कानपुर रेफर किया गया

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

रायबरेली जनपद के थाना सरैनी गांव निसगर निवासी स्व. विशंभर का 50 वर्षीय पुत्र जय कुमार बाइक से कानपुर किसी काम से गया था। वापस लौटते समय जब वह कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बक्सर रोड पर पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पलनहा गांव निवासी अमरनाथ का 41 वर्षीय पुत्र मनीष बाइक से शहर आ रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया।




उधर, असोथर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी राम कुमार का 36 वर्षीय पुत्र बबलू बाइक से खागा आ रहा था। तभी मल्हीपुर के समीप सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह घायल हो गया। गाजीपुर कस्बा निवासी महादेव का 24 वर्षीय पुत्र ईश्वर चंद्र बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह इंद्रो पुल के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई जिससे वह घायल हो गया।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर गांव निवासी सुरेश का 25 वर्षीय पुत्र राजेश गल्ला मंडी में मजदूरी करता था। देर रात अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर खागा कोतवाली क्षेत्र के पुरइन गांव निवासी जोधीलाल का 57 वर्षीय पुत्र मोतीलाल अपने नाती अंकुश पुत्र किशन 10 वर्ष निवासी महरूपुर थाना कोखराज जनपद कौशांबी के साथ ई-रिक्शा से रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी पुरइन के समीप आटो की टक्कर लग जाने से ई-रिक्शा पलट गया। जिससे नाना-नाती घायल हो गए। सरकारी एंबुलंस ने सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जय कुमार की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

**धाता।** नगर पंचायत में बिजली कटौती की समस्या बरकरार है। लगातार बिजली कटौती होने से किसान व कस्बे की जनता परेशान रहती है। कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत के बावजूद आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हो रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। 24 घंटे में महज 10 घंटे भी सुचारु रूप से बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है।

### भट्ठा मजदूर ने जहर खाकर दी जान

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के भूप का पुरवा मजरे पलिया बुजुर्ग गांव निवासी राम सजीवन का पुत्र बृजलाल अपनी पत्नी सूरजकली, पुत्री राधा के साथ चंदीपुर स्थित ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व पत्नी गेहूं काटने के लिए गांव वापस चली गई थी। साथ में उसकी पुत्री राधा थी। देर शाम बृजलाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। लोगों को लगी तो तत्काल उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी उपचार दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेला गांव के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 22 वर्षीय बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। थाना क्षेत्र के चौहट्टा गांव निवासी शिवभवन का पुत्र लवकुश सोमवार की शाम बाइक से अपनी बहन की ससुराल हथगाम थाना क्षेत्र के अस्तूपुर जा रहा था। बेला गांव के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

लोकसभा चुनाव | लोगों में छलका टूटी सड़कें और महंगाई का दर्द

# विकास कराने वाला हो हमारा सांसद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा का मतदान 20 मई को होना है। जैसे-जैसे मतदान का समय नजदीक आता जा रहा है। लोकसभा के चुनाव में अपनी भागीदारी को लेकर लोग इस बार काफी उत्सुक दिख रहे हैं। खासकर युवा मतदाताओं ने क्षेत्र का विकास करने के साथ ही जन समस्याओं को प्रमुखता से हल करने में सक्षम प्रत्याशी को ही सांसद बनाने की बात कही।

उन्होंने रोजगार के साथ ही सुरक्षा का भी मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। साथ ही कहा कि महंगाई और फसलों को उचित मूल्य दिलाने को लेकर पुरजोर आवाज उठाने वाला सांसद चाहिए। इसके अलावा शहर की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होनी चाहिए। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

राजनैतिक पण्डितों की माने तो सपा प्रत्याशी उतारने में कोई जोखिम नहीं ले रही। जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं को भितरघात से जूझना पड़े। युवा मतदाताओं में लोकसभा के चुनाव में अपनी भागीदारी को लेकर लोग इस बार काफी उत्सुक दिख रहे हैं। जब नागरिकों की नब्ज टटोली गई तो कहा कि जिले व क्षेत्र का विकास करने के साथ ही जन समस्याओं को प्रमुखता से हल करने में सक्षम प्रत्याशी के पक्ष में ही वोट किया जाएगा। रोजगार के साथ ही सुरक्षा का भी मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। इसके अलावा शहर की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होनी चाहिए। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### क्या बोले युवा


सारे काम छोड़कर पहले मतदान करने जाएंगे। सही जनप्रतिनिधि को चुनेंगे, जो क्षेत्र की टूटी सड़कों के बारे में सोंचे और जन समस्याओं का निदान करें।

–श्रवण कुमार


क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। युवाओं के भविष्य को सोचने वाले प्रत्याशी को ही चुनेंगे। सांसद ऐसा होना चाहिए जो चहुंओर विकास कार्य कराए।

–अंकित गुप्ता

# सेंध लगाकर दुकान से कपड़े और नकदी पार

संवाददाता, थरियांव फतेहपुर

**अमृत विचार।** कपड़े की दुकान से समान समेत नकदी की चोरी हो गई। दुकानदार सुबह जब दुकान आया और अंदर समान बिखरा हुआ पाया तो उसके होश उड़ गए। दीवार में सेंध भी कटा हुआ था।

थरियांव थाना क्षेत्र के मुराव गांव निवासी दुर्गेश मौर्या पुत्र शिवकरन मौर्य गांव के बाहर बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक के बगल में कपड़े की दुकान चलाता है। रोजाना की तरह वह रात में दुकान बंद कर के घर चला गया। सुबह जब आया और दुकान खोल कर देखा तो समान बिखरा हुआ पड़ा था। दीवार में एक बड़ा सा सेंध भी कटा हुआ था

पीड़ित दुकानदार ने बताया कि दो दिनों की बिक्री का पैसा काउंटर के गोल्लक में रखा था। सोमवार को समान लेने फतेहपुर जाना था। कुछ दुकान का सामान खत्म हो गया था। उसे लेने सुबह जाना था। लेकिन उसके पहले ही पूरा 15000 हजार रुपये चोरी हो गया है। बताया की 40 हजार रूपये के कीमती कपड़े चोर चोरी कर ले गए हैं। चोरी की सूचना मिलते ही थाने से

एसआई अवधेशराम पटेल और कांस्टेबल अभिजीत यादव मौके पर पहुंचे। एसएसआई विनोद कुमार ने बताया सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।


चोरी के बाद दुकान में बिखरा सामान।

# आवासहीनों व दिव्यांगों को कब मिलेंगे आवास

**औंग फतेहपुर।** विकास खंड मलवां की ग्राम पंचायत औंग में आवासहीन गरीबों व दिव्यांगो की संख्या करीब 70 के आसपास है। पांच वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन जरूरतमंदों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। एक सैकड़ा से अधिक लोग किराए पर रहने को मजबूर हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल गुप्ता ने कहा है कि यदि ग्राम पंचायत औंग को प्रधानमंत्री आवास न दिए गए तो पहले ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन होगा। यदि यहां पर बात न बनी तो आवासहीन व किराए में रहने वालों को साथ लेकर जिला मुख्यालय में धरना दिया जाएगा। वहीं ग्राम प्रधान ममता शुक्ला ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद डीएम से करीब 100 पीएम आवास आवंटन की मांग की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **विकास यादव पुत्र लाल जी, निवासी–142, ग्राम–मिश्रपुर, पोस्ट–गुडम्बा, कुर्सी रोड, लखनऊ** (उ0प्र0)–226026, मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या–UP32A20089003969 में त्रुटिवश मेरा नाम Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav दर्ज हैं जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji है। यह कि उपरोक्त दोनों नाम विकास यादव Vikas Yadav / Vikas Kuamr व पिता का नाम Lal Ji/ L.J. Yadav एक ही पिता/पुत्र के नाम हैं। अत: मेरे ड्राईविग लाईसेंस नं0– UP32A20089003969 में Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav के स्थान पर वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji दर्ज किया जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1778918 वर्ष 2014 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **बबीता यादव पुत्री बैजनाथ यादव, निवासिनी– ग्राम–खरगापुर रानी बाजार, आयोध्या।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम यादव प्रद्युम्मन कुमार पुत्र रामहरख से बदलकर प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव, निवासी– ग्राम– मठिया उर्फ अटकहा, पोस्ट फरदहा, थाना कप्तानगंज, तहसील हाटा, जिला कुशीनगर**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष–2018 अनुक्रमांक 2320645 अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **प्रीती मौर्या पुत्री सूर्यलाल, निवासी– ग्राम– हररैया माथेपुर, पोस्ट– बनकटवा देहात,जनपद– गोंडा, मोबाइल नं– 723486942**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम STUTI के स्थान पर STUTI MISHRA रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए STUTI MISHRA पुत्री ANIL KUMAR MISHRA निवासी– ग्राम–धरमपुरा पोस्ट–लहुरा देवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर –272175

# बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर की सास की गला दबाकर हत्या

## सकरावा के गांव लौहटिकुरिया का मामला, पति की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का किया निरीक्षण
- फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे

**अमृत विचार।** प्रेम प्रसंग में बाधा बन रही सास को बहू व प्रेमी के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। पति की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी व प्रेमी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


सीमादेवी।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव लौहटिकुरिया निवासी हरगोविंद पुत्र अजंट सिंह ने बताया कि वह भाई सौरभ के साथ हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करते हैं। मंगलवार सुबह समय लगभग 4:30 बजे बुआ की पुत्री ने फोन कर सूचना दी कि मां की तबीयत ज्यादा खराब है। यह बात सुन दोनों भाई वहां से चल पड़े। गांव आकर देखा तो घर पर भीड़ लगी हुई थी। मां सीमा देवी उम्र लगभग 45 वर्ष तख्त पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। मां के गले पर चोट के निशान देखकर पत्नी से पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। उसके बाद उन्होंने पुत्र अंकुर से अकेले में जानकारी की, तो उसने बताया कि मैनपुरी जनपद के गांव टिकसुरी निवासी सफी मोहम्मद उर्फ सूखा पुत्र भूरे सोमवार की शाम को आया था। उसी ने दादी की गला दबाकर हत्या कर दी और रात को ही चला गया। बेटे की बात सुनकर पत्नी पर शंका हुई और घटना में शामिल होने का अंदेशा हुआ। पुलिस ने पंचायतनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पुत्र हरगोविंद की तहरीर पर प्रेमी सफी मोहम्मद तथा पत्नी रवीना के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। सौरिख प्रभारी निरीक्षक के सचिन कुमार सिंह, सकरावा थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। फोरेंसिक टीम ने आवश्यक नमूने एकत्रित किए और जांच के लिए लैब भेज दिए।


घटनास्थल का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह।

### घर आता जाता था प्रेमी

ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया कि सफी मोहम्मद उर्फ सूखा हरगोविंद की गैर मौजूदगी में अक्सर गांव में देखा गया। सीमा देवी अक्सर विरोध इसका करती थी, इसीके चलते उक्त दोनों ने उन्हें रास्ते से हटा दिया।

**पुलिस हिरासत में बहू**

मृतका के पुत्र हरगोविंद की तहरीर के बाद पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने शक के आधार पर बहू रवीना को हिरासत में लेकर पूछता शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि उसने पुलिस के सामने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है।

**अंकुर ने किया खुलासा**

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने सात वर्षीय नाती अंकुर को एक तरफ ले जाकर घटना की पूरी जानकारी ली। उसी के बयान पर पूरे प्रकरण से पर्दा उठ गया और सच्चाई सामने आ गई। इसी आधार पर पुलिस सैफ की तलाश कर रही है। एएसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को तीन टीमों का गठन किया गया है।

## बुलेट न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज में बुलेट बाइक न मिलने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता के साथ मारपीट की। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया। महिला ने कोतवाली में पति समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिला ने ससुरालीजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

सिकंदरपुर निवासी सोनी शाक्य पुत्री सतीशचंद्र ने बताया कि दो वर्ष पहले उसकी शादी जनपद औरैया थाना कुदरकोट के ग्राम बहवा निवासी सुदीप कुमार के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने काफी दान दहेज दिया था। कुछ समय बाद पति सुदीप, सास अन्नपूर्णा देवी, जेठानी सीमा देवी, ननद लता देवी व आशा देवी, ससुर परामलाल तथा चचिया ससुर मदनलाल अतिरिक्त दहेज में बुलेट बाइक की मांग करने लगे।

मांग पूरी न होने पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया, जिससे वह बीमार रहने लगी। उसे सभी ने मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। घर आने पर जान से मार देने की धमकी दी। तब से सोनी अपने मायके में रह रही है। कोतवाली पुलिस ने उक्त सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


फीता काट कर सभागार का उद्घाटन करते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य।

## पुलिस कार्यालय सभागार का जीर्णोद्धार के बाद उद्घाटन

संवाददाता,कन्नौज

- एसपी बोले, अब बैठक में नहीं होगी कोई दिक्कत
- पुलिस के प्रशिक्षण समेत अन्य कार्य हो सकेंगे

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय के सभागार का जीर्णोद्धार कर उद्घाटन किया। कहा अब बैठक होने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने सभागार का जीर्णोद्धार कराकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने उदघाटन के बाद जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कार्यालय में सभागार का नवीनीकरण करने से कई उद्देश्य पूरे होंगे। यहां पर आधिकारिक बैठक, प्रशिक्षण सत्रों, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बंधित महत्वपूर्ण गोष्ठियां और अन्य समारोहों के लिए यह हाल काम आयेगी। इस हाल से पुलिस विभाग को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाएगा। सुविधा का नवीनीकरण करने से पुलिस के प्रशिक्षण समेत अन्य कार्य हो सकेंगे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दंबगों ने घर में घुसकर की छेड़खानी

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि थाना क्षेत्र के बलनापुर गांव निवासी उमेश सिंह व उसके बेटे अजीत व सोनू बहुत ही दबंग प्रवत्ति के लोग है। आए दिन गांव में महिलाओं से छेड़छाड़ किया करते थे। आरोपी घर पर आकर बेटी समेत उसके साथ गालीगलौज कर छेड़छाड़ किया करते थे। आरोपी बाप-बेटा की हरकतों से तंग आकर पैतृक मकान छोड़कर कस्बा में एक किराए के मकान में रहने लगी। पिछले महीने पांच मार्च को बेटी के साथ पैतृक मकान की साफ सफाई करने गई थी। इसी दौरान आरोपी घर पर आ गए और गालीगलौज कर छेड़खानी करते हुए ज़मीन पर गिरा दिया। घटना देख बीचबाचाव करने आई बेटी के साथ भी आरोपियों ने छेड़छाड़ कर दी। शोरगुल सुन आसपास के लोगों को एकत्र होता देख आरोपी गांव में दोबारा दिख न जाने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस को तहरीर दी। घटना में कोई कार्रवाई न होता देख पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पति व सास-ससुर को सात साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ने सुनाई सजा, 24 हजार अर्थदंड
- दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता पर केरोसिन डालकर की थी हत्या

**अमृत विचार।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर हत्या कर दी थी। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी पति समेत सास-ससुर को दोष सिद्ध करते हुए सात-सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उनके ऊपर 24 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। जुर्माने की धनराशि जमा न करने पर तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सगरा निवासी नन्हेंलाल पुत्र देशराज ने 21 मई 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने बेटी अंजली उर्फ लाली की शादी 29 नवंबर 2017 को धारा नगर निवासी प्रदीप पुत्र विष्णुकुमार के साथ की थी। शादी के बाद ससुरालीजन दहेज की मांग करते हुए बेटी को प्रताड़ित करते थे। 21 मई 2018 को पति प्रदीप, ससुर विष्णु कुमार व सास द्रोपदी ने शाम को अंजली के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी मोनिका यादव को सौंप दी। सीओ तीनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सात गवाह पेश हुए। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम) इंद्रजीत सिंह ने पति व सास-ससुर को दोष सिद्ध करते हुए दहेज उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत दो-दो साल का कारावास व पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड, दहेज हत्या में सात-सात साल का कठोर कारावास तथा धारा 4 दहेज प्रतिषेघ अधिनियम में एक-एक साल की कैद व तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।



## ट्रक की टक्कर से कार सवार दो भाई घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कानपुर देहात के थाना भोगनीपुर क्षेत्र के ग्राम औरागी निवासी अमन व सुधीर पुत्रगण जे लालता प्रसाद यादव सोमवार की देर रात अपनी बोलेरो कार से नोएडा से वापस उन्नाव जा रहे थे, तभी नगर की निगम मंडी के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल भाइयों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराकर उनके परिजनों को सूचित कर दिया। यहां चले प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार देखा। परिजन उन्हें वापस घर ले गए।

# 15 पर गुंडा, 33 पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर कोतवाली पुलिस ने अपराध रोकने के लिए तैयार की अपराधियों की सूची

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए के लिये 15 अपराधिक प्रवृत्ति लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। इसी तरह 33 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी अमित कुमार आनन्द की ओर से चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान में सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने कोतवाली क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियो में लिप्त कुल 15 आरोपियों के आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये गुंडा एक्ट (धारा 3/5 गुंडा अधिनियम) के तहत कार्रवाई की। यह कार्रवाई राजा पुत्र इखलाक निवासी अहमदपुर रौनी, रामदास पुत्र सोवरन राजूपत निवासी जुकैया, कमल कुमार पुत्र मूलचन्द्र राजपूत निवासी अलियापुर, नारेन्द्र पुत्र गोकुल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी अलियापुर, नीलेश दुबे पुत्र चन्द्र प्रकाश दुबे अकबरपुर सरायघाघ, सरोज पुत्र सर्वेश कठेरिया निवासी सठियापुर, मोहित राठौर पुत्र रामकुमार निवासी मोहल्ला बीबी चिमनी, पार्थ वर्मा उर्फ बन्टी पुत्र रामशंकर वर्मा निवासी मोहल्ला चौहट्टा, संजीव कुमार पुत्र सतीश चन्द्र निवासी फतुआपुर, पुष्पेन्द्र पाल पुत्र रामसरन निवासी भूडपुर्वा, सौरभ उर्फ शेरू पुत्र पन्नालाल निवासी फतुआपुर, शोभित उर्फ अजय पुत्र रामबाबू निवासी रंगियनपुर्वा, खुर्शीद पुत्र जाकिर हुसैन, फरीद पुत्र इदरीश निवासीगण गुखरू, अली त्रिपाठी पुत्र रंजीत त्रिपाठी निवासी हरदेवगंज थाना व जिला कन्नौज पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह पुलिस ने 33 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। इन में नाजिम पुत्र इस्लाम, चाँदबाबू पुत्र अफरोज, परवेज पुत्र अब्दुल सलाम, मुजीव पुत्र अफरोज, खुर्शीद पुत्र अफरोज, मोहिद पुत्र अफरोज, शोयब उर्फ शीबू पुत्र नसीम उर्फ राजू, साहिल पुत्र परवेज, सरफराज पुत्र शब्बीर, नदीम पुत्र रफीक, अनस पुत्र अजमत उल्ला, तौहीद पुत्र तरिक, इक्तिदा पुत्र मुस्तफा हसन उर्फ बस्सन, शोयव पुत्र मुस्तफा, एहसन उर्फ अहसन पुत्र असलम, इर्तिजा हसन पुत्र मुजत्बाहसन, आफरोज पुत्र अब्दुल सलाम, शाहिद पुत्र इदरीश, फैज पुत्र शाहिद, मारूफ आलम पुत्र अब्दुल कलाम, जीशान पुत्र बदरूल हसन, खमीरूल उर्फ बाबूलाल पुत्र जैनुल हसन, सरफराज पुत्र अब्दुल कलाम निवासीगण मोहल्ला अहमदीटोला कोतवाली कन्नौज। के अलावा शिव उर्फ ऋषि, अंकित पुत्रगण राजू, वीरेन्द्र पुत्र छोटेलाल, अजय पुत्र रामू, कुलदीप, प्रदीप पुत्रगण वीर सिह उर्फ बीरा, निन्नू पुत्र पप्पू, शिवा पुत्र पप्पू, पाचुआ पुत्र मान सिह, जितेन्द्र पुत्र वीर सिह उर्फ बीरा निवासी कुतलूपुर मकरन्दनगर पर कार्रवाई की गई है।



## मृत्यु के भय को दूर करती है श्रीमद्भागवत कथा

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

- ग्राम सूलनपुर में भागवत कथा का पहला दिन
- सफलता उसी को जो करता है संघर्षः पं. घनश्याम

**अमृत विचार।** जब व्यक्ति के जीवन में पुण्य उदय होते हैं। तब उसे भगवान की कथा का श्रवण करने का अवसर मिलता है। भगवान की कथा को श्रवण करने से हमारा मन पवित्र होता है और भगवान के चरणों से प्रेम होता है। श्रीमद् भागवत कथा व्यक्ति को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है। भगवान से मिलने का सबसे सरल साधन भगवान की कथाओं को श्रवण करने से ही प्राप्त होता है।

यह विचार मंगलवार को सराय प्रयाग के ग्राम सूलनपुर में श्री मद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पंडित घनश्याम पांडेय ने व्यक्त किए। कहा कि युवा श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करें। क्योंकि जीवन का सही मार्ग यहीं से निकलता है। इस संसार का सबसे बड़ा भय मृत्यु है। लेकिन श्रीमद् भागवत कथा इस मृत्यु के भय को भी दूर कर देता है। जीवन में कभी भी अपनी संस्कृति का अनादर मत करिए। अपने धर्म का अपमान न करें। अपने संत महात्माओं के लिए अपशब्दों का प्रयोग न करें। जीवन में कभी हताश मत होना। सफलता उसी को मिलती है जो जीवन में संघर्ष करता है।

# आचार संहिता में फंसी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अब जून के बाद ही शुरू हो सकेगी चयन प्रक्रिया
- 139 पद हैं रिक्त, चार माह पहले जारी हो चुका है आरक्षण

**अमृत विचार।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के 139 पद रिक्त हैं। उनका आरक्षण भी करीब चार महीने पहले जारी हो गया था। लेकिन रिक्तियां भरने के लिए प्रक्रिया ठंडी पड़ गई है। कारण, इन दिनों लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि अब जून के बाद ही चयन प्रक्रिया की फिर से शुरुआत हो सकेगी।

बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विभाग के तहत कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के 1615 पद हैं। उसके सापेक्ष 139 पद रिक्त हैं। दिसंबर 2013 में सभी 1615 पदों का आरक्षण जारी हो चुका है। जिम्मेदारों का कहना है कि आपत्तियां लेने के बाद आरक्षण फाइनल किया जा चुका है। अब रिक्त पदों की सूची प्रकाशित होनी है, उसके साथ ही आवेदन मांगे जाएंगे।

हालांकि इससे पहले ही 16 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की घोषणा करने से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसके चलते कोई भी विभाग भर्ती नहीं कर सकता है। न ही नए काम हो सकते हैं। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि चार जून को वोटों की मतगणना के बाद आचार संहिता समाप्त हो जाएगी। उसके बाद ही कार्यकत्रियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।



### पोर्टल में भी हैं खामियां

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का जो आरक्षण जारी हुआ है उसे पोर्टल में भरने पर आरक्षण ही अलग दिखने लगता है। जानकारों की माने तो आवेदन करने के दौरान महिलाओं को इससे दिक्कतें होंगी। यह कमियां भी दूर की जानी हैं। इन सबकी वजह से फिलहाल रिक्तियां नहीं निकाली गईं हैं।

## क्रिटिकल बूथों पर रहेगी आयोग की विशेष नजर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चुनाव को लेकर क्रिटिकल बूथों की संख्या इस बार बढ़ा दी गई है। जिले के तीनों विस क्षेत्रों में 144 मतदान केंद्रों व 224 बूथों पर निर्वाचन आयोग की विशेष नजर रहेगी। इन मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग भी कराई जाएगी।

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1519 बूथ हैं। इसमें से क्रिटकल श्रेणी में शामिल 224 बूथों (144 केंद्रों) के लिए माइक्रो आर्ब्जवर तैनात किए जाएंगे। इनकी भी वेबकास्टिंग कराई जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि जनपद में 50 से 60 फीसदी बूथों पर वेबकास्टिंग कराई जा सकती है।

### यूं बनते क्रिटिकल बूथ

90 फीसदी से अधिक मतदान होने पर। एक प्रत्याशी के पक्ष में 75 फीसदी वोट पड़े हों। 20 प्रतिशत से कम वोट होने पर। पिछले दो चुनाव में जिन केंद्रों पर हिंसा हुई हो। जिन केंद्रों या बूथों पर पुनर्मतदान कराया गया हो। मतदान केंद्रों पर झगड़ा-फसाद की उम्मीद हो। सूची में जहां ज्यादा मतदाता गैरहाजिर हों या शिफ्ट आदि हुए हों। वर्नेबल एरिया यानि वोटरों को डराने-धमकाने की संभावना हो।

## छेड़खानी की शिकायत पर दी जान से मारने की धमकी

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना ठठिया के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 3 अप्रैल को सुजानपुर गांव निवासी रोहित पुत्र फूल सिंह ने उसके साथ छेडछाड की। छेड़खानी की घटना के बाद उस समय गांव के सभ्रांत लोगों ने उनके बीच समझौता करा दिया।

महिला का आरोप है कि समझौता होने के बाद सात अप्रैल की रात रोहित ने दोबारा उसके साथ छेड़खानी की। जब उसके पति आरोपी के घर शिकायत करने गए तो रोहित व उसके पिता फूल सिंह ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर ठठिया पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**दिए निर्देश** सीसीटीवी कैमरों से होगी 24 घंटे निगरानी, तैनात रहेगी पैरामिलिट्री फोर्स

# स्ट्रांग रूम की होगी कंटीले तारों से फेंसिंग : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम-एसपी समेत आला अधिकारियों ने किया मंडी निगम का निरीक्षण

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम अलग-अलग बनाए जाएंगे और उनकी कंटीले तारों से फेंसिंग की जाएगी। इसके अलावा 24 घंटे ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। मंगलवार को मंडी निगम का निरीक्षण करते हुए यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दी। उन्होंने एसपी समेत कई आला अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया।

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने निगम मंडी का निरीक्षण किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कि पोलिंग पार्टी रवानगी एवं स्ट्रांग तथा मतगणना के लिए सभी प्रकार की तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की समस्त गतिविधियों पर नजर सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से रखी जायेगी। कहा कि पार्टी एजेंट रुकने के लिए ऐसा स्थान चिन्हित किया जाए, जहां से वह तीनों विधान सभाओं के स्ट्रांग रूम को प्रत्येक समय आसानी से देख सकें। उन्होने निर्देश दिए कि पेयजल, वाहन पार्किंग, बैरीकेडिंग, प्रकाश, ट्रैफिक व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, स्वास्थ्य कैंप, कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने नगर पालिका को निर्देश दिए कि मंडी परिसर की अच्छी तरह से साफ-सफाई कराएं। अगर किसी प्रकार की कोई कमी हो तो उसको तत्काल ठीक कराया जाये। कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी हेतु व्यवस्थाएं अच्छे से कर ली जाए ताकि पार्टियों के रवानगी के समय किसी भी प्रकार की समस्या न हो। ईवीएम, वीवीपैट मशीन के रखरखाव की व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना किया। कहा कि ईवीएम-वीवीपैट की रिसीविंग के लिए अच्छा रूटप्लान तैयार किया जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि मंडी परिसर मतगणना केंद्र में आवश्यक सुविधा, रूट चार्ट, वैकल्पिक रूट चार्ट, सुरक्षा व्यवस्था, निष्पक्ष चुनाव के रूप में मतों की गणना के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होने कहा कि वाहन प्रवेश और निकासी निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही किया जाए। फोर्स बल के ठहरने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।


मंडी निगम में निरीक्षण करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एसपी अमित कुमार।

# सिलेंडर करेगा मतदान के लिए जागरूक

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए जिलापूर्ति निरीक्षक ने गैस सिलेंडरों पर जागरूकता पोस्टर लगवाकर घर-घर जा रहे सिलेंडरों की गाड़ी को हरी झंडी दिखाई।

लोकतंत्र के महापर्व में एक वोटर छूटे ना, मताधिकार का प्रयोग करे, इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से आम-अवाम को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के दौरान मंगलवार को गैस एजेंसी पंहुचे जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा ने गैस सिलेंडर पर मतदाता जागरूकता पोस्टर लगवाकर घर घर जा रही गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यालय व गोदाम पर भी बैनर-पोस्टर लगाएं। गैस सिलेंडर लेने या नंबर लगाने वाले उपभोक्ताओं को लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर प्रेरित करें।



डिलीवरी वाहन को हरी झंडी दिखाते जिलापूर्ति अधिकारी व अन्य।

### गैस सिलेंडर की आपूर्ति, साथ में मतदान की अपील

**गुरसहायगंज।** मंगलवार को नगर के जीटी रोड स्थित पीके गैस एजेंसी पर डिलीवरी वाहनों को मतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर आदि लगाकर सजाया गया। सिलेंडर पर भी अपील वाले पोस्टर लगाए गए। इससे पहले खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देशन पर जिलापूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा ने डिलीवरी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक जावेद अख्तर खान, अमित कुमार, विकास कटियार, कुलदीप सिंह, राजू, योगेश कटियार, रमन कटियार आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# एचटी लाइन से टकराया झंडा, 15 श्रद्धालु झुलसे

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- श्रीमद्भागवत कथा से पहले कलश यात्रा निकाल रहे थे श्रद्धालु
- घायलों को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती, दो गंभीर कानपुर रेफर किए गए

**अमृत विचार।** श्रीमद्भागवत कथा से पहले मंगलवार को कलश यात्रा निकाल रहे श्रद्धालुओं का झंडा एचटी लाइन से टकरा गया, जिससे करंट फैल गया और 15 श्रद्धालु झुलस गए। घायलों को डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया, जहां दो लोगों की हालत नाजुक होने पर उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी हादसे की जांच में जुटे हुए हैं।

मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के बरकागांव में श्रीमद् भागवत से पहले श्रद्धालु कलश यात्रा निकाल रहे थे, इसमें सबसे आगे बड़ा झंडा चल रहा था, जिसमें हरे बांस की लकड़ी लगाई गई थी। गांव के बाहर 11 केवी की हाईटेंशन लाइन के तार नीचे होने के कारण झंडा उससें छू गया और तेज स्पार्किंग हुई। झंडा लेकर चल रहे कई श्रद्धालु करंट की चपेट में आने से झुलस गए। ग्रामीणों ने तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन कर आपूर्ति बंद कराई। करंट से गांव की प्रीति पुत्री गिरीशचंद्र, उपासना पुत्री रामसेवक, कुलदीप पुत्र महेशचंद्र, जानकी पुत्री राजेंद्र कुमार, गौरी पुत्री सुरेशचंद्र, सलोनी पुत्री शेर सिंह, काजल पुत्री सुरेश, बीना पुत्री गिरीश, लाली पुत्री महेश, जानकी पुत्री गिरीशचंद्र घायल हो गईं। जानकारी पाकर सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी व प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार मौके पर पहुंचे और घायलों को डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया। गंभीर रूप से झुलसी प्रीति व उपासना को कानपुर रेफर कर दिया गया।


घायल युवती से जानकारी लेतीं सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी।


राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल बच्चियां।

### प्रशासन की अनुमति के बिना हो रहा था आयोजन

उपजिलाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि बरकागांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन बिना अनुमति किया जा रहा था। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगी होने के कारण किसी भी प्रकार के धार्मिक व राजनीतिक आयोजन की अनुमति लेना आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सेक्टर लीडरों को दिया गया प्रशिक्षण

**कन्नौज।** ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह जागरुकता अभियान के तहत जलालाबाद व गुगरापुर के सेक्टर लीडरों को प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को सीडीपीओ शेषमणि यादव के नेतृत्व में पोषण जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक जलालाबाद व गुगरापुर के सेक्टर लीडरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें डीएसओसी निशा खानम ने आंगनवाडी कार्यकत्रियों को बताया कि टीकाकरण व पोषण कॉर्नर बनाकर गर्भवती महिलाओं को खाद्य समूह के विषय में प्रशिक्षित किया गया। जबकि बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का वजन व लंबाई लेने के तरीके के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में दोनों सेक्टरों से दो-दो कार्यकत्री को चयनित किया गया।

# छह साल से कम उम्र के बच्चे का नहीं होगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बेसिक शिक्षा निदेशक ने जारी किया बीएसए को पत्र
- परिषदीय व मान्यता प्राप्त स्कूलों को देनी होगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पहली अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र 2024-25 का आगाज हो गया है। परिषदीय विद्यालयों के अलावा सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र पहली अप्रैल 2024 को छह साल होना जरूरी है। बेसिक शिक्षा निदेशक ने गाइड लाइन जारी कर दी है।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने कन्नौज समेत सभी बीएसए को जारी किए पत्र में कहा है कि छह साल से कम उम्र होने पर बच्चों का नामांकन बाल वाटिका (आंगनबाड़ी केंद्र) में कराया जाए। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक भी कराई जाएं, उसमें आउट ऑफ स्कूल वाले बच्चों के प्रवेश स्कूलों में कराए जाएं। स्कूल में नामांकन के समय बच्चे का आधार कार्ड जरूरी है, अगर नहीं है तो बच्चे के माता-पिता का आधार कार्ड नंबर लिया जाए। अगर उनका भी आधार नहीं बना है तो दो सप्ताह के अंदर आधार कार्ड बनवा दिया जाए। निदेशक ने कहा है कि नामांकन पंजिका में बच्चे के माता-पिता का नाम जरूर अंकित किए जाएं। दोनों के मृत होने पर अभिभावक का नाम लिखा जाए। बच्चे का प्रवेश कराने से पहले राशन कार्ड नंबर भी लिया जाए, साथ ही कार्ड पात्र गृहस्थी का है या अंत्योदय कार्ड इसका भी जिक्र किया जाए।

# घर-घर विराजीं मां भवानी, मंदिरों में जयकारों की गूंज

## नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ा दर्शनार्थियों का सैलाब, भक्तों ने विधि-विधान के साथ घरों में की कलश स्थापना


नगरकोट मंदिर में मां पीतांबरा का किया गया श्रृंगार। अमृत विचार


डम्मरपुर गांव के भक्तों की ओर से निकाली गई कलश यात्रा। अमृत विचार


माता फूलमती देवी मंदिर में भक्तों के साथ बैठे सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- श्रद्धालुओं ने सुबह से रखा व्रत, शाम को किया पारण
- सांसद सुब्रत पाठक ने किए मां के दर्शन, लिया आशीर्वाद

**अमृत विचार।** वासंतिक नवरात्र की प्रतिपदा को भक्तों ने अपने घरों में कलश स्थापना कर मां भगवती का विधिवत पूजन शुरू किया। इसी के साथ भक्तों ने नौ दिन के व्रत की शुरुआत की। इत्रनगरी के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में भी भक्तों ने दर्शन किए तथा जयकारे लगाए। नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

मंगलवार सुबह भक्तों ने पंचांग के निर्धारित समयानुसार अपने-अपने घरों में पुरोहित को बुलाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कराई। प्रतिपदा को नवरात्र के पहले दिन समूची इत्रनगरी मां भवानी की भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। ऐतिहासिक सिद्धपीठ फूलमती देवी मंदिर में मातारानी का फूलों से श्रृंगार किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी शिखर मिश्रा ने बताया कि इत्रनगरी के ताजे फूलों से माता का श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए दिन भर भक्तों की भीड़ लगी रही। इसी तरह ऐतिहासिक सिंहवाहिनी मंदिर, माता क्षेमकली मंदिर, मौरारी देवी व शीतला देवी मंदिर में भी हजारों भक्तों ने दर्शन किए। नगरकोट मंदिर पर पीतांबरा माई का भी आकर्षक श्रंगार किया गया। सांसद सुब्रत पाठक ने भी भक्तों के साथ शहर के सभी देवी मंदिरों में माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सभी मंदिरों पर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही।


सिद्धपीठ मां फूलमती देवी की पूजा करते पं. शिखर मिश्रा। अमृत विचार

### कलश यात्रा के बाद शुरू हुई श्रीराम कथा

**कन्नौज।** तिर्वा कस्बा से सटे गांव डम्मरपुर में भी नौवां भव्य दुर्गा महोत्सव शुरू हो गया। मंगलवार को मां दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम प्रबंधक प्रभात त्रिपाठी ने बताया कि 17 अप्रैल तक चलने वाले आयोजन में आनंदेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. कौशलजी महाराज श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। 13 अप्रैल को रात नौ बजे भव्य रामबारात निकलेगी। 16 अप्रैल को कथा विश्राम व राम राज्याभिषेक होगा। अगले दिन हवन, कन्या भोजन व विशाल भंडारा होगा। पहले दिन कलश व मूर्ति स्थापना हो गई।

### हवन पूजन के साथ हुई महामाई की स्थापना

**गुरसहायगंज/जलालाबाद, कन्नौज।** आजाद नगर स्थित प्राचीन काली मंदिर, श्री राम मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर, जीटी रोड स्थित मनकामेश्वर मंदिर, रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर, तिराहा स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर सहित आदि देवालयों में पहुंचकर भक्तों ने मां भगवती की आराधना की। पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में 22वें विशाल नव दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने सुरक्षा की दृष्टि से सभी देवालयों के बाहर महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती की। जलालाबाद के ग्राम सियरमऊ स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर, खेरापति मंदिर सहित देवालयों में भक्तों ने पूजा अर्चना की।


शीतला माता मंदिर में पूजा करते भक्त।


मां अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा करते भक्त। अमृत विचार

### पहले दिन माता शैलपुत्री की आराधना

**तिर्वा, कन्नौज।** नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही देवी मंदिरो में भक्तों की लाइनें लग गईं। अन्नपूर्णा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने मंदिर सहित अपने-अपने घरों में भी पूजा अर्चना की। देवी के भक्त नवरात्र के पर्व पर व्रत रहे और शाम को आरती बाद व्रत तोड़ा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री की दुकानें सजीं रहीं। लोगों ने नारियल, समेत अन्य पूजा सामग्री की खरीददारी की। भक्तों को किसी प्रकार से कोई परेशानी न हो, इसके लिए मंदिरों के बाहर पुलिस का पहरा बना रहा।

### मातारानी के जयकारों से गूंज उठे देवी मंदिर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नवदुर्गा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। नगर के सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर माथा टेका एवं जलाभिषेक के बाद अपनी मनौतियां मांगी। मंगलवार को सुबह चार बजे से ही नगर के सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हाथों में जलकलश लेकर पहुंचे और मातारानी की पूजा की। देर रात तक मंदिरों में भीड़ लगी रही। शाम को महाआरती में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया।

### आकर्षण का केंद्र बना सेल्फी पॉइंट

**छिबरामऊ।** इस बार नवरात्र पर सौरिख रोड स्थित मां कालिका देवी मंदिर में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेकने के बाद सेल्फी प्वाइंट पर मोबाइल से सेल्फी ली। मंदिर के महंत देवेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि सोशल मीडिया पर सेल्फी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए मंदिर में सेल्फी पॉइंट बनवाया गया है।


कालिकादेवी मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# 162 परिवारों को मिल चुकी 49 करोड़ की आर्थिक मदद

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** दिवंगत शिक्षक के परिवारों की आर्थिक मदद के लिए टीचर्स सेल्फ केयर टीम लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत अब तक 162 दिवंगत परिवारों को 49 करोड़ से अधिक की आर्थिक मदद दी जा चुकी है। जबकि 02 लाख 90 हजार से अधिक सदस्यों को टीम से जोड़ा जा चुका है। यह जानकारी टीम के जिला संयोजक अंकित कटियार ने दी। बताया कि ब्लाक सौरिख के यूपीएस गुबरिहा में तैनात प्रधानाध्यापक मुश्ताक हसन रिजवी की 17 नवंबर 2023 को हृदयगति रुकने से मृत्यु हो गई थी। वह 31 मई 2021 से जुड़े थे और निरंतर टीम का सहयोग कर रहे थे। मंगलवार को टीम के पदाधिकारी मृतक शिक्षक मुश्ताक हसन रिजवी के दुखी परिवार से मिले और स्थलीय निरीक्षण कर 50 से 55 लाख की मदद करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान फर्रुखाबाद जिला संयोजक सुजीत कुमार, जिला प्रवक्ता प्रशांत सिंह, जिला सह संयोजक सोनपाल, आकाश यादव, शैलेंद्र कश्यप, आशीष तोमर, पंकज सक्सेना, दिनेश चंद्र मौजूद रहे।

# सचिन के इलाज में लापरवाही की जांच को पहुंची टीम

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- हिस्ट्रीशीटर की गोली लगने से घायल हो गया था विशुनगढ़ थाने का सिपाही
- मौत के बाद मानवाधिकार आयोग ने मांगी डीएम से रिपोर्ट, जांच हुई आरंभ

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ थाने के सिपाही सचिन राठी के इलाज में लापरवाही की जांच करने टीम सौ शैय्या अस्पताल पहुंची और सीएमएस से जानकारी ली। इलाज में लापरवाही से सिपाही की मौत हो गई थी। मानवाधिकार आयोग ने डीएम से रिपोर्ट मांगी है, जिसके लिए डीएम ने तीन सदस्यीय टीम का गठन कर भेजा था।

25 दिसम्बर को सिपाही सचिन राठी विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धरनी धीरपुर नगरिया निवासी हिस्ट्रीशीटर मुनुआं यादव के घर कुर्की की कार्रवाई करने पुलिस टीम के साथ गए थे। हिस्ट्रीशीटर व उसके बेटे ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इसमें सचिन राठी के पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें सौ शैया से देर रात रेफर कर दिया गया था और कानपुर में उपचार के दौरान वह शहीद हो गए थे। घटना के बाद परिजनों ने सौ शैया अस्पताल में तैनात डॉक्टर की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा था कि अगर सचिन राठी की जांघ में गोली लगी थी, यदि डॉक्टर खून बंद कर देते तो उसकी जान बच सकती थी। मंगलवार को एसीएमओ डॉ. केपी त्रिपाठी, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु, सर्जन डॉ. संदीप सिंह सौ शैय्या अस्पताल पहुंच गए और जांच शुरू की। सौ शैय्या अस्पताल के सीएमएस डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कन्नौज से आई टीम मामले की जांच कर रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार को जाकर सौंपेगी।


सौ शैय्या अस्पताल में सीएमएस से जानकारी लेती जांच टीम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### एडीजे ने अर्थदंड जमा कराकर कराई बंदी की रिहाई

**जलालाबाद, कन्नौज।** मंगलवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रभारी जनपद न्यायाधीश लोकेश वरूण के निर्देशन पर अपर जिला जज लवली जयसवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदी अखिलेश उर्फ छक्की ने बताया गया कि वह अपनी मूल सजा पूर्ण कर चुका है। 8500 रुपये जमा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काट रहा है। जानकारी मिलने पर एडीजे लवली जायसवाल ने प्रकरण का संज्ञान लिया। बंदी का जुर्माना जमा कराने के लिए स्वयं सेवी संस्था बीएम सेवा समिति ने बंदी के अर्थदंड को स्वेच्छा से जमा कराने की अनुमति दिए जाने की याचना की। अनुमति प्राप्त कर बंदी की अर्थदण्ड की धनराशि को जमा करा दिया गया। इसके बाद बंदी की जेल से रिहाई हो सकी। बंदियों को निरंतर मीनू के अनुसार ही भोजन बनाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के बाद शिविर का आयोजन कर महिला बंदियों को निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी मौजूद रहे।


निरीक्षण करतीं एडीजे लवली जायसवाल।

### छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि छह अप्रैल की दोपहर करीब 12 :30 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री कोचिंग पढ़ने छिबरामऊ आई थी, जो घर वापस नहीं लौटी। जानकारी करने पर पता चला कि मोहल्ला ग्रेसीगंज के निवासी आदित्य गुप्ता उसे बहला फुसलाकर कहीं भाग ले गया है। काफी तलाश करने पर उसका पता नहीं लग सका। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### लखनऊ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर मारा छापा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरदेवगंज निवासी ललित मिश्रा पुत्र संजीव मिश्रा पर लखनऊ के गाजीपुर थाने में दुष्कर्म व दलित उत्पीडन एक्ट का मुकदमा दर्ज है। घटना के बाद से वह लखनऊ से फरार हो गया था। तब से लगातार पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लखनऊ के गाजीपुर थाने के दरोगा मुन्ना लाल पुलिस बल के साथ मंगलवार को सदर कोतवाली पहुंचे। वह कला चौकी प्रभारी अजब सिंह पुलिस बल के साथ हरदेवगंज मोहल्ला स्थिति आरोपी के आवास पहुंचे। छापेमारी के दौरान आरोपी घर में मौजूद नहीं मिला। थोड़ी देर बाद पुलिस लखनऊ लौट गई।

### आज आठ घंटे नहीं आएगी बिजली

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अदिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि बिजली उपकेंद्र बहादुरपुर से निकले 11केवी फीडर जिला अस्पताल, मेहंदीघाट ग्रामीण, मानीमऊ क्षेत्र की बिजली 10 अप्रैल (आज) सुबह 10 से शाम छह बजे तक काटी जायेगी। उपकेंद्र पर लगे पांच एमवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाकर 10 एमवीए करने के लिये ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा।

### अवैध शराब सहित दो लोगों को पकड़ा

**गुरसहायगंज।** मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया। जिसमें पुलिस ने ग्राम खांड़ेदेवर अंडरपास के निकट छापेमारी की और नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी राजवीर व कस्बा समधन निवासी अमीनुद्दीन को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

**चिरैयागंज में हादसा** — दहशत में घरों से बाहर निकले लोग, परिजनों ने सिरके के कारण विस्फोट होने की बात कही

# मकान में तेज धमाका, दीवारों में पड़ी दरार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला चिरैयागंज में पुराने मकान में मंगलवार की दोपहर के समय तेज धमाका हो गया। आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। एसपी ने भी मौका मुआयना किया। जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि धमाका किस वजह से हुआ है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिरैयागंज निवासी नीरज के मकान में मंगलवार की दोपहर तेज धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि मकान की दीवार में दरार पड़ गई। धमाका सुन कर घरों से लोग बाहर निकल आये। जानकारी कर लोग घटनास्थल पर पहुंच गये, पर किसी को यह पता नहीं चला कि धमाका किससे हुआ है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने विस्फोट होने के मामले की जांच करते हुए सैंपल लिये। उधर, घटना की जानकारी पर एसपी अमित कुमार आनन्द घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने मकान के अंदर पहुंच कर छानबीन की। पुलिस को मौके पर दीपावली के बचे हुए पटाखे भी मिले। विस्फोट के मामले में एसपी ने बताया कि मौके पर परिजनों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह अचार बनाने के लिय पांच लीटर सिरका लेकर आये थे। गर्मी के चलते अचानक उसी में विस्फोट हो गया।


मकान के बाहर मुस्तैद पुलिस। अमृत विचार

### पुलिस का दावा संदेह के घेरे में

**कन्नौज।** जांच के बाद एसपी ने मकान के अंदर सिरके से तेज धमाका होने का दावा किया है। स्थानीय लोग इस दावे को हजम नहीं कर पा रहे हैं। उनका कहना है कि धमाका इतना तेज था कि मकान की दीवारो में दरारें पड़ गई। वहीं, कुछ स्थान पर दीवार की ईटें उखड़ कर दूर जा गिरी। यदि सिरके से विस्फोट होता तो मकान में किसी तरह का नुकसान नहीं होता। साथ ही धमाका भी तेज नहीं होता।

# ईद की तैयारियों को लेकर सजे बाजार व इबादतगाह

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** ईद का पर्व नजदीक है। इसकी तैयारियों को लेकर बाजार सहित इबादतगाह सजे हुए है। बाजार से लेकर घरों तक ईद पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही है। घरों व इबादतगाहों में रंगरोगन का कार्य पूर्ण कर सजवाट की गई है। महिला पुरुषों की भीड़ बाजार में खरीदारी कर रही है।

आगामी ईद के त्योहार को लेकर बाजार पूरी तरह से सजा हुआ है। तो वही घरों से लेकर इबादतगाह तक रंग रोगन का कार्य पूर्ण कर रंग बिरंगी लाइटों से सजावट की जा रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने भी ब्रांडेड सहित सस्ते व लुभावने कपड़ों, जूता, चप्पल, सेबई, सूतफेनी आदि सामग्री से दुकानों को सजा रखा है। ईद पर्व पर सेवईयों का विशेष महत्व है। इसलिए बाजार पकवानों की दुकानों से भी सजा हुआ है। महिलाएं व पुरूष भीषण गर्मी के बाद भी जमकर खरीददारी करते नजर आ रहे है। रेडीमेड कपड़ों से लेकर फुटवियर, ज्वैलरी, कास्मेटिक आदि की दुकानों पर दिनभर भीड़ उमड़ रही है। बाजार में छाई महंगाई भी ईद के उत्साह को कम नहीं कर पा रह है। ईद की खुशियों को मनाने के लिए नगर सहित क्षेत्र के इबादतगाहों को भी रंग बिरंगी लाइटों व अन्य सामग्री से सजाया गया है। ईद की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लोग जरूरत के अनुसार खाद्य सामग्री की भी खरीदारी कर रहे है।

# नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़, गूंजे माता के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को शहर के सभी देवी मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठे। तड़के से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में पहुंचने लगी और पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी गईं। पहले दिन श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में कलश स्थापना मां का आह्वान किया। देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री का पूजन-अर्चन किया।

मंगलवार को शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक देवी मंदिर माता के जयकारे गूंजते रहे। नवरात्र के प्रथम दिन भोर पहर चार बजे से देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ शुरू हो गई। दिन चढ़ते-चढ़ते भीड़ बढ़ती गई। शहर के प्रमुख गुरुगांव देवी मंदिर, मठिया देवी, शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर बढ़पुर, वैष्णों देवी मंदिर भोलेपुर में पूरे दिन भक्तों की भीड़ मातारानी के दर्शन के लिए उमड़ी रही। मठिया देवी मंदिर के पुजारी छोटे मिश्र ने बताया कि अष्टमी पर हवन और नवमी पर भंडारा होगा। गुरुगांव देवी मंदिर में मेला सा नजारा था। दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी थी। शीतला देवी मंदिर बढ़पुर में भी भक्तों ने मां के दर्शन कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने विधि-विधान से घरों में कलश स्थापना की। मां को चुनरी-नारियल, बताशा, लौंग, कपूर अर्पित कर उपवास शुरू किया। कई महिलाएं नौ दिनों तक उपवास रहेंगी।


देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार


मंदिरों में सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम। अमृत विचार

- शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने घरों में किया घट पूजन
- तमाम भक्तों ने पूरे दिन रखा व्रत, शाम को किया पारण

### चुनरी व नारियलों की खूब हुई बिक्री

मंदिरों के बाहर चुनरी-नारियल व फूलों की दुकानें सज गई हैं। दुकानों में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। लोगों ने माता रानी को आर्पित करने के लिए नारियल, चुनरी व सुहाग की सामग्री की बढ़ चढ़ कर खरीदारी की। दुकानदारों का कहना है कि इस बार माता के आशीर्वाद से अच्छी बिक्री हो रही है।

### जिले को 4 जोन व 15 सेक्टरों में बांटा

चैत्र नवरात्र पर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पुलिस प्रशासन की तरफ से किये गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से जनपद को एक सुपर जोन, 4 जोन व 15 सेक्टरों में बांटा गया है। मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। एसपी विकास कुमार ने बताया कि मंदिर के आसपास व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस कर्मी भ्रमणशील हैं। महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिस बल समेत पुलिस कर्मियों की मंदिरों पर ड्यूटी लगाई गई है। अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में भी पुलिसकर्मी सक्रिय हैं। ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

## उगते सूरज को दिया अर्घ्य



फर्रुखाबाद। संस्कार भारती ने नव संवत्सर भारतीय नववर्ष के प्रथम दिन सूर्य उपासना के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देकर राष्ट्र के लिए मंगलकामना की। मंगलवार को प्रात :काल संस्कार भारती के पदाधिकारी पांचाल घाट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के पास एकत्र हुए। गंगा स्नान के बाद श्रीराम विविध कला केंद्र के संस्थापक विजय दुबे उर्फ मटर लाल ने सभी का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। इसके बाद सृष्टि के देवता सूर्य की उपासना कर उन्हें अर्घ्य दिया। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महन्त ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने कहा कि हमारे देश की सनातन संस्कृति बहुत पुरानी है। इस दौरान संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय, अध्यक्ष डाक्टर नवनीत गुप्ता, सचिव दिलीप कश्यप, अखिलेश पाण्डेय, विमलेश मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष हिंदू महासभा, रविन्द्र भदौरिया, राष्ट्रसेवक रोहित दीक्षित रहे।

# कलेक्ट्रेट गेट पर बंच केबल में लगी आग, सतर्कता से टल गया हादसा

## तार टूट कर सड़क पर गिरा, काफी समय तक होता रहा विद्युत प्रवाह, मची भगदड़

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- जानकारी मिलते ही कलेक्ट्रेट कर्मियों ने बुझाई आग
- बिजली विभाग के कर्मचारियों ने की मरम्मत

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट गेट के सामने दीवार के सहारे लटकी बंच केबल में मंगलवार को अचानक आग लग गई,जिससे वहां अफरातफरी मच गई। चंद मिनटों में ही गेट के दूसरी तरफ बने अधिवक्ताओं के चेंबर तक धुंआ पहुंच गया। बंच केबल का एक हिस्सा टूट कर बीच सड़क पर गिर गया, जिससे जमकर चिंगारिया निकलने लगी। आननफनन में कलेक्ट्रेट कर्मियों ने वहां पहुंच कर केबल में लगी आग बुझाया। उनकी सतर्कता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

जानकारी के अनुसार, कलेक्ट्रेट गेट के सामने दीवार के सहारे बंच केबल काफी दिनों से झूल रही है। मंगलवार की दोपहर तेज हवा के कारण हो रही स्पार्किंग से उसमें आग लग गई। देखते ही देखते केबल टूट कर सड़क पर आ गिरी। केबल में करंट प्रवाहित होने और आग लगने के कारण वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्ट्रेट में तैनात कर्मचारी हरकत में आ गए। आनन फानन में अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर उन्होंने बंच केबल में लगी आग को बुझाया और बिजली विभाग को सूचना दी। जानकारी पर बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और टूटे पड़े बिजली के तारों को ठीक करने में जुट गए। बताते चलें कि जर्जर होने सेबंच केबल पहले भी टूट चुकी है।



आग बुझाता कलेक्ट्रेट कर्मी। अमृत विचार

### पहले कई बार हो चुकी हैं शिकायतें

जिले में जर्जर बिजली के तारों की समस्या नई नहीं है। कई बार विभाग के अधिकारियों से जर्जर तारों को बदलवाने की शिकायत की जा चुकी है लेकिन आज तक नतीजे सिफर रहे। यही नहीं एचटी लाइन के जर्जर तारों से गिरे आग के गोलों की वजह से किसानों की कई बीघा गेहूं की फसल तबाह हो चुकी है। थाना राजपुर के किसान रामकिशन का कहना है कि खेतों से निकली एचटी लाइन इस समय किसानों के लिए काल बनी हुई है। आएदिन कहीं न कहीं किसी न किसी गेहूं के खेत में आग लग जाती है और फसल राख हो जाती है। उनका कहना है कि एचटी लाइन के तार ढीले होने की वजह से आपस में टकरा जाते हैं और उनसे चिंगारी निकलकर गेहूं की फसल में गिर जाती है। सूखी खड़ी गेहूं की फसल में पलक झपकते ही आग लग जाती है।

## मोबाइल लूट में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** बीते दिनों पड़ोसी जिला कन्नौज कोतवाली छिबरामऊ क्षेत्र में काली नदी के पास बाइकर्स लुटेरे दंपति से मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव नगला फार्म निवासी ओमप्रकाश पत्नी के साथ सात अप्रैल को जनपद कन्नौज कोतवाली छिबरामऊ के गांव बटापुर बाइक से जा रहे थे। काली नदी चेक पोस्ट के पास पीछे से आए दो बाइक सवारों ने ओमप्रकाश का मोबाइल छीन लिया और भाग गए। ओमप्रकाश ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया, मगर सफलता नहीं मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जांच कर लौट गई। पुलिस ने चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों से जानकारी की। ओमप्रकाश की तहरीर पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एसओ भोलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## नगर में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा, हुआ स्वागत

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- ढोल नगाड़े के बीच रामनाम की पट्टिका धारण कर उत्साहित दिखे युवा
- यात्रा निकालने से पहले श्रद्धालुओं ने शिवाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अमृत विचार।** नवसंवत्सर पर मंगलवार को विराट हिंदू यात्रा नगर में धूमधाम के साथ निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम व भारतमाता के उद्घोष लगे। ढोल नगाड़े की धुनों पर रामनाम की पट्टिका धारण किए उत्साही युवा टोली झूमती नजर आई।

नगर के शिवाला भवन से नव संवत्सर पर हिंदू जन जागृति समिति की ओर से विराट हिंदू यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, आरएसएस के नगर प्रचारक चंद्रेश, यात्रा संयोजक देवेंद्र दुबे, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, संकिसा चेयरमैन प्रतिनिधि राहुल राजपूत, शमसाबाद के पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता, राजू त्रिपाठी, मुकेश दुबे, सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम ने शिवाला मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद यात्रा में शामिल रामदरबार, भारत माता व सम्राट विक्रमादित्य की झांकी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इसके बाद यात्रा गंगा दरवाजा होते हुए लोहाई बाजार, श्यामागेट, बजरिया, तहसील रोड, पुलगालिब तिराहा, चिलांका, पटवन गली, भूसा मंडी चौराहा होते हुए पृथ्वी दरवाजा स्थित शिवाजी मूर्ति के पास समाप्त हुई। यात्रा के दौरान भक्तिमय गीतों पर लोग जमकर झूमे। लोग अपने हाथो में भगवा ध्वज लिए भारत माता की जय जयकार लगाते रहे। इस मौके पर झगडू यादव, पुनीत रस्तोगी, शिवम रस्तोगी, राघव त्रिपाठी, सागर दुबे, अमर गुप्ता, प्रभात कश्यप, सचिन शर्मा, सावन शाक्य, शेखर कौशल, शिवम पाठक, सागर गुप्ता, रवि गुप्ता, शिवम मिश्रा, सार्थक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बालिका से रेप के दोषी को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद।** सामान लेने गई बालिका के साथ दुकानदार ने दुकान के अंदर दुष्कर्म किया। इस मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जहानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की नौ वर्षीय पुत्री 21 अप्रैल 2023 की दोपहर को दुकान से टोस्ट लेने गई थी। गांव के दुकानदार प्रवीन कटियार उर्फ मोनू उसे बहलाकर दुकान के अंदर ले गया और शटर बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुत्री ने परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर प्रवीन के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने प्रवीण को दोषी करार किया था। मंगलवार को न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई।

## टीम के आने से पहले ही झोलाछाप फरार, नोटिस

संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य टीम के छापा मारने से पूर्व ही झोलाछाप मौके से फरार हो गए। टीम ने उन्हें नोटिस दिया है।

थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव भवनपुर के प्रधान पंचम कुमार झोलाछाप हैं। इसकी सूचना किसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. आरिफ सिद्दीकी को दे दी। इस पर वह फार्मासिस्ट बृजेश मिश्रा के साथ मौके पर पंहुचे, लेकिन उनके पहुंचने से पूर्व ही झोलाछाप मौके से फरार हो गया। मौके पर ताला लटका मिला। टीम ने गांव इमादपुर सोमवंशी में भी छापेमारी की। वहां भी टीम के पंहुचने से पूर्व ही झोलाछाप फरार हो गया। इससे शक जाहिर किया जा रहा है कि किसी विभागीय कर्मचारी ने ही छापे की पूर्व सूचना संबंधित लोगों को दी है। फिलहाल दोनों झोलाछापों को नोटिस जारी किए गए हैं। प्रभारी डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि भवनपुर क्लीनिक बंद मिला। नोटिस दिया गया है। जवाब के लिए तीन दिन का समय भी दिया गया है।


बंद क्लीनिक को देखते प्रभारी चिकित्साधिकारी।

## बाइक फिसलने से एक की जान गई

**फर्रुखाबाद।** पड़ोसी जिला मैनपुरी थाना कुरावली क्षेत्र के गांव नगला नन्दे निवासी उमर सिंह का 50 वर्षीय पुत्र अमरनाथ अपने साले अनुरूप के साथ थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव जाजपुर गोवा में बहन के यहां जा रहा था। थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव भूड़नगरिया के पास रोड पर बच्चे खेल रहे थे। बच्चों को बचाने में अमरनाथ की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें अमरनाथ और उनका साला अनुरूप गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने अमरनाथ को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस सूचना भेज दी है। अमरनाथ की पत्नी प्यारी देवी और उनके दो बेटे और दो बेटी हैं। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केंद्रीय कारागार और राजकीय किशोर संप्रेक्षण गृह जखा में मानसिक स्वास्थ्य और तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई।

मनोवैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता दीप्ति यादव ने कहा कि मानसिक रोग कई तरह की मानसिक समस्याओं के कारण हो सकते हैं। इसकी वजह से इंसान की मनोदशा, व्यवहार और सोच पर नकारात्मक असर पड़ता है। डिप्रेशन, चिंता और स्ट्रेस जैसी समस्याएं मानसिक बीमारी कहलाती हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को इलाज के साथ-साथ अपनों के सहयोग की भी जरूरत होती है। इसके साथ ही नियमित दिनचर्या, अपने को सृजनात्मक कार्य में सक्रिय करने, दोस्तों व परिवार के लोगों के साथ गीत संगीत का आनंद लेने जैसे कार्य अवश्य करें। इस दौरान तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से आये मनोवैज्ञानिक अमित सिसौदिया ने तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू का सेवन इंसान को शारीरिक रूप से तो बीमार करता ही है, साथ ही इसके सेवन से मानसिक तनाव भी बढ़ता है। इसलिए तम्बाकू सेवन से बचें। अधिकतर लोग तंबाकू का सेवन गुटखा या धूम्रपान के रूप में करते हैं। इससे वे क्षय रोग के शिकार हो सकते हैं, साथ ही कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी उन्हें हो सकती है। इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक होना बेहद जरूरी है। इस दौरान केन्द्रीय कारागार योग सहायक अनूप कुमार, डॉ नीरज, प्रमोद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


बंदियों व किशोरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण। अमृत विचार

- तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया

### सार-संक्षेप

#### तीन को सांप ने काटा, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज।** अलग-अलग स्थानों पर महिला सहित तीन को सर्प ने डंस लिया। दो को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कम्पिल थाना क्षेत्र के अकरावाद निवासी इंद्रपाल का 11 वर्षीय पुत्र नागेंद्र शाम के समय खेत में टॉर्च देने गया था, तभी सांप ने काट लिया। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी घटना में कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम पुन्थर दयामाफी गांव में सत्येंद्र की 30 वर्षीय पत्नी रीना को भी सर्प ने डस लिया। उन्हें भी सरकारी अस्पताल में कायमगंज में भर्ती कराया गया। दोनों को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम बिल्हा निवासी बृजेश को भी सर्प ने काट लिया।

#### कार की टक्कर से टेंपो पलटा, पांच सवारियां घायल

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में जेएनवी रोड तिराहा के पास कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो चालक समेत पांच सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. भानु प्रताप सिंह ने सभी घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

#### गोवंश के हमले से दो घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर थाना अमृतपुर के गांव दादीपुर निवासी हर्षबर्धन व जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव रुदायन निवासी मार्गश्री को गौवंश ने हमला कर घायल कर दिया। दोनो के परिजन उन्हें सीएचसी लाए। जहां गंभीर हालत में दोनो को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

#### दो ने पीया जहर, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव दतूनगला निवासी राखी व क्षेत्र के गांव ईदगाह निवासी वीरपाल ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन ने सीएचसी लाए।

कवायद — प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# डीएम व एसपी ने परखी स्ट्रांग रूम की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहा है। डीएम डॉ. वीके सिंह व एसपी विकास कुमार ने मंगलवार को मतगणना और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो, इसको लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग मुस्तैद होकर अब मैदान में उतर आया है। डीएम व एसपी ने सातनपुर मंडी में बनाये गये मतगणना और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। चुनाव शुरू होने से लेकर मतगणना तक सभी कार्यों की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की होती है। लिहाजा प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई कमी नही छोड़ना चाहता। उन्होंने मतदान से पूर्व पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतगणना के कार्य को लेकर तैयार होने वाली रूपरेखा पर मंथन किया। साथ ही उन्होंने स्ट्रांग रूम का स्थलीय निरीक्षण किया और सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने कहा कि स्ट्रांग रूम से मतगणनास्थल तक ईवीएम को लाने व ले जाने के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था की जाए। स्ट्रांग रूम को पूरी तरह बंद कर दिया जाए।


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम वीके सिंह व एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

- पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतगणना पर तैयार की रूपरेखा

## ट्रैक्टर से तंबाकू की पकी फसल की नष्ट

**कायमगंज।** एक किसान ने ट्रैक्टर से तंबाकू की पकी फसल नष्ट कर लाखों का नुकसान करने का आरोप लगाया है। जबकि दूसरे पक्ष ने भी गाली गलौज कर अभद्रता कर उनका खेत में रखा सामान ले जाने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

पृथ्वीदरवाजा निवासी अंसर नवाज खां ने तहरीर में कहा है 6 मार्च को बगिया सोहनलाल निवासी दस असलहाधारी हमलावरों के साथ पहुंचे और नखासे के पास ट्रैक्टर में हैरो लगाकर खेत में खड़ी उनकी तंबाकू की फसल को नष्ट कर दिया। दूसरे पक्ष के संजय कुमार गुप्ता की पत्नी आरती की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है 7 मार्च को वह व उसके पति अपने खेत पर थे, तभी आरोपित अपने दस बारह अज्ञात लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज कर उसे धक्का दे दिया और अभद्रता की।

# स्वयंसेवकों ने दी संस्कृति की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- संघ के कार्यकर्ताओं ने गीत घोष वादन के साथ मनाया भारतीय नववर्ष
- बच्चों ने रोली-चंदन का टीका कर राह चलते लोगों का किया अभिनंदन

**अमृत विचार।** को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव राष्ट्रीय गीत घोष वादन के साथ मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. केशव राम हेडगेवार एवं गुरु जी के चित्र पर पुष्पांजलि व ध्वज प्रणाम के साथ हुआ। अध्यक्ष पवन कटियार, संघ चालक सुशील, प्रमुख वक्ता संजीव, प्रांत प्रचारक प्रमुख विजय अवस्थी, विभाग कार्यवाहक राजेश, शिवम, रामगोपाल, राज किशोर, दीपक, प्रवीण, अनिल ने कार्यक्रम में सहभागिता की और भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की जानकारी दी।

इस दौरान वक्ताओं ने भारतीय नव वर्ष के ऐतिहासिक महत्व पर सनातन एवं वैज्ञानिक तत्वों एवं महापुरुषों के इतिहास को भी बताया। स्वयंसेवकों ने भारतीय संस्कृति को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का विराम राष्ट्रीय ध्वज वंदना व नव वर्ष की शुभकामनाओ के साथ किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर विद्या मंदिर के छात्रों ने आचार्यों के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर चौक, घुमना बाजार, रेलवे रोड, पक्का पुल चौराहे पर रोली-चावल, चंदन से तिलक लगाकर पशुओं के साथ नागरिकों का भी अभिनंदन किया।


झंडारोहण करते संघ के स्वयंसेवक। अमृत विचार

# बाइक की चेन में साड़ी फंसने से महिला गिरी, मौत

## बकेवर क्षेत्र के महेवा हाईवे पुल पर हुआ हादसा, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, इटावा


कुसमा देवी।

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे स्थित महेवा ओवरब्रिज पर बाइक से अपने पति के साथ जा रही एक महिला की साड़ी का पल्लू अचानक बाइक की चेन में फंस गया। पल्लू फंसने से महिला सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी भिजवाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया । रास्ते में उसकी मौत हो गई।

औरैया जिले के अयाना थाना क्षेत्र के गांव स्वरूप नगर निवासी दीपेंद्र सिंह अपनी पत्नी कुसमा के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में जसवंतनगर थाना क्षेत्र के गांव सुगंध नगर जा रहा था । उसके साथ साले की दो साल का बच्ची भी साथ थी। उसकी बाइक बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेवा ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी अचानक कुसमा की साडी का पल्लू किसी तरह से चेन में चला गया। पल्लू के चेन में चले जाने से वह बच्ची सहित सड़क पर जा गिरी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी मोहनवीर सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी भिजवाया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पति दीपेंद्र ने बताया कि वह पत्नी कुसुमा और अपने साले की बेटी जिया दो वर्ष के साथ अपनी बहन आरती देवी निवासी सुगंधनगर थाना जसवंत नगर के लिए निकला था । रास्ते में हादसा हो गया। पत्नी के पेट में सात माह का बच्चा भी था । इस घटना में दो साल की जिया पुत्री मानसिंह भी घायल हो गई है।

### बाइक से गिरकर अधेड़ की मौत

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुंदरपुर मोड़ के पास अचानक बाइक के फिसल जाने पर उससे गिरकर एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पीजीआई भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। सुंदरमोड़ के पास स्थित कंहैया नगर निवासी विवेक कुमार अपनी बाइक से बाजार करने के लिए गया था। जब वह सुंदरपुर मोड़ के पास पहुंचा, तभी अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पीजीआई भेजा गया । जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# खड़ी पिकअप में भिड़ी बाइक, एक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर हुई घटना

**अमृत विचार।** जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर नगला कंहई के पास मंगलवार की दोपहर को पहले से खराब खड़ी पिकअप में तेजी से आ रही एक बाइक पीछे से जा भिड़ी । इस हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जब कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बताई गई है।

फिरोजाबाद जिले के मोहल्ला विजयनगर निवासी लकी कुमार पुत्र राजवीर अपनी मां सुनीता देवी व मोहल्ले के एक युवक के साथ बाइक से इटावा आ रहा था। उसकी बाइक जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव नगला कंहई के पास पहुंची तभी बाइक पहले से खराब खड़ी पिकअप में पीछे से तेज गति से जाकर भिड़ गई।

इस हादसे में लकी की मौके पर ही मौत हो गई। सुनीता व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सुनीता देवी ने बताया कि उसका छोटा पुत्र बॉबी घर से नाराज होकर चला गया था। उसके बारे में पता चला कि वह इटावा में है। वह उसे खोजने के लिए इटावा आ रही थी तभी रास्ते में हादसा हो गया।बाइक सवार की मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा है।

# घायल शिक्षक को दी आर्थिक सहायता

**इटावा।** ब्लाक ताखा के प्राथमिक विद्यालय समथर में कार्यरत शिक्षक आकाश दीक्षित सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। उन्हें टीचर सेल केयरटीम ने 25000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की ।

टीचर सेल केयर के जिला संयोजक शौकीन सिंह यादव एवं माध्यमिक शिक्षा से जिला सह संयोजक सुनील कुमार, प्रद्युमन कश्यप एवं उनकी पूरी जिला टीम एवं ब्लाक टीम उपस्थित रही। संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य का जिला सह संयोजक ब्रजेश कुमार यादव ने आभार प्रकट किया। सहयोगी सदस्यों के लिये स्वेच्छा से 50 रुपये कि वार्षिक व्यवस्था शुल्क का नियमावली में प्रावधान है। जिसमें व्यवस्था शुल्क देने वाले शिक्षक की गंभीर दुर्घटना की स्थिति में अस्पताल द्वारा खर्चा एक लाख से अधिक होने पर टीम इलाज हेतु 25000 से 50000 रुपये तक का सहयोग करती है। ब्रजेश कुमार, सुशील कुमार एवं सौरभ कुशवाह मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में एक दोषी को दो साल की सजा

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ ने धोखाधड़ी के सवा साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे दो साल की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

सहायक अभियोजन अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि जनपद मऊ के गांव छिछारे हलधर पुर निवासी पूनम भारती पत्नी राजेश कुमार ने 12 नवंबर 2022 को बकेवर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसकी नौकरी लगवाने के बहाने वशिष्ठ तिवारी ने उससे बीस लाख रुपये लिए थे। नौकरी न लगने पर उसने रुपयों की मांग की तो वापस नही किए। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया गया है कि वशिष्ठ तिवारी ने अपने साथियों के साथ महेवा में एक ऑफिस खोला था वहीं वह लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपया ऐठने का काम करता था।

मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। अभियोजन अधिकारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने वशिष्ठ तिवारी को दोषी पाया और दो साल की सजा व दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- भक्तों ने की मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना, रखा उपवास
- देवी मंदिरों में सुबह से लगा श्रद्धालुओं का तांता

**अमृत विचार।** चैत्र माह के पवित्र नवरात्र के पर्व पर जिले भर के देवी मंदिरों में माता रानी के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। इटावा के कालीवाहन मंदिर, ब्रह्माणी मंदिर और लखना कालका देवी मंदिर पर सुबह से महिलाओं, पुरुषों ओर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। महिलाओं ने अपनी अपनी मनोकामना पूरी करने और मां की आराधाना के लिए पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना की। कालीवाहन मंदिर पर योगेश कुमार ने सुबह तीन बजे वाली आरती की। आरती में मंदिर के महंत के अलावा डीबीए के मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी एड, अथर्व यादव और रिटायर्ड सीओ रामनाथ सिंह यादव के अलावा बड़ी तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए।


लखना के कालका देवी मंदिर पर दर्शन को जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

बकेवर संवाददाता के अनुसार लखना स्थित कालिका देवी मंदिर पर सुदूर अंचलों से देवी भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। मुहाल ठाकुरान में स्थित श्रीरामजानकी मंदिर प्रांगण में मां जगतजननी की प्रतिमा आचार्य सत्यप्रकाश शास्त्री अजीतमल औरैया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित कराई । सुरक्षा की दृष्टि से सीओ भरथना अतुल प्रधान, प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा, थानाध्यक्ष बिठौली अलमा अहिरवार व लखना चौकी इंचार्ज मेला प्रभारी ललित कुमार मय पुलिस फोर्स पीएसी के साथ मंदिर परिसर और मुख्य मार्ग पर लगी बेरीकेडिंग पर मौजूद रहे।

# सैफई आयुर्विज्ञान विवि में डॉक्टरों ने तीमारदारों को पीटा

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** कई मामले होने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के स्टाफ की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हो रहा है। सोमवार की देर रात घायल अधेड़ के इलाज में लेटलतीफी होने पर तीमारदार व डाक्टरों से कहासुनी होने पर बवाल इतना बढ़ गया कि इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ हो गई। चार तीमारदारों के सिर फोड़ दिए गए। चिकित्सकों के हमले से गंभीर घायल हुए तीमारदारों का इलाज सैफई में न होने पर पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा।

सैफई थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हिम्मत निवासी सहदेव सिंह 65 वर्षीय सड़क हादसे में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया । हालत नाजुक होने पर डाक्टर द्वारा खून की मांग की गई। घायल सहदेव के तीमारदारों ने समय से खून उपलब्ध न कराने को लेकर ड्यूटी पर तैनात डॉ कृष्ण उपाध्याय, डॉ धर्मेंद्र तरकर व महिला स्टाफ से कहासुनी हुई और मामला बढ़ गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई और ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ हो गई। जिसमें तीमारदार रविंद्र सिंह 50 वर्ष, मनोज यादव 46 वर्ष एवं शिवम यादव 24 वर्ष , विनय 25 वर्ष निवासी ग्राम नगला हिम्मत थाना सैफई के गंभीर चोटें आई। इन घायलों में रविंद्र सिंह दरोगा के पद पर अलीगढ़ में तैनात है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे घायलों को थाने ले जाकर पुलिस सुरक्षा में जिला अस्पताल के लिए भेजा। रात साढ़े 11 बजे एसडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम,नायब तहसीलदार अलख शुक्ल इमरजेंसी ट्रामा सेंटर पहुंचे।


इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ के बाद का दृश्य। अमृत विचार

# भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की

**जसवंतनगर, इटावा।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा के तत्वावधान में होली मिलन सामारोह एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शाखा के नए अध्यक्ष के रूप में शिवकांत जैन, सचिव अनुभव यादव तथा वित्त सचिव के रूप से डॉ पुष्पेंद्र पुरवार ने शपथ ग्रहण की । प्रांतीय वरिष्ठ संरक्षक रमेश मल्होत्रा ने सभी नये पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

राष्ट्रीय पदाधिकारी हरनारायण चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन को समाज के लिए उपयोगी बनाने के लिए प्रत्येक सदस्य को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से करना चाहिए। नगर पालिका परिषद जसवंतनगर अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार ने कहा कि परिषद के कार्यो को वह सब मिलकर जन जन तक पहुचाएं। इस कार्यक्रम में संगठन सचिव पद पर डॉ स्वराज श्रीवास्तव, महिला संयोजिका के रूप में रेनू कुशवाह ने भी शपथ ग्रहण की।

# ईदगाह में ईद की नमाज सुबह साढ़े सात बजे होगी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सड़क पर नमाज न पढ़ने की दी सलाह

**अमृत विचार।** ईदगाह कमेटी के सेक्रेटरी मोहम्मद अफजाल ने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज चन्द्र दर्शन के मुताबिक सुबह 7.30 बजे होगी। ईद 11 अप्रैल को होगी।

मोहम्मद अफजाल ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में ईद की नमाज़ ईदगाह परिसर में ही होगी, कोई भी नमाजी सड़क पर नमाज अदा नहीं करेगा। ईदगाह कमेटी के वालंटियर ईदगाह के बाहर नमाजियों को सड़क पर नमाज अदा करने से रोकने के लिए तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को ईदगाह परिसर में नमाज पढ़ने के लिए जगह न मिले तो वह शाही मस्जिद नौरंगबाद, और पक्का तालाब स्थित मस्जिद में ईद की नमाज अदा कर सकते हैं। इन मस्जिदों में ईदगाह की नमाज के बाद ईद की नमाज होगी। इसी क्रम में अंजुमन हैदरी कमेटी के उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि शिया समाज की चाणक्य होटल स्थित ईदगाह में ईद की नमाज चांद दिखने के बाद सुबह 7.30 बजे होगी जिसे मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा अदा कराएंगे।

### मिलजुल कर मनाएं ईद का पर्व

शिया समुदाय के मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा एवं शहर काजी रफीकुल हसन ने संयुक्त रूप से कहा है कि मुस्लिम समाज ईद का पर्व आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाए और शहर की गंगा जमुनी संस्कृति को बरकरार रखें। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि वह शासन और जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए ईदगाह सहित मस्जिदों के अंदर ही ईद की नमाज अदा करें।

## सार-संक्षेप


ज्ञान स्थली एकेडमी में एक-दूसरे से ईद मिलते बच्चे। अमृत विचार

### मनभेद भुलाकर मनाएं त्योहार

**इटावा।** ज्ञान स्थली एकेडमी कटरा शमशेर खां में ईद मुबारक हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि त्योहार हमारे अंदर नया उत्साह पैदा करते हैं। अपनी खुशी एक साथ प्रकट करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह त्योहार अपनों के बीच सुखद पलों का अहसास कराता है। ईद खुशी मनाने के साथ साथ गरीबों की मदद करने के लिए भी बनी है। इस दिन सभी उपहार देकर एक दूसरे की मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक महीने में मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखते हैं। इस दिन हमें आपस में भेदभाव भूलकर मिल जुल कर त्योहार मनाने चाहिए। सभी तरह के राग द्वेष भूलकर भाईचारे की भावना से मनाए गए त्योहारों की अपनी अलग शान होती है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन नवसंवत्सर का प्रारंभ हो रहा है। ब्रह्माजी ने इसी दिन सृष्टि का आगाज भी किया। इसी दिन अलग अलग भागों में गुड़ी पड़वा, उगादी, चैत्र नवरात्र जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। संवत से हिंदू नववर्ष का आगमन होता है। इस मौके पर बच्चों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद और नवसंवत्सर की बधाई दी।



विजेताओं के साथ स्केटिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### स्केटिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**इटावा।** मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई में तृतीय इटावा ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयु वर्गों व विभिन्न श्रेणी की प्रतियोगिताओं में लगभग 110 स्केटर्स ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उदघाटन तहसीलदार भरथना राजकुमार सिंह ने किया । मुख्य अतिथि के रूप में मनुराज राठौर उपस्थित रहे। विभिन्न आयु वर्गों में व विभिन्न श्रेणी की प्रतियोगिताओं में गुलशन बाबू, दक्ष धर्म ,अध्ययन शुक्ला ,आयुष, ख्याति प्रतीक्षा, देवांश ,शिखर प्रताप, आराध्य,श्रेयांश अथर्व , लक्ष्य, वैष्णवी असीन ,अनिका, दीप्ति आचमन मिश्रा को गोल्ड मेडल, देव यादव ,देवांश ,शशांक शेखर ,आराध्या ,शिखर अभिनव ,सिद्धार्थ, अविरल ,मीमांसा, अर्चिता वाजपेई को सिल्वर मेडल तथा अर्णव पटेल ,आइनेंस , यशस्कर एकाक्ष ,वेदांश, शौर्य शिवांश, अथर्व, आरुष श्रेष्ठा ,आनवी आदि बच्चों को ब्रांज मेडल प्राप्त हुए। रोलर डर्बी में दो टीमों ने प्रतिभाग किया। इनलाइन अल्पाइन में अपूर्व राजपूत और एकाक्ष ने गोल्ड मेडल प्राप्त किए। इटावा रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन से एडवोकेट मानवेंद्र सिंह चौहान, प्रेम किशन पाल, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश यादव, पवन वर्मा, नरेश भदौरिया और जनरल सेक्रेटरी अर्चना उपस्थित रहे। इटावा के नेशनल मेडलिस्ट बच्चों प्रतिष्ठा, विश्वास, मिस्टी, नेत्रा, ख्याति का इटावा रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने सम्मान किया।


प्रतियोगिता में विजेता छात्राएं । अमृत विचार

### निबंध प्रतियोगिता में सलोनी ने मारी बाजी

**ताखा, इटावा।** विकास खंड ताखा के कंपोजिट विद्यालय बकौली में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने वोट के महत्व पर निबंध लिखा। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। जन जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है आदि कई स्लोगन को लिखकर जागरूकता का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर की देखरेख में प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में कक्षा 6 की मोहिनी ने पहला,कक्षा 4 की सलोनी ने दूसरा एवं कक्षा 8 की प्राची ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शिक्षिका गीता दोहरे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने विजेता बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।


रेलवे स्टेशन पर जलपान सुविधा का उद्घाटन करते एसएस मनोज कुमार।

### स्टेशन पर मिलेगी जलपान की व्यवस्था : अधीक्षक

**भरथना,इटावा।** मंगलवार को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने कैंटीन जलपान ट्राली सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि भरथना रेलवे स्टेशन के भव्य सौंदर्यीकरण के साथ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए जलपान कैंटीन ट्राली की व्यवस्था शुरू कराई गई है। इटावा रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनने के साथ ही भरथना रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। यात्रियों की अन्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटा हुआ है। पूर्व में स्टेशन पर यात्रियों को जलपान की समस्या से जूझना पड़ रहा था। इस दौरान बुकिंग सुपरवाइजर कामरान,बुकिंग बाबू मनीष कुमार,जीआरपी से महेंद्र सिंह,अरुण कुमार, रेल यात्री धीरज कुमार, विशाल बाबू,शिवशंकर आदि मौजूद रहे। कैंटीन संचालक भोला सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

### परौली रमायन गौशाला में दो गोवंशों की मौत से हड़कंप

**बसरेहर, इटावा।** विकास खंड बसरेहर क्षेत्र के ग्राम पंचायत परौली रमायन के गांव नगला हरी में बनी गौशाला में दो गोवंशों की मौत हो गई। तीन गोवंश बीमार पड़े हैं। आठ दिन से सचिव ही गायब हैं। गौशाला के कर्मचारियों ने अपना दुखड़ा रोते हुए बताया कि उनका पांच माह से वेतन नहीं मिला है। होली के त्योहार पर उधार रुपये लेकर अपना त्योहार मनाया। कर्मचारियों ने सचिव से अपने वेतन की मांग की तो उन्होंने आठ दिन से गौशाला मे आना ही बंद कर दिया।

### भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे होटल हर्षवर्धन पैलेस पक्का बाग पर किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल उपस्थित रहेंगे। मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने बताया कि पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डोर-टू डोर सघन जनसंपर्क जारी है।

### छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायत उझियानी के प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली। प्रधानाध्यापक जूनियर स्कूल नरेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह यादव ने अपील की कि सभी लोग 13 मई को शत प्रतिशत मतदान करें। इस दौरान सहायक अध्यापक बालकृष्ण,, निधि गुप्ता, कीर्ति सिंह , अनुदेशक गौरव तिवारी सहित प्राथमिक विद्यालय से प्रधानाध्यापक माया राणा, डा मनोज कुमार वर्मा ,अभिलाषा चतुर्वेदी , शिवपाल, संजीव कुमार और ग्राम पंचायत के सहायक प्रहलाद कुमार मौजूद रहे।

**कार्यक्रम आयोजित** — सामूहिक शंखनाद के साथ गूंजा जयकारा,लोगों ने धूमधाम व एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर मनाया हिन्दू नववर्ष

# सूर्य को अर्घ्य देकर किया नवसंवत्सर का स्वागत, गूंजे वैदिक मंत्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती इटावा इकाई ने नव संवत्सर 2081 के प्रथम दिवस सामूहिक शंखनाद एवं स्वस्ति मंत्रों की मंगल ध्वनियों के साथ पक्का तालाब पर प्रातः छह बजे सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को जल-पात्रों में पुष्प और नैवेद्य युक्त जल का अर्घ्य अर्पित किया। तिलक, कलावा बांधकर नव संवत्सर उत्सव मनाया गया। भारत विकास परिषद इटावा तुलसी के पंकज कुमार सिंह चौहान ने भी संयुक्त रूप से नवसंवत्सर मनाया।

संयोजक संस्कार भारती के साहित्य विधा संयोजक पूर्व प्राचार्य महेश चंद्र तिवारी तथा सहसंयोजक नरेंद्र कुमार वर्मा रहे। कार्यक्रम में संस्कार भारती के अध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्र, सचिव कुलदीप अवस्थी,कोषाध्यक्ष इंद्र नारायण पांडेय, उपाध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र यादव मौजूद रहे।


सूर्य को नमन करते संस्कार भारती और भाविप के पदाधिकारी। अमृत विचार

### तिलक लगाकर दी नवसंवत्सर की बधाई

**जसवंतनगर, इटावा।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा ने नगर में नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष पर धूमधाम से पूरे नगर में घूम-घूम कर लोगों का रोली चंदन से तिलक लगाकर हिंदू नव वर्ष अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम प्रभारी अमरचंद शर्मा एवं सह प्रभारी अशोक यादव, शाखा अध्यक्ष शिवकांत जैन, सचिव अनुभव यादव, संगठन सचिव स्वराज प्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र पुरवार, राजीव गुप्ता, डा अवनीश कुशवाहा, दिनेश चौरसिया, सुमंत पुरवार, मुकेश माथुर, सुरेन्द्र धनगर, बटेश्वरी दयाल प्रजापति, डा दीपक यादव, मधुर श्रीवास्तव, डा राजकुमार, प्रमोद यादव, मणि शंकर गुप्ता, चंद्रपाल यादव, सर्वेश गुप्ता, डा विनय यादव ,अनुजवर्मा, सुशील वर्मा, विमलेश यादव, रामकुमार गुप्ता, रेनू कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# विक्रम संवत का पहला दिन महत्वपूर्ण

**जसवंतनगर, इटावा।** आरएसएस ने नव संवत्सर प्रारंभ होने पर छिमारा रोड स्थित एक मैरिज होम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।मुख्य वक्ता आरएसएस के सह विभाग संचालक रामनरेश शर्मा ने कहा कि वर्ष विक्रम संवत 2081 का प्रारंभ होने के साथ ही यह दिन संत झूलेलाल का जन्मदिवस भी है।

इसी दिन से नव दुर्गा का प्रारंभ होता है यह श्री राम के राज्याभिषेक का दिन भी है। संघ के संस्थापक केशव बलिराम हैडगेवार का जन्म दिन तथा बसंत ॠतु का प्रारंभ भी इसी दिन से होता है। जिला प्रचारक शिवम, खंड प्रचारक रविंद्र सिंह, खंड कार्यवाह राजकुमार यादव, खंड शारीरिक प्रमुख विक्रम, नगर कार्यवाह गौरव, बलवीर सिंह, वैभव भदौरिया, प्रदीप पांडेय, प्रबल प्रताप आदि रहे।


नवसंवत्सर पर कार्यक्रम को संबोधित करते स्वयंसेवक रामनरेश शर्मा। अमृत विचार

### नवसंवत्सर पर निकाली ध्वज रैली

**महेवा, इटावा।** भारत विकास परिषद शाखा महेवा ने नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में ध्वज रैली निकाली। जय श्री राम के नारे लगाते हुए लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। गायत्री परिवार के प्रचारक पंडित सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि आज चैत्र की परवा से नववर्ष शुरू होती है। आज 2081संवत शुरू हुई है हम सभी को आज नववर्ष के अवसर पर एक दूसरे को बधाई देने चाहिए । शाम को घरों में दीपक जलाना चाहिए। ध्वज यात्रा समापन कस्बा स्थित रामजांनकी मंदिर परिसर में जय श्री राम के घोषो के साथ किया गया । वहीं इस अवसर पर बृजराज पांडेय ,अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश चंद्र शर्मा , सुभाष मिश्रा ,लालजी मिश्रा ,चंद्र प्रकाश गुप्ता,मनोज कुशवाहा , निर्मल गुप्ता,मन्नाबाबू दुबे , दिनेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

एक: पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजनः।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

## संपादकीय

# मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# ईद, सीएए और बदला हुआ शाहीन बाग


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है,जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक,2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

> सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा,पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा,पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं,पर इस बार मुद्दा ईडी,सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है,जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए,एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई,बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ,रैलियां,सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था,बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है,लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम,1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी,चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो,भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है,क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है,जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं,पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र,आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है,जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक,2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है,लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है,समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

## प्रसंगवश

# चर्चित समय का इतिहास


रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल,म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है,जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी,हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई,पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं,वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है,जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

# लोक, जनसभा, रैली और भीड़


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भीड़ का काम विवेक सम्मत होता,तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी,अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है,जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है,उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती,भीड़ तालियां बजा सकती है,जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है,लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का,मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है,नारे लगाता है,भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं,किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है,जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है,एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है,भागो और भगदड़ मच गई,दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है,लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है,तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं,असहनशीलता का विस्फोट होना,उत्तरदायित्व का अभाव,सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति,असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है,भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं,भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है,क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा,पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता,तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी,अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए,उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है,इसको कई दशक हो चुके हैं, हां,अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

## सोशल फोरम

# जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन,मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश,जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है,वहां मानव ही पूंजी है,मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है,पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं,उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी,पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं,पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त,पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं,डिग्री है, मोबाइल है,खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है,चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं,उसके बाप की हालत देखकर लगता है,इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में,प्रेम करके छिपाने में,घूस लेकर छिपाने में,बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है,बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

-फेसबुक वॉल से

# मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू


डॉ.पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

> भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना,विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है,परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म,धूल भरी,उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है,परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है,परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं,यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते,वसुधैव कुटुंबकम्,सर्वे भवंतु सुखिनः,अहिंसा परमो धर्मः,अधर्म का नाश,धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है,परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अतः पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

# शिव भी नि:शक्त हैं जिनके बिना


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं,वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं,जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं,"शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली,उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली,अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलैक्य में सर्वोपरि बताया,तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं,जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप,भेद,वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती,सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्रीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं।वे हैं,ब्राह्मी,वैष्णवी,माहेश्वरी,ऐन्द्री, कौमारी,वाराही,चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई,तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं,मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मूझ में प्रविष्ट हो रही हैं'। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।

# नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

## मंगला काली मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना , पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कर रखे हैं पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** औरैया में बीहड़ के बीचों-बीच ऊंचाई पर बने मंगलाकाली मंदिर व अन्य मंदिरों में नवरात्र में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। इस मंदिर को बेहद खूबसूरती से सजाया गया है।मंगलाकाली मंदिर के अलावा भी अन्य मंदिरों को सजाया व संवारा गया है, जहां पर हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं और माता रानी की पूजा अर्चना कर रहे हैं।

मंगलवार से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है। मंदिरों में 9 दिनों तक देवी मां के अलग-अलग रूपों में भक्तों को दर्शन देखने को मिलेंगे। नवरात्र उत्सव की धूम देखने को मिल रही है। यहां बीहड़ के बीचों बीच ऊंचाई पर बने मंगलाकाली मंदिर में नौ दिनों तक सैकड़ों की संख्या में भक्त माता के दर्शनों को आते हैं। इन नौ दिनों में लोग अपनी मनोकामना पूर्ति के लिये इस मंदिर में कठिन चढ़ाई चढ़कर पहुंचते हैं। इस मौके पर मंदिर में भी साफ-सफाई और बेहद खूबसूरत सजावट की गई है। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं।


मंदिर में सजी मां मंगला काली की मूर्ति। अमृत विचार


मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार


पूजा अर्चना करते पुजारी। अमृत विचार

### देवी मंदिरों गूंजे माता के जयकारे

**फफूंद, औरैया।** कलश स्थापना के साथ मंगलवार को चैत्र नवरात्र के अनुष्ठानों का शुभारंभ हो गया। नवरात्र के पहले दिन देवी भक्तों ने उपवास रखकर कलश स्थापना के बाद मां के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की। इसी के साथ नवरात्र के नौ दिवसीय व्रतों की शुरुआत हो गई। पहले दिन प्राचीन महामाया मंगलाकाली मंदिर जैतपुर समेत विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी। दिनभर मां के जयकारे और घंटा-घड़ियाल से मंदिर गूंजते रहे। नवरात्र के पहले दिन महामाया मंगलाकाली मंदिर में सुबह से ही श्रद्घालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने मां को मिष्ठान, फल-फूल, नारियल, श्रृंगार सामग्री और चुनरी आदि भेंट करते हुए जयकारे लगाए। महामाया मंगलाकाली मंदिर में भागवत कथा के लिए मां का दरबार सजाया गया है। यहां देवी भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन हो रहा है। भक्तों ने अपने-अपने घरों में घट स्थापना कर व्रत की शुरुआत की। नवरात्र के लिए देवी मंदिरों को फूलों की लड़ियों और बिजली की रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया है। मंदिरों में दिन भर मां के जयकारे और घंटा-घड़ियाल से मंदिर गूंजते रहे। सुबह भोर से लेकर देररात तक लोगों की कतारें मंदिर में दर्शन पूजन के लिये लगी रहीं। मंदिरों में मिलने वाले प्रसाद को भक्तों ने बड़े श्रद्धाभाव से ग्रहण किया।

### मंगला काली मंदिर में नवरात्र की धूम

चैत्र नवरात्र की शुरुआत का आज पहला दिन है। आज मां शैलपुत्री की अराधना की जा रही है। जहां एक बार फिर से देवी मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। औरैया जिले के मंगला काली मन्दिर की बहुत मान्यता है। ये मंदिर भले ही बीहड़ क्षेत्र में है लेकिन भक्त मंगलाकाली माता के दर्शन को दूर-दूर से आते हैं। कहते हैं यहां आने वाले हर भक्त की मनोकामना पूरी होती है। मंदिर में सुबह से ही महिलाए कीर्तन नाच गाना करती दिख रही हैं तो वहीं माता की एक झलक देखने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से आना जाना लगा है। मन्दिर में विराजमान माता मंगलाकाली की ये मूर्ति वाकई में अद्भुत है।

### खूब है इस मंदिर की मान्यता

मन्दिर के पुजारी ने बताया कि ये प्राचीन मंदिर है। इस नवरात्र में भक्त दूर-दूर से माता के दर्शन को सुबह से आ रहे हैं। यहां हर भक्त जो सच्चे मन से आता है उनकी मनोकामना भी पूरी होती है। मन्दिर में नौ दिनों तक तमाम तरह के कार्यक्रम होंगे और भंडारा भी चलेगा। मन्दिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी होती है। यह प्राचीन मन्दिर है, यहां दूर-दूर से भक्त दर्शनों को आते हैं।


मंदिर में महादेव का भव्य श्रृंगार। अमृत विचार

# वन खंडेश्वर मंदिर पर महादेव का हुआ श्रृंगार

संवाददाता बिधूना, औरैया

- मंदिर में भजन, कीर्तन व आरती के बाद भक्तों को बांटा प्रसाद

**अमृत विचार।** नगर के प्राचीन वन खंडेश्वर मंदिर पर शिव भक्तों द्वारा महादेव का फूलों से भव्य श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। मंदिर भजन कीर्तन व भोग आरती के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

नगर में स्थित प्राचीन वन खंडेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी उमेश कुमार शुक्ला मुख्य सेवादार एवं महादेव का लाडला अन्नू सेंगर प्रिंस शुक्ला हर्ष ठाकुर प्रशांत पंडित, छुन्ना तोमर आदि शिव भक्तों द्वारा महादेव का विभिन्न फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया तत्पश्चात भोग आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही भजन कीर्तन के कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें घंटों शिव भक्त भजनों पर झूमते थिरकते रहे।

महादेव के इस भव्य श्रृंगार के मौके पर सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु मंदिर पर मौजूद रहे। इस संबंध में मंदिर के मुख्य सेवादार अन्नू सेंगर ने बताया है कि प्रत्येक माह की शिव तेरस पर महादेव का भव्य श्रृंगार एवं महाआरती यहां की जाती है जिसमें समूचे तहसील क्षेत्र से शिव भक्त जुटते हैं।


कलश शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

## कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत

**फफूंद, औरैया।** नगर के बाबरपुर रोड़ पर स्थित दुर्गा देवी मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की मगंलवार को पुरुष व महिलाओं, बुजुर्ग, युवाओ के द्वारा कलश शोभायात्रा निकालकर शुरुआत हुई।

मंगलवार से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत कलशयात्रा के साथ शुरू हुई,कलश यात्रा कथा स्थल दुर्गा देवी मंदिर परिसर से आरंभ होकर ढोल नगाड़े की धुन पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर मंदिर परिसर से नगर भ्रमण कर फफूंद चौराहे पहुंची जहां पर भक्तों ने कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जहां पर भक्तों ने कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। मन्दिर परिसर के कथा पंडाल में भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची । श्रीमद्भागवत महापुराण के पूजन के पश्चात वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ इस कथा के प्रथम दिन की शुरुआत की। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के भागवत पंडित अमित कुमार तिवारी (छूना पंडित जी महाराज) की अगुवाई में प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य बताया।

# बिजली की चिंगारी से लगी आग से सात बीघा फसल राख

संवाददाता ककोर, औरैया

- कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने बुझाई आग
- लापरवाही के चलते अधिकारियों पर भड़के भाजपा नेता

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भियापुर गांव में गेहूं के खेत से निकली विद्युत लाइन में स्पार्किंग होने से निकली चिंगारी से फसल में आग लग। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से चार किसानों की सात बीघा फसल जलकर राख हो गई। आगजनी के बाद कई बार सूचना देने के बाद सदर एसडीएम राकेश कुमार पहुंचे। वहीं सूचना पाकर भाजपा जिला महामंत्री कौशल राजपूत मौके पर पहुंच गये। उन्होंने अधिकारियों से बात करके लापरवाही पर खरी खोटी भी सुनाई। कौशल राजपूत ने किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का हर संभव वादा किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे भियापुर गांव में किसान रविकांत, शशिकांत, जानकी देवी, आनंद कुमार के खेतों में विद्युत स्पार्किंग से आग लग गई। आग की लपटें उठती देख गांव के लोग दौड़े और आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। वहीं लोगों ने एनटीपीसी दमकल कर्मियों को सूचना दी। सूचना मिलने के 20 मिनट बाद दमकल की दो गाड़ियां पहुंची और उन्होंने कुछ देर बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सात बीघा गेहूं चलकर खाक हो गए । ग्रामीणों का कहना था कि यदि बूढ़ादाना रजवाहा में पानी आ रहा होता। तो कुछ समस्या का हल हो सकता था। लेकिन पिछले 15 दिन से रजवाहा में कोई पानी नहीं आ रहा है। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद एक घंटे तक की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस आग में किसानों का एक लाख से ऊपर का नुकसान हो गया है। हालांकि सूचना मिलने के बाद कानूनगो अखिलेश पाण्डेय, लेखपाल शाह गुप्ता मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन किया। इसके बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी । वहीं ग्राम के लोगों ने उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कई बार कहने के बावजूद भी उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने इस लाइन को यहां से हटवाना उचित नहीं समझा। पिछले वर्ष भी इन्हीं उपखंड अधिकारी की लापरवाही से यहीं विद्युत चिंगारी से आग लगी थी। इस बार भी वही हाल हुआ । विद्युत अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को दोबारा भुगतना पड़ा है। ग्रामीणों ने जिला महामंत्री कौशल राजपूत से अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई एवं लाइन हटवाने की मांग की है।


जली हुई फसल दिखाता किसान। अमृत विचार


आग को बुझाते ग्रामीण व फायर ब्रिगेड कर्मी। अमृत विचार

### अज्ञात कारणों से घर ,खेत और जंगल में लगी आग

**अजीतमल,औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूरेपुर कला और ज्ञानपुर अड्डा के जंगलों में भीषण आग लग गई। जिसमें आसपास के लोगों की फसल जलकर राख हो गई और आधा दर्जन से अधिक बकरियों की आग में जल कर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक एकड़ से अधिक फसल का नुकसान हो गया है। भूरेपुर कला निवासी भंवर पुत्र बलवान सिंह के घर के बाहर रखे छप्पर में आग लगने से 7 से 8 बकरियों की जल कर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर ज्ञानपुर अड्डा के जंगलों में आग लगने से रामबाबू की दो बीघा अरहर जलकर राख हो गई वही जंगल के पास में शिवचंद के खेत में खड़ी तीन बीघा अरहर जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना सीओ राम मोहन शर्मा को प्राप्त हुई तो उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर भेजी और पुलिस फोर्स के साथ स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीण, पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से दोनों जगह लगी आग पर काबू पाया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है ।

# सुमेंद्र बने कॉप्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष

संवाददाता बिधूना,औरैया


सुमेंद्र पोरवाल।

- अपना दल एस के वरिष्ठ नेता एवं बिधूना व्यापार संगठन के संस्थापक हैं सुमेंद्र

**अमृत विचार।** केयर ऑफ पुलिस सैक्रिफाइस संस्था के संस्थापक दर्श चौधरी ने कस्बा के निवासी अपना दल एस के वरिष्ठ नेता एवं बिधूना व्यापार संगठन के संस्थापक सुमेंद्र पोरवाल को कॉप्स इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर व्यापारी समाज एवं क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

सुमेंद्र पोरवाल ने कॉप्स इंडिया के विषय में जानकारी देते हुए बताया की कॉप्स इंडिया पुलिस विभाग की अच्छे और ईमानदार पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों के बलिदान और वीरता एवं देश के लिए शहीद होने वाले जांबाज योद्धाओं के परिजनों के हितों के लिए कार्य करता है । संगठन उनकी सेवा काल के बाद विभागीय एवं उनके परिजनों को होने वाली अन्य परेशानियों में उनकी सहायता करता है। इसी प्रकार पूर्व में भी भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद ने सुमेंद्र पोरवाल को राष्ट्रीय कार्य समिति में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अनुशासन समिति का अध्यक्ष बनाकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। इस अवसर पर नगर के राकेश गुप्ता ( बंटू) पूर्व सभासद, हरिशंकर गुप्ता , व्यापार मंडल की उपाध्यक्ष आंसू सविता, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष संजीव पोरवाल, राम आसरे, लक्ष्मी नारायण पोरवाल कृष्णकांत स्वर्णकार, वीरू सेंगर आदि रहे।

## ओवरटेक करते समय ट्रक से टकराया ट्रक

**अछल्दा,औरैया।** थाना क्षेत्र के छछुंद गांव के पास से गुजरे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर सोमवार रात लगभग एक बजे एक ट्रक बरेली से झांसी जा रहा था,तभी छछुंद गांव के सामने ओवरटेक करते समय आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया, जिससे ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर होने से ट्रक चालक घायल हो गया । सूचना पर पहुंचे यूपीडा के एसओ कल्लू कुमार व अछल्दा पुलिस ने घायल चालक को जिला अस्पताल में उपचार के लिए एंबुलेंस से भेजा।

## उचित दर विक्रेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अजीतमल,औरैया।** डीएम नेहा प्रकाश के निर्देशन पर एसडीएम अजीतमल राम अवतार ने टीम गठित कर बड़ी कार्रवाई करते हुए उचित उत्तर विक्रेता दिलीप सिंह के खिलाफ कोतवाली में पूर्ति निरीक्षक कृपा शंकर ने मुकदमा दर्ज कराया।

एसडीएम राम अवतार वर्मा ने 28 मार्च 2024 को अशोक कुमार नायब तहसीलदार, कानूनगो , क्षेत्रीय लेखपाल और सहायक लेखपाल तथा पूर्ति निरीक्षक टीम गठित कर जांच की जांच के उपरांत शिकायतकर्ता उमाकांत ,रामनरेश, रितेश कुमार और अन्य 25 से 30 लोगों ने राशन डीलर के खिलाफ बयान दिए कि अंगूठा लगाने के बाद राशन नहीं देते और मजबूरी में दूसरे ग्राम जगतपुर राशन डीलर के यहां से राशन लाना पड़ता है, और यदि राशन देते भी हैं तो उसमें दो से तीन किलो राशन कम देते हैं। जिसको देखते हुए एसडीएम ने टीम बनाई और कालाबाजारी पकड़ी । तकरीबन 34 कुंतल राशन की कालाबाजारी का मुकदमा दर्ज किया गया। पूर्ति निरीक्षक कृपा शंकर ने बताया कि चांदनापुर दयाल सिंह उचित दर विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहां की दुकान राम बिहारी उचित दर विक्रेता ग्राम सेगन पुट्ठा को संबद्ध कर दी गई।

## सार-संक्षेप


हिन्दू नव वर्ष मानते स्वयंसेवक। अमृत विचार

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने मनाया हिन्दू नववर्ष

**अजीतमल,औरैया।** नगर के स्वयंसेवक द्वारा हिंदू नव वर्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विवेकानन्द शाखा समिति द्वारा जमुनादास पार्क में नव वर्ष उत्सव कार्यक्रम संवत 2081 मनाया गया। मंगलवार को सभी स्वयंसेवकों ने गणवेश में आकर सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम हिंदू सनातन संस्कृति को जागृति करने के उद्देश्य से मनाया गया। इस मौके पर जिला सह संघ चालक डॉ. उपेंद्र त्रिपाठी, जिला पर्यावरण प्रमुख नीरज , नगर संघ चालक प्रदीप कुमार,नगर कार्यवाह विपिन , नगर प्रचारक नंदू, आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### शिविर में महिलाओं ने लगवाई नि:शुल्क मेहंदी

**फफूंद, औरैया।** ईद पर्व के अवसर पर नगर पंचायत फफूंद के चेयरमैन मुहम्मद अनवर कुरैशी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने इस मौके पर कस्बे की मुस्लिम समाज की माताओं बहनों के लिए भी फ्री मेहंदी लगाने का आयोजन किया है। जिसमे मेहंदी एक्सपर्ट बारह से अधिक युवतियों ने मां बहनों के हाथों में मेहंदी सजाई। ईद पर्व को लेकर मंगलवार को फफूंद नगर पंचायत के चेयरमैन मुहम्मद अनवर द्वारा कस्बे के गुलजारी लाल बालिका इंटर कॉलेज में नि :शुल्क मेहंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बारह से अधिक मेहंदी एक्सपर्ट बेटियों ने मां और बहनों के हाथों में मेहंदी रचाई। सुबह दस बजे से ही विद्यालय में काफी महिलाएं और युवतियां पहुंच गई थीं जहां शाम चार बजे तक मेहंदी एक्सपर्ट ने पांच सौ से अधिक लोगों के मेहंदी लगाई।


कैंप में मेहंदी लगवातीं महिलाएं। अमृत विचार

### बीएसए ने नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर

**औरैया।** शिक्षा को और अधिक बेहतर बनाने व स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन बढ़ाने, कायाकल्प सहित मतदाता जागरुकता अभियान को गति देने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) व जिला समन्वयक के साथ बीएसए कार्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में परिषदीय विद्यालयों के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं सहित निपुण भारत मिशन व कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्कूल चलो अभियान को गति प्रदान करने के लिए रैली, पीटीएम बैठक, एसएमसी बैठक के माध्यम से जागरुकता फैलाने की बात कही।

**अभियान** छात्र-छात्राओं ने रैली निकलाते हुए लगाये नारे, गांवों व कस्बों में घूम-घूम कर बताया मतदान का महत्व

# बच्चों ने रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक


मतदाता जागरुकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार


जागरुकता गोष्ठी को संबोधित करते एबीएसए। अमृत विचार


रैली को झंडी दिखाते विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल।

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** मतदाताओं को जागरूक कर मत प्रतिशत बढ़ाने एवं स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय कछपुरा में विद्यालय में अध्ययनरत स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ जोर शोर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी ने गांव के मुख्य मार्गो पर भ्रमण किया।

रैली में बच्चे पहले मतदान फिल जलपान, सभी के लिये वरदान है मतदान जैसे स्लोगन लिखी हुई तख्तीयां लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली में संजय कुमार बीएलओ व विपिन कुमार, प्रशिक्षु श्रीकांत, सत्यनारायण, माधुरी, सुनीता आदि ने प्रतिभाग किया। रैली का संचालन अजय पाल प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया।

### मतदान करने की ली शपथ

**औरैया।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। अछल्दा विकासखण्ड के अंतर्गत नलहूपुर संकुल केंद्र पर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाता जागरुकता गोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी अछल्दा जगदीश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं ने भाग किया व 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके प्रत्येक नागरिक द्वारा वोट देने व अन्य नागरिकों को भी प्रेरित करने की शपथ ली। गोष्ठी में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव ने कहा कि संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने देश के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के अमूल्य वोट का अधिकार दिया।

### पढ़ी लिखी लड़की , रोशनी घर की

**औरैया।** दिबियापुर नगर के राणानगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय (मिडिल) में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गयी। रैली में शामिल स्कूली बच्चों ने पढ़ी लिखी लड़की , रोशनी घर की आदि स्लोगनों से लोगों को सजग करते हुये शिक्षा के महत्व को समझाया । विद्यालय परिसर से शुरू हुयी रैली बेला मार्ग होकर सहायल मार्ग होते हुये उमरी गांव तक गयी। रैली में जूनियर वर्ग के करीब सैकड़ा बच्चों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व रैली को सभासदपति एवं विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया । रैली में प्रधानाध्यापक शकील अफ़रोज, जायण्ट्स ग्रुप आफ दिबियापुर सहेली की पूनम पुरवार के अलावा लक्ष्मी वर्मा, योगेश गुप्ता,अनीता यादव, पूजा गुप्ता एवं निर्मला रहीं।

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।


# किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना


**मनोज त्रिपाठी**


**अमृत विचारः** नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।

**पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना**

- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका




**विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | पुरुष | महिलाएं | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| नजीबाबाद | 186699 | 165469 | 19 | 352187 |
| नगीना (सु.) | 185663 | 164416 | 12 | 350091 |
| धामपुर | 161460 | 142520 | 18 | 303998 |
| नहटौर (सु.) | 162497 | 144680 | 04 | 307181 |
| नूरपुर | 172951 | 151912 | 09 | 324872 |

**पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज**

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

## प्रत्याशी प्रोफाइल



**ओम कुमार – भाजपा**

भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



**चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी**

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित-वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।



**सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी**

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

**मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी**



सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।




**लोकतंत्र का पर्व** लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता खूब मेहनत कर रहे हैं। देहरादून में महिला कार्यकर्ताओं ने हथेली पर पार्टी मेहंदी से कमल का निशान बनवाया।

# महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो

**नागपुर।** नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा



- नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार

के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।



**मांगा समर्थन** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

# अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान

**पीलीभीत ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।



अखिलेश यादव ।

# बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी

**नई दिल्ली।** केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों



अनिल एंटनी।



एके एंटनी।

में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।

**दलित वोट बैंक** 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

# भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

**महेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर



जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।

वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

**लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन**

| वर्ष | भाजपा | बसपा | सपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | 03 | 05 | 07 | 01 | 01 |
| 200 | 02 | 02 | 10 | 02 | 01 |
| 2014 | 17 | -- | -- | -- | -- |
| 2019 | 15 | 02 | -- | -- | -- |

## विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

## इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी

- सोनभद्र –41.92, कौशांबी –36.10, सीतापुर –31.87, हरदोई– 31.36, उन्नाव –30.64, रायबरेली –29.83, झांसी –28.07, औरैया –27.69, जालौन –27.04, बाराबंकी –26.89

## ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबट्र्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।

## एक नजर

### अभियान में अब तक 22 करोड़ की नगदी बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बीते 1 मार्च से 8 अप्रैल तक कुल 13296.42 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किए गए। इसमें 2211.16 लाख रुपये नकद धनराशि, 3148.71 लाख रुपये कीमत की 930045.32 लीटर शराब, 4996.70 लाख रुपये कीमत की 8126299.13 ग्राम ड्रग, 1806.08 लाख रुपये कीमत की 52778.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1133.78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। एजेंसियों द्वारा 8 अप्रैल को कुल 218.58 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 30.79 लाख रुपये नकद धनराशि 100.91 लाख रुपये कीमत की 27527.68 लीटर शराब, 85.98 लाख रुपये की 268991.51 ग्राम ड्रग एवं 0.90 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

# एक वर्ष में प्रतापगढ़ में बढ़े सबसे अधिक पेंशनर्स

## बुजुर्गों की संख्या बढ़ने के मामले में आजमगढ़ दूसरे व गोरखपुर तीसरे स्थान पर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों में प्रतापगढ़ जिला सबसे आगे है। प्रतापगढ़ जिले में एक वर्ष के भीतर 33,798 पेंशनर्स बढ़ गये। जबकि आजमगढ़ दूसरे और गोरखपुर तीसरे स्थान पर रहा।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में पेंशन की राशि बुजुर्गों के खाते में भेजी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की जब शुरुआत हुई थी तो तिमाही पेंशन का भुगतान



विभाग की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। विभाग की मंशा है कि योजनाओं के लाभ से कोई जरूरतमंद वंचित न हो।
–कुमार प्रशांत, निदेशक, समाज कल्याण विभाग

जून 2023 में किया गया था। उस समय प्रदेश में बुजुर्गों की संख्या 4655818 थी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अंतिम तिमाही का भुगतान जब मार्च 2024 में बुजुर्गों को किया गया तो इनकी संख्या बढ़कर 5568590 हो गई। एक वर्ष के भीतर प्रदेश में 9,12,772 पेंशनर्स बढ़ गए।

| जिला | जून 2023 में संख्या | मार्च 2024 में संख्या | बढ़े पेंशनर्स |
|---|---|---|---|
| प्रतापगढ़ | 111,290 | 145,088 | 33,798 |
| आजमगढ़ | 142,459 | 172,464 | 30,005 |
| गोरखपुर | 128,423 | 157,073 | 28,650 |
| हरदोई | 102,526 | 125,678 | 23,152 |
| जौनपुर | 156,827 | 177,855 | 21028 |
| बलिया | 104,278 | 125,049 | 20,771 |
| वाराणसी | 83,603 | 102,801 | 19,198 |
| बरेली | 67,358 | 78469 | 11,111 |
| अयोध्या | 77,343 | 91,030 | 13,687 |
| मुरादाबाद | 37,682 | 47,525 | 9,843 |
| रामपुर | 39,336 | 46,666 | 7,330 |
| शाहजहांपुर | 81,622 | 89,390 | 7,768 |
| कानपुर नगर | 60,803 | 78,234 | 17,431 |
| कानपुर देहात | 66,479 | 74,613 | 8,134 |



आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों के चुनावी प्रसारण के संबंध में बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

# आकाशवाणी व दूरदर्शन पर चुनावी प्रसारण के लिए स्लॉट आवंटित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के चुनाव प्रसारण के लिए मंगलवार को लॉटरी पद्धति से स्लॉट आवंटित किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में हुई स्लाट आवंटन की प्रक्रिया पूरी हुई।

प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों व राज्यीय दलों को आवंटित समय में रिकार्डिंग व प्रसारण तिथि का निर्धारण लॉटरी पद्धति से करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई।

निकाली गई लाटरी के अनुसार दूरदर्शन में प्रसारण के लिए सपा को कुल 53 मिनट, अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 30 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है। इसी प्रकार आकाशवाणी में प्रसारण के लिए अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, सपा को कुल 53 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 25 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है।

## हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पारित किया महत्वपूर्ण आदेश

# आचार संहिता के बाद पूर्व से जारी तबादला आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि आचार संहिता के लागू होने के बाद पूर्व से जारी स्थानांतरण आदेश को भी क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि ऐसे स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन के लिए चुनाव आयोग की अनुमति आवश्यक है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने जल संस्थान, झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने महाप्रबंधक मनोज

▸▸ **कहा, जल संस्थान झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता**

कुमार आर्या की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि 28 नवंबर 2023 को ही उसका तबादला झांसी से लखनऊ नगर निगम के वाटर वर्क्स डिपार्टमेंट में किया गया था। कहा गया कि 16 मार्च 2024 को अपरान्ह तीन बजे आम चुनावों की घोषणा के साथ देश में आचार संहिता लागू हो गई, उसी दिन याची का स्थानांतरण आदेश पारित करते हुए, अपरान्ह में ही उसे रिलीव कर दिया गया तथा रिलीव ऑर्डर रात को साढ़े आठ बजे उसे प्राप्त कराया गया। याची की ओर से आचार संहिता लागू होने के आधार पर स्थानांतरण व रिलीव आदेश को चुनौती दी गई। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने से पूर्व याची का स्थानांतरण व रिलीव आदेश जारी कर दिया गया था।

न्यायालय ने कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के प्रावधानों के मुताबिक, अधिसूचना जारी होने के पूर्व में पारित स्थानांतरण आदेश को भी चुनाव आयोग की अनुमति से ही क्रियान्वित किया जा सकता है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने स्थानांतरण व रिलीव आदेश दोनों को निरस्त कर दिया है।

## सार्वजनिक होगी वाराणसी रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना के पुनरीक्षित प्रारूप को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजते हुए इसे आम लोगों के लिए सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

शासन के नगर एवं आवास विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से दिए गए निर्देश में कहा गया है कि वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) प्रारूप का प्रतिवेदन को शासकीय समिति की बैठक में स्वीकृति दे दी गई है। इसके अनुपालन में प्राधिकरण बोर्ड से पुष्टि के साथ जन सामान्य के लिए महायोजना के मानचित्रों को प्राधिकरण के डिसप्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करें। गौरतलब है कि अब मुगलसराय तक होटल, काम्पलेक्स, स्ट्रीट बाजार, सड़क चौड़ीकरण कार्य में आसानी होगी।

# तीसरे चरण के लिए नामांकन 12 से

## पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को गर्मी व लू से बचाने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्वाचन अधिकरियों को पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीटों पर चुनाव होना है। इस चरण में सात मई को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून की भीषण गर्मी के दौरान हो रहे चुनाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग की लू के सम्बन्ध में की गई भविष्यवाणी के दृष्टिगत मतदेय स्थलों की समय से पहचान कर लें और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।

▸▸ **मतदेय स्थलों पर मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को लू से बचाने की तैयारी**

### शीतल जल की व्यवस्था अवश्य की जाए

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें टेंट, छतरियां, कुर्सियों की व्यवस्था हों। मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए जहां भी आवश्यक हों, पंखे आदि उपकरण भी लगाये जाएं। साथ ही, सभी मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। सभी मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाय।

### बीमारी से बचाव के लिए भी इंतजाम

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए। लू के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों के साथ ही स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय भी बनाकर रखें।

## जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेता तक भाषा की मर्यादा को भूल गये हैं। विरोधी दलों और नेताओं पर झूठे आरोप लगाना उनका स्वभाव है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य रहता है। 10 साल की सरकार में भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं किया। सपा प्रमुख ने यहां मंगलवार को जारी एक बयान में आगे कहा है कि भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा, भाजपाई सत्ता के मद में नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रहे हैं।



# सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाएंगी रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए रोडवेज सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए बसें उपलब्ध कराएगा। इसके लिए परिवहन निगम की 7 हजार से अधिक बसों को तैयार किया जा रहा है। इन बसों को चरण वार ड्यूटी में भेजा जाएगा। सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम को बसें उपलब्ध कराने का पत्र मिला है।

पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एलआर कुमार की ओर भेजे गए पत्र में निगम से सात चरणों के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए 7051 बसों की मांग की है। 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608, 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए 657, 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 1265 और अंतिम चरण एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसों की मांग की गई है।

▸▸ **पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सात हजार से अधिक बसों को कर रहा तैयार**

### 10 प्रतिशत रहेंगी रिजर्व

पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणों में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। ब्रेक डाउन के चलते 10 प्रतिशत रिजर्व वाहनों की भी आवश्यकता होगी। प्रति बस 45 जवानों के बैठने की व्यवस्था के लिए 52 सीटर बसें उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# गेहूं की बिक्री करने वाले किसानों को विशेष सुविधाएं देने की तैयारी

## किसी भी जिले का किसान किसी और जिले में बेच सकेगा गेहूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद को लेकर न केवल किसानों को विशेष सुविधा दी जा रही है बल्कि 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र भी संचालित हैं, जो बीते साल की तुलना में 600 अधिक हैं।

इन केन्द्रों पर अब तक 2,82,315 किसान पंजीकृत करा चुके हैं। केन्द्र पर दैनिक खरीद की कोई सीमा नहीं है। मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जा रही है। एक जिले का किसान किसी अन्य जिले में भी गेहूं विक्रय कर सकता है। 100 कुंतल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से छूट प्रदान की गई है। किसान की एक से अधिक तहसीलों में भूमि होने की स्थिति में भी एक साथ क्रय सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

▸▸ **गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र संचालित, बीते साल की तुलना में 600 अधिक**

▸▸ **100 कुंतल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से मिलेगी छूट**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और केंद्रीय सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को गेहूं खरीद की समीक्षा की। बैठक में प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने गेहूं खरीद के लिए किसानों के पंजीकरण की संख्या बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्र पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये।

मुख्य सचिव के मुताबिक, बीते सालों में क्रय केन्द्रों पर गेहूं अथवा धान विक्रय करने वाले किसानों को पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, केन्द्र प्रभारियों के मोबाइल नम्बर पर मिस्ड कॉल करके पंजीकरण, एमएसपी, विक्रय के बाद 48 घंटे में भुगतान, बटाईदारों से खरीद व क्रय केन्द्रों पर किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं आदि के बारे में जागरूक किया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद आलोक कुमार, खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

### बंगाल ले जाया जा रहा 52 पेटी प्रतिबंधित सिरप पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को 52 पेटी फेन्सेडिल कफ सिरप बरामद किया गया। यह सिरप नशे के रूप में सेवन करने के लिए पश्चिम बंगाल भेजी जा रही थी। टीम ने 20,800 शीशी कफ सिरप को बरामद करते हुए एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह ने बताया कि काफी दिनों से कफ सिरप एवं अन्य दवाओं को नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए बिहार, असम, पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश सप्लाई होने की सूचना मिल रही थी। मंगलवार को सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ से एक टाटा ट्रक सीरप लदकर कूचबिहार एवं पश्चिमी बंगाल के लिए निकलने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अहिमामऊ के पास चालक को गिरफ्तार कर लिया। चालक धर्मेंद्र ने बताया कि यह गाड़ी संतोष कुमार यादव की है, जोकि फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है।


## वर्ग पहेली-35

**बाएं से दाएं**

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

**ऊपर से नीचे**

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।



### वर्ग पहेली -34 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अं | ■ | 2 म | ति | ■ |
| 3 उ | प | धा | नी | ■ | ■ | 4 वा |
| ■ | ■ | धुं | ■ | 5 सु | रा | ही |
| ■ | 6 धुं | ध | 7 का | र | ■ | ■ |
| 8 से | ■ | ■ | 9 ला | सा | ■ | 10 गु |
| ब | ■ | ■ | प | ■ | ■ | ड़ी |
| ■ | 11 पि | स | न | हा | री | ■ |

### सुडोकू-114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | | 5 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 4 | | | 2 | | | | |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 7 | 2 | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू -113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17.32 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।


मेष
आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।


वृष
आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।


मिथुन
आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।



कर्क
आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।



सिंह
आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।


कन्या
आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।


तुला
आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।


वृश्चिक
आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।


धनु
आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।


मकर
आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।


कुंभ
आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।


मीन
आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी
सुबह : 10.53
बादशाह
रात : 07.01

&pictures
सैंडविच
सुबह : 10.43
प्लेयर्स
शाम : 04.22

SONY PIX
एनाकोंडा
सुबह : 09.44
बैड बॉयज़ II
रात : 09.00

ZEE CINEMA
बाम्बे टू बैंकॉक
सुबह : 10.15
दीवार
रात : 07.05

StarGold SELECT
छपाक
सुबह : 10.15
वीरे की वेडिंग
रात : 09.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.43 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड – जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
ब्वॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा – अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड – हां, अब बिल्कुल सही हो गया।
पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए – लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

# बदली अयोध्या तो बदल गया सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित

## मंदिर आंदोलन के विरोध ने बढ़ाई सपा की ताकत, अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग ने दिखाई बसपा को नई राह


राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** अयोध्या बदलने लगी तो सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित भी बदल गया। लगभग डेढ़ दशक से दोनों दलों के वोटों में गिरावट लगातार जारी है। इस चुनाव में क्या होगा यह तो समय बताएगा लेकिन दोनों दलों के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें है।

उत्तर प्रदेश में दोनों दलों को ऊर्जा अयोध्या से मिली। समाजवादी पार्टी का जन्म ही अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से हुआ। विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में सपा का गठन हुआ। जैसे-जैसे विरोध के स्वर तेज हुए अल्पसंख्यकों का साथ बढ़ता गया। जातीय सियासत और आंदोलन के विरोध ने सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता से देश में 36 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। सीटों की दृष्टि से सपा लोकसभा चुनाव 2004 में अपने शीर्ष पर रही, जब उसने महज 4.32 फीसदी वोट के साथ 36 सीटें जीती।

बसपा की स्थापना तो 14 अप्रैल 1984 में ही हो गई थी, लेकिन अयोध्या (अविभाजित फैजाबाद) में नब्बे के दशक से शुरू हुई बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उसे भी प्रदेश की सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता में तो वह बाद में आई लेकिन अपनी ताकत का अहसास कराना 2004 से ही शुरू करा दिया था। सन् 2004 के लोकसभा चुनाव में 5.33 फीसदी वोट के साथ बसपा ने 19 सीटें जीती। यह दौर बसपा और सपा का था। सन् 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। सन् 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 21 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। बसपा को इस चुनाव अब तक के सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की सत्ता के साथ ही बसपा की ताकत घटने का दौर भी शुरू हो गया।





सन् 2009 के चुनाव में सपा अपना सन् 2004 के लोक सभा चुनाव का पुराना प्रदर्शन तो नहीं दोहरा पाई लेकिन लगभग 5.8 फीसदी वोटों के साथ उसने 22 सीटें जीती। 2012 का विधानसभा चुनाव आते-आते सपा की ताकत चरम पर पहुंच गई। सपा ने बसपा से सूबे की सत्ता छीन ली और यूपी की सत्ता पर काबिज हो गई। वोटों के लिहाज से इक्कीसवीं शताब्दी के पहले 12 साल प्रदेश में इन्ही दोनों दलों को सिक्का चला। कभी साथ चले तो कभी एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए चरम के वाकयुद्ध तक पहुंच गए। इस दौर में वोटों का ध्रुवीकरण कुछ इस तरह हुआ कि यूपी में सत्ता संघर्ष के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर आमने-सामने रहीं। सन् 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपा और 2009 में अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के शताब्दी के दूसरे दशक से फिर उसे दोहराने का प्रयास ही करती रह गई। इनके वोटों में गिरावट का दौर थमा नहीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपने 4.2 फीसदी वोट को सीट में नहीं तब्दील कर पाई लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 3.66 फीसदी वोट को ही उसने 10 सीटों में तब्दील किया, लेकिन सपा उछाल नहीं भर पाई। वह इन दोनों चुनावों में 3.44 फीसदी और 2.55 फीसदी वोट पाने के बावजूद पांच ही सीटों पर स्थिर रह गई।

इसके पीछे कारण राम मंदिर आंदोलन, ध्रुवीकरण और जातीय सियासत ही रही। सन् 2014 का लोकसभा चुनाव आते आते सियासी परिदृश्य बदलने लगा। सियासत की अंतरधारा में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की बजाए अंदरखाने में मोदी के नेतृव में मंदिर निर्माण शुरू कराने की ऐतबार जागृत करने का प्रयास शुरू हो गया। भाजपा ने इसके जरिए सूबे में बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की धार कुंद करनी शुरू कर दी। जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न होने लगा। सपा का आंदोलन विरोध धीमा पड़ने लगा। सत्ता के दौरान कानून व्यवस्था मुद्दा बनने लगा तो उसके वोट भी तितर-बितर हो गए। परिणाम रहा कि सन् 2014 में भाजपा के सामने दोनों दल टिक नहीं पाए। सन् 2019 का लोक सभा चुनाव आते-आते फिर एक बार राम मंदिर पर लगातार सुनवाई और फैसले की सुगबुगाहट ने सियासी माहौल को बदले रखा। मशक्कत के बाद भी सपा-बसपा भाजपा की बढ़त को रोक नहीं पाए।

**सपा-बसपा को लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का प्रतिशत**

| साल | बसपा | सपा |
|---|---|---|
| 1996 | 4.02 | 3.28 |
| 1998 | 4.67 | 4.93 |
| 1999 | 4.16 | 3.8 |
| 2004 | 5.33 | 4.32 |
| 2009 | 6.17 | 5.8 |
| 2014 | 4.19 | 3.4 |
| 2019 | 3.66 | 2.55 |

# मिलता-जुलता चुनाव चिन्ह बदला जाये : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**मांग**

- **लोकसभा सीट बिजनौर में गैस सिलेंडर में निकले पाइप को लेकर आयोग को रालोद ने सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट बिजनौर में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में वितरित किये जा रहें बैलेट पेपर की डमी पर रालोद ने ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज कराई है। रालोद ने निर्वाचन आयोग से चुनाव चिन्ह हैंडपंप के ऊपर मिलता जुलता गैस सिलेंडर में पाइप चुनाव निशान का क्रम या चुनाव चिन्ह बदलने की मांग की गई है।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष मतदान कराने सम्बन्धित ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा है कि सर्वे हेतु बैलेट पेपर द्वारा जनमत भारत में अंकित हैंडपंप चुनाव चिन्ह के ऊपर जय समता पार्टी के चुनाव निशान गैस सिलेंडर, ठीक हैण्डपम्प से मिलता जुलता छापा गया है। उक्त सिलेंडर में पाइप निकाला गया है जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लोकसभा बिजनौर के बैलेट पेपर की क्रम संख्या-तीन के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर का क्रम बदलने व चुनाव चिन्ह सिलेंडर से पाइप हटाने के आदेश दिये जाने की मांग की है।

# नारी शक्ति का 'वंदन' नहीं दिख रहा चुनाव में

## पहले व दूसरे चरण के चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या कम, ज्यादातर दलों ने दी पुरुष प्रत्याशियों को तरजीह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2024 में राजनीतिक दलों ने महिला प्रत्याशियों को टिकट देने में ज्यादा रूचि नहीं दिखाई है। पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों पर उतारे गये प्रत्याशियों में महिला प्रत्याशियों की संख्या केवल चार है। ज्यादातर सीटों पर दलों ने जातीय व क्षेत्रीय आधार पर प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं।

केंद्र सरकार ने बीते साल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पेश किया था, जिसे राष्ट्रपति से मंजूरी मिल चुकी है, पर तकनीकी वजहों से फिलहाल अभी यह लागू नहीं हो पाया है, पर महिलाओं में यह उम्मीद थी कि इस चुनाव में सभी राजनीतिक दल महिलाओं को प्रत्याशी बनाने में रूचि दिखाएंगे, पर किसी दल से ऐसा नहीं किया। ज्यादातर सीटों पर पुरूष प्रत्याशी लोकसभा में जाने के लिए अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

### पहले चरण की सीटें

रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना



**रामपुर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- घनश्याम सिंह लोधी
सपा- मोहिबुल्लाह नदवी
बसपा- जीशान खां

**सहारनपुर सीट के प्रत्याशी**
बसपा- माजिद अली
कांग्रेस-इमरान मसूद
भाजपा-राघव लखन लाल शर्मा

**पीलीभीत सीट के प्रत्याशी**
भाजपा-जितिन प्रसाद
सपा-भगवत शरण गंगवार

**मुरादाबाद सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- सर्वेश सिंह
सपा- रूचि वीरा
बसपा- इरफान सैफी

**नगीना सीट के प्रत्याशी**
बसपा- सुरेंद्र पाल सिंह
भाजपा- ओम कुमार
सपा- मनोज कुमार

**बिजनौर सीट के प्रत्याशी**
राष्ट्रीय लोकदल- चंदन चौहान
सपा-दीपक
बसपा-विजेंद्र सिंह
बसपा अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू

**मुजफ्फरनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- संजीव बालियान
सपा- हरेंद्र मलिक
बसपा- दारा सिंह प्रजापति

**कैराना सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- प्रदीप कुमार
सपा- इकरा हसन
बसपा- श्रीपाल सिंह

### दूसरे चरण की सीटें

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

**अमरोहा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- कंवर सिंह तंवर
कांग्रेस- कुंवर दानिश अली
बसपा- मुजाहिद हुसैन

**मेरठ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- अरूण गोविल
बसपा- देवव्रत कुमार त्यागी,
समाजवादी पार्टी- अतुल प्रधान

**बागपत सीट के प्रत्याशी**
सपा- मनोज चौधरी
बसपा- प्रवीण बंसल
रालोद- राजकुमार सांगवान


**गाजियाबाद सीट के प्रत्याशी**
बसपा- नन्द किशोर पुण्डीर
भाजपा- अतुल गर्ग
कांग्रेस- डाली शर्मा

**गौतमबुद्धनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- डॉ महेश शर्मा
सपा- महेंद्र सिंह नागर
बसपा- राजेंद्र सिंह सोलंकी

**बुलन्दशहर (अजा) सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- डॉ भोला सिंह,
बसपा- गिरीश चन्द्र
कांग्रेस- शिवराम वाल्मीकि


**अलीगढ़ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- सतीश कुमार गौतम
सपा- बिजेन्द्र सिंह
बसपा- हितेन्द्र कुमार

**मथुरा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- हेमा मालिनी
कांग्रेस- मुकेश धनगर
बसपा- सुरेश सिंह




# आईना : बाराबंकी लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| उपेन्द्र सिंह रावत | 5,35,917 |
| राम सागर रावत | 4,25,777 |
| तनुज पुनिया | 1,59,575 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रियंका सिंह रावत | 4,54,214 |
| कांग्रेस | पन्ना लाल पुनिया | 2,42,336 |
| बसपा | कमला प्रसाद रावत | 1,67,150 |
| सपा | राज रानी रावत | 1,59,284 |


### निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | कांग्रेस |
| 1957 | राम सेवक यादव | निर्दल |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी |
| 1980 | राम किंकर | आईएनपी( एस) |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस |
| 1989 | राम सागर | जेडी |
| 1991 | राम सागर | जेपी |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी |
| 2009 | डॉ .पीएल पुनिया | कांग्रेस |
| 2014 | प्रियंका सिंह | भाजपा |
| 2019 | उपेद्र सिंह रावत | भाजपा |

बाराबंकी के क्षेत्र




### 2009 चुनाव के आंकड़े




# 17 लोकसभा चुनाव, 7 बार 50 फीसदी से कम वोटर पहुंचे बूथ

- **2019 में बना कीर्तिमान, 1951 में सबसे कम हुआ मतदान**
- **स्थानीय प्रशासन ने 70 फीसदी से ज्यादा मतदान का बनाया लक्ष्य**

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाराबंकी के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं 2019 में यहां के वोटरों ने अब तक के सबसे ज्यादा मतदान कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस बार भी प्रशासन 2019 का रिकार्ड तोड़ने के लिए भरपूर प्रयास में लगा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इस बार 70 फीसदी से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य बनाया है। वर्ष 1951 के चुनाव में मात्र 34.10 प्रतिशत ही मतदाता बूथ पर पहुंचे थे। लेकिन दूसरे लोकसभा चुनाव में वर्ष 1957 में जरुर मतदान प्रतिशत बढ़ा और 44.91 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

1967 में वोटरों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। और 53.97 प्रतिशत मतदान कर अपने सांसद का चुनाव किया। वही अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सात बार जिले के 50 प्रतिशत से कम लोग बूथ तक मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। वहीं सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 में हुआ था। इस चुनाव में 63.5 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों पर पहुंच कर मतदान किया था। जो कि अब तक का कीर्तिमान बना हुआ है।

> मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 20 मई को घर से निकल अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें इसके बाद कोई दूसरा काम करें।
>
> -सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत**

| चुनाव वर्ष | प्रतिशत | चुनाव वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 34.10 | 1989 | 52.59 |
| 1957 | 44.91 | 1991 | 51.19 |
| 1962 | 53.97 | 1996 | 46.23 |
| 1967 | 46.79 | 1998 | 52.59 |
| 1971 | 35.38 | 1999 | 57.93 |
| 1977 | 50.72 | 2004 | 44.47 |
| 1980 | 47.59 | 2009 | 52.30 |
| 1984 | 55.93 | 2014 | 62.00 |
| | | 2019 | 63.05 |

# सुलतानपुर में पंत व कैप्टन के पंजे से फिसल गई थी जीत

## स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर दोनों नेताओं को मिली थी शिकस्त, गनपत सहाय ने निर्दलीय के रूप में लहराया जीत का परचम

मनोज कुमार मिश्र

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सुलतानपुर के मतदाताओं ने कई चुनावों में बेहद रोचक नतीजे दिए हैं। स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे ने जहां गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्णचन्द्र पंत को धूल चटा दी। वहीं कैप्टन सतीश शर्मा को भी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

कृष्णचन्द्र पंत को जिले के मशहूर अधिवक्ता गनपत सहाय ने हरा दिया। कैप्टन सतीश शर्मा को मो. ताहिर खान से मुंह की खानी पड़ी। कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। बाहरी और स्थानीय उम्मीदवार की लड़ाई का सबसे दिलचस्प नजारा इस सीट पर 1961 के उपचुनाव में देखने को मिला था। उस उपचुनाव की चर्चा से पहले इस सीट की सियासी पृष्ठभूमि देखना होगा। अमेठी नाम से संसदीय सीट के सृजन से पहले सुलतानपुर जिले में दो संसदीय सीटें थीं। 1951-52 के पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट का नाम था सुलतानपुर जिला उत्तर साथ फैजाबाद जिला दक्षिण पश्चिम। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुलतानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाई।


कृष्णचन्द्र पंत


कैप्टन सतीश शर्मा

कांग्रेस ने दोनों ही चुनावों में दोनों ही सीटों पर बाहरी उम्मीदवार दिए और वे जीते। पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट पर इलाहाबाद के एडवोकेट एमए काजमी कामयाब रहे। उन्हें 46,901 और सुरेंद्र प्रताप शाही (आरआरपी) को 27,324 वोट मिले थे।

1957 में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार थे पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय। उनके विरुद्ध भारतीय जनसंघ के भास्कर प्रताप शाही चुनाव लड़ें थे। सफल मालवीय को 72,227 और निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाही को 49,394 मत प्राप्त हुए। इन दोनों मौकों पर अमेठी सीट (पहले सुलतानपुर दक्षिण और फिर मुसाफिरखाना) में कांग्रेस ने महाराष्ट्रवासी बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर को उम्मीदवार बनाया था। केसकर दोनों बार जीते और पंडित नेहरू कैबिनेट में भी शामिल किए गए और लम्बे समय तक सूचना प्रसारण मंत्री रहे। जिले की दोनों सीटों पर बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने से खासतौर पर कांग्रेसी खेमे में असंतोष था। पंडित गोविंद मालवीय के असामयिक निधन के कारण 1961 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने फिर परंपरा दोहराई। इस बार उसकी ओर से उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र में गृहमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्ण चंद्र पंत को उम्मीदवार बनाया गया। जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और मशहूर एडवोकेट बाबू गनपत सहाय विद्रोही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे। वह सुलतानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष व विधायक रह चुके थे। अधिवक्ता भी थे और उनकी जनता में खासी पकड़ थी। यह पंडित नेहरू और कांग्रेस के वर्चस्व का दौर था, लेकिन कड़े मुकाबले में बाबू गनपत सहाय ने जीत दर्ज करके प्रदेश और केंद्र में हलचल मचा दी थी। इस उपचुनाव में बाबू गनपत सहाय को 37,785 और पंत को 36,656 वोट मिले थे। इस नतीजे का असर यह रहा कि 1962 के चुनाव और बाद के कुछ चुनावों में जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवारों से परहेज किया। हालांकि, कुछ समय के बाद फिर से चुनावी सियासत उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। अब बात करते हैं नेहरू गांधी परिवार के खासमखास कैप्टन सतीश शर्मा की।

कांग्रेस ने 2004 में कैप्टन साहब को सुलतानपुर सीट पर उतारा। बड़े-बड़े दिग्गज यहां प्रचार को आए। कैप्टन की बेटी सारिका शर्मा से लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी कार्यकर्ताओं में दम भरा। खूब खर्चे भी हुए। पर, नतीजा आया तो कांग्रेसी खेमे में मायूसी छा गई। इस चुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा तीसरे नंबर पर रहे। बसपा से चुनाव मैदान में उतरे स्थानीय चेहरे मो. ताहिर खां के सिर पर जीत का सेहरा सजा। मो. ताहिर 2,61,564 वोट पाकर सांसद बन गए। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,754 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा को 1,54,245 मत ही प्राप्त हो सके।

**सन- 1961 (उपचुनाव)**

| | | |
|---|---|---|
| बाबू गनपत सहाय | निर्दलीय | 37,785 |
| कृष्णचंद्र पंत | कांग्रेस | 36,656 |

**वर्ष : 2004**

| | | |
|---|---|---|
| मो . ताहिर | बसपा | 2,61,564 |
| शैलेंद्र प्रताप सिंह | सपा | 1,59,754 |
| कैप्टन सतीश शर्मा | कांग्रेस | 1,54,245 |
| वीणा पांडेय | भाजपा | 91328 |

## चुनावी गतिविधियां

- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट व पेपर वास्तविक यूनिट व पेपर से अलग होने चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
चन्दौसी- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूँदड़ा | 2275-2300 |
| आर.आर.21 | 2450-2500 |
| गेहूँफारम | 2550-2600 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 8300-8700 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल | 13500-13600 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4950-5000 |
| मसूरमलका | 7150-7250 |
| मसूरदाल | 7250-7350 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती न01. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती न02. | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1440 |
| मैदा | 1410-1440 |
| सूजी | 1480-1500 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1380-1400 |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 |
| अण्डी | 4600-4700 |

# जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

## राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

• सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला




**अमृत विचार:** जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थडंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

### 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74.3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16.2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

# 240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



• दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।

### वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

### कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32.24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18.91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 793 (अनुमानित) |

# मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

• समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

## सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

## विनिर्माण कंपनियों का सर्वे आरबीआई ने किया शुरू

**मुंबई।** आरबीआई ने विनिर्माण कंपनियों के तिमाही ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे का अगला दौर शुरू किया है। इस सर्वे से केंद्रीय बैंक को अपनी मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलती है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सर्वे का 65वां दौर जनवरी-मार्च, 2024 (2023-24 की चौथी तिमाही) के लिए है। रिजर्व बैंक 2008 से तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे आयोजित कर रहा है। सर्वे में जुटाई जानकारी में में मिले नए ऑर्डर, मौजूद ऑर्डर और तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर के आंकड़े हैं।

## जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।



# प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

## भूपतिनगर मामलः प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी



• ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।

### एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

**कोलकाता।** प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

## द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

**चेन्नई।** ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

# टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी




निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।

### टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

## एक नजर

### नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

### लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

# कांग्रेस नेता सुरजेवाला को निर्वाचन आयोग का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



• सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी करने का मामला
• 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने का निर्देश

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को अभिनेत्री से नेता बनीं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ उनकी कथित अमर्यादित टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। दोनों नेताओं को निर्वाचन आयोग को जवाब देने को कहा गया है।

सुरजेवाला से 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने को कहा गया है, जबकि खरगे को अगले दिन शाम तक का वक्त दिया गया है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने पिछले महीने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा किया और कांग्रेस नेता सुरजेवाला पर मथुरा सीट से पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी के खिलाफ 'अपमानजनक और महिला विरोधी' टिप्पणी करने का आरोप लगाया। बाद में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सुरजेवाला के खिलाफ शिकायत की थी। हालांकि, सुरजेवाला ने दावा किया था कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ ने झूठ फैलाने के लिए अभिनेत्री हेमा मालिनी से संबंधित टिप्पणी वाले उनके वीडियो में काट-छांट की। उन्होंने यह भी कहा था कि वह लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी का सम्मान करते हैं।

# मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

**चेन्नई।** द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

# भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी



पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।

# चुनाव लड़ने वाले के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।

किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।

गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।

